खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम : 24°C

नई दिल्ली, रविवार 28 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 177 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील पेज 2



भारतीय तीरंदाज शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन खेल टाइम्स



पाकिस्तान पीएम के यूएन में बयान बेतुकेः भारत पेज 11




अरशद वारसी की 'भागवत' जल्द होगी रिलीज बॉलीवुड

# तमिलनाडुः एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 29 की मौत

## मृतकों में कई बच्चे भी शामिल, 30 से ज्यादा लोग घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**नमक्कल।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मच गई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमणियन ने बताया कि हादसे में 29 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हैं।

बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। तमिलगा वेत्री कझगम प्रमुख और एक्टर विजय की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ने लगे। अभिनेता से नेता बने विजय लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों के बेहोश हो जाने से वह भाषण बीच में छोड़कर रैली से निकल गए। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची। बताया जाता है कि भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया। अचानक से वहां मौजूद लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। इसके बाद

**■ एक्टर विजय अपना भाषण बीच में छोड़कर रैली से चले गए**

अभिनेता विजय ने अपना भाषण रोक दिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने लगे। उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वह जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें एंबुलेंस तक पहुंचाएं। भगदड़ मचते ही एक्टर विजय अपना भाषण बीच -शेष पृष्ठ दो पर



# वांगचुक का पाकिस्तान कनेक्शनः लद्दाख डीजीपी

**लेह, वार्ता**



**सोनम वांगचुक** पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य को पकड़ा था। वह वांगचुक से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था।

यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर एनएसए लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितम्बर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80

**■ जासूस से संपर्क का दावा, पाक व बांग्लादेश दौरा भी किया, वांगचुक जोधपुर जेल में बंद, एनएसए लगाया**

लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। लेह हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस फूंक दिया था। सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी थी। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे, तो आयोजकों को -शेष पृष्ठ दो पर

### घुसपैठ के लिए LOC पार आतंकी मौजूदः बीएसएफ

**श्रीनगर।** कश्मीर में घुसपैठ करने की फिराक में आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्चिंग पैड पर मौजूद हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला जिलों में उनके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र (एओआर) के सामने स्थित लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला है। श्री यादव ने श्रीनगर में वुलर मैराथन के लिए आयोजित एक टी-शर्ट अनावरण समारोह के बाद कहा कि आतंकवादी हमारी सीमा में घुसपैठ की फिराक में मौका तलाश रहे हैं, आतंकवादी अक्सर खराब मौसम में सीमा पार करने की कोशिश करते हैं और उनकी ये कोशिशें लगातार जारी रहती हैं।

### सेना अनंत शस्त्र एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को लगभग 30 हजार करोड़ में अनंत शस्त्र सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है।

### राहुल गांधी चार देशों की विदेश यात्रा पर हुए रवाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी इस यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका के ब्राजील कोलंबिया सहित चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे।

# उप्र में अब न नाकाबंदी और न कर्फ्यू : योगी

## कहाः बरेली में एक मौलाना भूल गया था यूपी में सरकार किसकी है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को सीएम योगी ने कहा कि बरेली में एक मौलाना भूल गया कि राज्य में सत्ता किसकी है। उसे लगा कि वो जब चाहे व्यवस्था को रोक सकता है, लेकिन हमने साफ कर दिया कि न तो नाकाबंदी होगी और न ही कर्फ्यू, लेकिन हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी। 2017 से पहले यूपी में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।

सीएम ने कहा कि जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्ही के लिए हमने बुलडोजर बनाया था। पहले दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफियाओं के सामने सत्ता सेल्यूट करती थी। सत्ताधारी लोग उनके कुत्तों के साथ हाथ मिलाया करते थे। आपने बहुत दृश्य देखे होंगे, कैसे सत्ता का मुखिया एक माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर अपने को गौरवान्वित -शेष पृष्ठ दो पर




## मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार, 3000 अज्ञात पर केस

**बरेली -ब्यूरो।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान समेत आठ लोगों को बगैर अनुमति जुलूस निकालने, भड़काऊ नारेबाजी के आरोप में पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हिंसा मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मौलाना तौकीर समेत आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न

**■ एसआईटी का गठन, इंटरनेट सेवा बंद**

आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आठ लोगों को अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि तीन हजार अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बगैर अनुमति जुलूस निकालने, हिंसा भड़काने और भड़काऊ नारेबाजी करने के आरोप में कुल दस एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें पांच कोतवाली कैंट में, एक किला थाने पर और बारादरी में शामिल है।

## 11 साल के छात्र की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** 11 साल के जन्मेश सागर ने सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

स्टूडेंट का कहना है कि सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 7 और 8 में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने की दिल्ली सरकार की नीति गलत है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट पिटीशन में कहा गया है कि यह एंट्रेंस टेस्ट संविधान के अनुच्छेद 21-ए (निःशुल्क और

**■ सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम शिक्षा के अधिकार के खिलाफ**

अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) और बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट) की धारा 13 का उल्लंघन है। आरटीई अधिनियम की धारा 13 स्पष्ट रूप से स्कूल एडमिशन में किसी भी स्क्रीनिंग प्रोसेसर पर रोक लगाती है।

## एक लाख का इनामी जुबैर उर्फ कालिया ढेर

**रामपुर -ब्यूरो।** गोरखपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र दीपक की हत्या का मुख्य आरोपी जुबैर उर्फ कालिया को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने रामपुर जिले के थानागंज क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस घटना में एक दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। पुलिस को चेकिंग के दौरान थानागंज के क्षेत्र चाकू चौराहे पर एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा

**■ चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक फरार**

रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देखकर पुलिस पर कई राउंड फायर कर दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली से एक युवक मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। जांच पड़ताल में पता चला कि घायल युवक बदमाश जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी है। रामपुर का मूल निवासी जुबैर उर्फ कालिया थाना गंज के क्षेत्र घेर मरदान खान का रहने वाला था और उसे पर करीब 17 मुकदमे आयद हैं। इन मुकदमों में हत्या, हत्या का प्रयास, गोकशी आदि मुकदमे शामिल हैं। पुलिस द्वारा जिला अस्पताल घायल अवस्था में ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहीः मोदी

**कहा- हमने टैक्स घटाया, वो अब भी लूट में लगे, टू-जी का दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे**

**भुवनेश्वर, वार्ता**

**पीएम मोदी** शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4-जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की।



ओडिशा के झारसुगुड़ा में महिलाओं ने पीएम को स्थानीय कलाकृति भेंट की। पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा से 60 हजार करोड़ रुपये के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पीएम मोदी के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। पीएम मोदी ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ओडिशा को गुजरात से जोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उनकी सरकारें आपको लूटने में जुटी हैं। मेरे पास सबूत हैं। हमने देश के लोगों को लाभ देने के लिए टैक्स कम किया, सीमेंट से भी टैक्स घटा। हमारा मकसद था लोगों को घर बनाने में कम पैसा खर्च करना पड़े। 22 सितम्बर के बाद बयानबाजी करने वालों की करतूत देखिए। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, वहां वे आम जनता को सुख देना नहीं चाहते। उन्होंने अपना एक नया ही टैक्स लगा दिया। भारत सरकार की तरफ से जो फायदा दिया जा रहा था वे दीवार बनकर लूट में लगे हैं।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- आंखे पथराना
- मुट्ठियां कसना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- मुंह से झाग निकलना
- अचानक झटका-सा लगना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### पटियाला में आग में जलकर चार लोगों की मौत

**राजपुरा (पटियाला)।** पंजाब के राजपुरा शहर में शुक्रवार की रात भोगल रोड स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय जगदीश कुमार, उनकी पत्नी, 18 वर्षीय साला और 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा शामिल है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले परिवार के चारों सदस्य जलकर मर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और कुछ ही मिनटों में घर के अंदर से धुआं और लपटें उठने लगीं। पड़ोसियों ने मदद के लिए शोर मचाया, तुरंत दमकल और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

### लखनऊ की गलियों में हथियार लेकर घूमते दिखे संदिग्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में तीन युवकों के हथियारनुमा राइफल के साथ देर रात गलियों में घूमने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना 23 सितम्बर की रात की है, जिसका फुटेज कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। न्यू हैदरगंज वार्ड की रीफा कॉलोनी में तीन युवक एके-47 जैसी दिखने वाली राइफल लेकर टॉर्च की रोशनी से घर-घर झांकते दिखाई दिए। स्थानीय ने फुटेज देखकर इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं और अफवाहें फैल गईं।

### बिलों की अधिक गहराई से होगी पड़ताल


# संसद की स्थायी समितियों का बढ़ेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

संसद की स्थायी समितियों के कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि समितियों का कार्यकाल को बढ़ाया जाए, ताकि काम में निरंतरता और सुधार लाया जा सके।

सांसदों की मांग के बाद सरकार संसदीय स्थायी समितियों के कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है। यह बदलाव खास तौर से समितियों के कामकाज में निरंतरता बनाए रखना और विधेयकों, महत्वपूर्ण मामलों को अच्छे से करने की उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

हाल में में स्थायी समितियों का गठन हर साल किया जाता है और उनका कार्यकाल 26 सितंबर को पूरा हो जाता है। कई सांसदों ने



**समितियों का गठन हर साल होता है, 26 सितम्बर को पूरा हो रहा कार्यकाल**

चिंता जताई है कि एक साल का छोटा कार्यकाल समितियों के लिए चयनित विषयों के लिए काफी नहीं है और गुणवत्तापूर्ण काम करने में रुकावट है। सांसदों का कहना है कि हर साल नए सदस्यों के आने से काम की निरंतरता टूटती है और काम प्रभावित होता है। अब सांसदों के इस अनुरोध पर सरकार विचार कर रही है और जल्द ही फैसला लिया जा सकता है। अगर समितियों के कार्यकाल दो साल कर दिया गया, तो इसके कई फायदे देखने को मिलेंगे। समितियों के पास विधेयकों, बजट और विभिन्न रिपोर्टों को ज्यादा गहराई से समझने और उनकी छानबीन करने के लिए और ज्यादा समय मिल सकेगा। सदस्यों के दो साल तक बने रहने से समितियों के काम में स्थिरता आएगी और लंबे प्रोजेक्ट बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। सदस्यों में ज्यादा समय मिलने से विभागों और विषयों की बेहतर समझ विसकसित हो सकेगी। खबरों के मुताबिक के मुताबिक कार्यकाल बढ़ने के बावजूद ज्यादातर समितियों के अध्यक्ष पद वैसे ही बने रह सकते हैं। हालांकि सरकार कुछ सांसदों की मांगों के आधार पर कुछ समितियों के सदस्यों में बदलाव कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील की

**नई दिल्ली।** हिमालय पर आ रही प्राकृतिक आपदाओं को लेकर प्रबुद्ध नागरिकों ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पत्र लिखा है और हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी को तत्काल संज्ञान में लेने की अपील करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े। देश के इन प्रबुद्ध नागरिकों ने चार धाम परियोजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण की अनुमति देने वाली अदालत के पूर्व निर्णय की समीक्षा की मांग की है। प्रबुद्ध नागरिकों ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश में 'अस्तित्वगत के संकट' की बात स्वीकार करने का जिक्र करते हुए कहा कि इसी तरह की स्थिति से पूरे पश्चिमी हिमालय, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे देश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखकर यह अनुरोध पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, संघ विचारक के एन. गो. विंदाचार्य, पूर्व सांसद डा. कर्ण सिंह, प्रसिद्ध लेखक रामचंद्र गुहा, सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह और रंजीता रंजन, इतिहासकार शेखर पाठक, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सहित 59 राजनेताओं, पर्यावरणविंदों, भूवैज्ञानिकों, वन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया है। पत्र में उच्चतम न्यायालय की उस चेतावनी का भी जिक्र है, जिसमें कहा गया है कि हिमाचल में पर्यावरण का जो संकट है यदि उस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।

# अलीगढ़ में बाइक शोरूम मालिक के बेटे की हत्या

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में शुक्रवार रात थाना रोरावर क्षेत्र में देर रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक शो रूम के मालिक के बेटे अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिषेक की मौके पर मौत हो गई। घटना खैरेश्वर चौराहे पर हुई, उस समय अभिषेक अपने पिता और चचेरे भाई जीतू के साथ सिकंद. राराव जाने के लिए बस में सवार हो रहा था।

परिजनों ने हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ डा. पूजा शकुन पांडे और राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडे पर ब्लैकमेलिंग और पैसे के लेन-देन का आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने अशोक पांडे को हिरासत में ले लिया हैऔर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुता. बिक शुक्रवार रात को अभिषेक गुप्ता अपने परिवार के साथ सिकंदराराव के लिए बस का इंतजार कर रहा था। तभी वहां दो



**पिता ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप**

बाइक सवार बदमाश पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली अभिषेक के मुंह पर लगी, परिवार के लोगों को भी निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। फौरन ही पुलिस को सूचना दी गई। थाना रोरावर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, अभिषेक को अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्राइम सीन पर फोरेंसिक टीम ने सुबूत जुटाए हैं।

# ग्राम पंचायतें बीएसएनएल से जोड़ीं: योगी

### बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क व भारत नेट परियोजना का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवाओं को उत्तर प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ दिया है।

योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और



अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4-जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5जी और 6जी की भी तैयारी है। उन्होंने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है।

# अतीक-अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो

### बरेली बवाल के बाद बोले मौलाना तौकीर रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा ने देर रात एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तौकीर रजा कहते दिखाई दे रहे हैं कि अतीक और अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना मुझे कबूल है। मैं नजरबंद हूं और मुझको घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। मौलाना ने इस पूरे घटनाक्रम को साजिश बताया। वीडियो में मौलाना ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

मौलाना ने कहा कि प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने से रोक रहा है। यह पूरा मामला एकतरफा है और मुसलमानों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। मौलाना ने कहा हमने अमन का रास्ता अपनाया। हम नमाज पढ़ते रहे, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन हमें झूठे बयानों से बदनाम किया गया। तौकीर रजा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी लेटरपैड पर बयान जारी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, उतना ही ज्यादा सामने आएगा। मौलाना ने इसे पूरी तरह से साजिश करार दिया और कहा कि मुसलमानों को बदनाम करने की योजना के तहत यह सब किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि दंगे के लिए मुसलमान जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि पुलिस-प्रशासन ने माहौल खराब किया है। मुसलमानों ने कोई पत्थरबाजी नहीं की, अगर दंगा नहीं हुआ, तो भी पुलिस-प्रशासन ने मुसलमानों पर फसाद का आरोप लगाया। असल में शांति को नुकसान पुलिस ने पहुंचाया है। मौलाना ने साफ कहा कि एकतरफा कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मोहम्मद साहब के नाम पर जान देने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन प्रशासन का यह रवैया गलत है।

### लखनऊ की सड़कों पर लगी आई लव योगी और आई लव बुलडोजर की होर्डिंग्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं, तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गईं। दरअसल विवाद की शुरुआत 9 सितम्बर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए गए।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी: सिंधिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा।

मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरद. राज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किए गए एक लेख में लिखा है, यह प्रौद्योगिकी विक.



सित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंच. ार मंत्री ने कहा है कि मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4-जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4-जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था, लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4-जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुलनदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है।

### सोना और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमत नवरात्र शुरू होते ही कम हो गई है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,040 रुपये के आसपास रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 143100 रुपये रहा। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिन एक ही कीमत मान्य होगी। यानी आप इसी रेट पर सोना-चांदी खरीद सकेंगे। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट का भाव 1,15,040 रहा। मुंबई में 1,14,890, अहमदाबाद में 1,14,940, चेन्नई में1,15,100, कोलकाता में1,14,890, लखनऊ में 1,15,040, बेंगलुरु में 1,14,890 तथा जयपुर में 1,15,040 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,43,000 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 14,640.36 , कोलकाता में 1,39,000, लखनऊ में 1,44,100 और पटना में 1,44,622 रुपये प्रति किलो रहा। हालांकि शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार के दिन सोने के दामों में मामूली अंतर ही देखने को मिला है।

# 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया

**मुंबई।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया, जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है।

टाटा कंसल्टेसी ने यहां एक बयान में कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जो 4-जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विक. सित किया है। टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी ने कहा है कि इस



परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4-जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। बीएसएनएल के सीएमडी ए. रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4-जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु:...**

में छोड़कर रैली से चले गए। एक्टर विजय की रैली में जुटी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मची, जिससे हालात बिगड़ गए। एक्टर विजय ने 2 फरवरी को अपनी पार्टी लॉन्च की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। चुनाव आयोग ने 8 सितम्बर को उनकी पार्टी को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी थी। विजय पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। 30 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थलपति 69 उनकी आखिरी फिल्म होगी। थलपति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी आल इंडिया थलपति विजय मक्कल इयक्कम बना ली। इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है, तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था। एक्टर विजय थलापति ने 22 अगस्त को अपनी पार्टी का फ्लैग और सिम्बल जारी किया था। विजय थलापति 420 करोड़ रुपये के मालिक हैं साउथ एक्टर विजय फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना 120 करोड़ रुपये कमाई करते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 420 करोड़ रुपए है। विजय अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थित बीच होम में रहते हैं। वहीं उनके कार कलेक्शन में रोल्स रायस घोस्ट भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 2.6 करोड़ रुपए है। ये गाड़ी उन्होंने इंग्लैंड से इम्पोर्ट करवाई है।

**वांगचुक का...**

शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना, हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ ने न तो पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया और न ही चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं, बल्कि सीधे अंधाधुंध फायरिंग की। सोनम वांग. चुक को पहले से अंदेशा था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर कभी भी गिरफ्तार होना पड़े तो मुझे खुशी होगी, लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी से माहौल शांत होने के बजाय और बिगड़ सकता है। माना जा रहा है कि इससे लद्दाख के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच चल रही बातचीत पर भी असर पड़ सकता है। वांगचुक पिछले पांच साल से लद्दाख के अधिकारों की लड़ाई का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि वांगचुक हिंसा भड़काने वाले व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

**उप्र में...**

महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि हर जिले के अंदर एक माफिया दे दिया था और हर माफिया को जिले के अंदर समानांतर सरकार चलाने की पूरी छूट दे दी थी। उत्तर प्रदेश न केवल बीमारू राज्य था, बल्कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों के सामने पहचान का संकट भी था। हर व्यक्ति अपनी पहचान के लिए मोहताज था, न बेटी सुरक्षित न व्यापारी सुरक्षित। खेतीबाड़ी चौपट किसान आत्महत्या करता था, नौजवान की नौकरी पर सेंध लगती थी। उसकी नीलामी होती थी, चाचा-भतीजा दोनों वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था, ट्रांसफर पोस्टिंग में इनके दलाल बोली लगाया करते थे और आप भी देखते होंगे जब हम ट्रांसफर पोस्टिंग करते हैं, तो आज भी उनकी पीड़ा झलक उठती है। हम लोगों ने उनके उस अनैतिक अवैध व्यापार पर कैसे प्रहार किया है? उनके सभी चेले चपाटे किस प्रकार से चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। उन लोगों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब बेईमान और भ्रष्ट लोग सत्ता में आते हैं, तो वे उस सत्ता का शोषण और दुरुपयोग करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। हमने बुलडोजर उन्हीं लोगों के लिए बनाया है, जो जाति के नाम पर लोगों को भड़काते हैं और परिवार के नाम पर उनका शोषण करते हैं। सीएम योगी उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में एक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कुछ लोग हैं, जिनको शांति अच्छी नहीं लगती। जब भी कोई हिन्दू पर्व आता है इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। सबको अपनी आस्था से शांति से त्योहार मनाने का हक है, लेकिन आस्था की आड़ में तोड़ फोड़ करोगे, तो ये सही नहीं है। हमें छेड़ोगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। आई लव मुहम्मद कहकर तोड़ फोड़, आगजनी करते हैं अगर ऐसे आतंक फैलाओगे, तो मां चंडी छोड़ेंगी नहीं, ये मां चंडी का पर्व है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने प्रदर्शन करने का दुस्साहस किया और वो लोग जो कायरों की तरह बच्चों और महिलाओं को आगे किया, तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने किसी से भेदभाव नहीं किया। सबका साथ सबके विकास के लिए सरकार काम कर रही है, लेकिन कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। वो लोग तालिबान व्यवस्था पर विश्वास करते हैं, लेकिन ये उनकी मंशा जन्नत में भी पूरी नहीं होने वाली है, उनको पहले जहन्नुम में जाना होगा। देश विकास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग विकास नहीं तालिबानी और दारुल इस्लाम की व्यवस्था चाहते हैं, जो चलेगी नहीं, उन्हें जन्नत नहीं जहन्नुम भी नसीब नहीं होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुंडका इलाके में एक सडक हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस ने हादसे वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है।

जानकारी के मुताबिक मृतक बाइक चालक की पहचान ५० साल के राजा राम सिंह के रूप में हुई। वह परिवार के साथ मालवीय नगर इलाके में रहते थे। मुंडका पुलिस को शाम करीब चार बजे मुंडका मेट्रो पिलर नंबर ५३८ मैन रोहतक रोड के पास रोड एक्सिडेंट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। कॉलर मौके पर से जा चुका था। सडक पर एक व्यक्ति मृतावस्था में पड़ा था। जिसका सिर कुचला हुआ था।

पास ही क्षतिग्रस्त हालत में बाइक पड़ी थी। नंबर प्लेट की सहायता से बाइक मालिक का पता कर फोन पर संपर्क किया। विकी नामक युवक को हादसे की जानकारी दी। जिससे संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचकर शव की पहचान अपने पिता राजा राम सिंह के रूप में की। उनके पिता की बाइक में किसी ने टक्कर मारी या फिर बाइक का संतुलन बिगडने से हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा ने दागे आप पर सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग केवल एक ब्यानवीर हैं। भाजपा पर ऊंगली उठाने से पूर्व आम आदमी पार्टी नेता अंकुश नारंग दिल्ली की जनता को बतायें की उनकी सरकार ने विगत दस साल में दिल्ली नगर निगम को ठप्प क्यों किया। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की यह खेदपूर्ण है की राजनीतिक द्वेष से २०१५ से २०२४ तक भाजपा शासित तीनों दिल्ली नगर निगम को आर्थिक रूप से पंगु बनाने और फिर सत्ता में आने पर लगभग ढाई साल तक दिल्ली नगर को ठप्प रख कर नगर निगम को बर्बाद करने वाले आज भाजपा से निगम व्यवस्थाओं पर सवाल पूछ रहे हैं। कपूर ने कहा है की हम मानते हैं सभी स्कूलों में विशेष छात्रों के लिए स्पेशल टीचर होने चाहिए और शीघ्र हमारे महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह एवं स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा आवश्यकता पूरी करेंगे।

# एफआईआर के बाद भी चैतन्यनंद ने बैंकों से निकाले लाखों रुपये

**नई दिल्ली।** लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वघोषित संत स्वामी चौतन्यनंद सरस्वती (६२) फरार हैं। जांच में खुलासा हुआ कि एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्होंने दो अलग-अलग नामों से बैंक खाते संचा. लित कर ५०-५५ लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस के अनुसार, खाता खोलते समय उन्होंने फर्जी दस्तावेज जमा किए थे। पुलिस ने चैतन्यानंद सरस्वती के १८ बैंक खातों और २८ सावधि जमाओं में जमा ८ करोड़ जब्त कर लिए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह धनराशि चौतन्यानंद के ट्रस्ट से जुड़ी है। उन पर श्री शारदा पीठम, श्रृंगेरी की संपत्ति से संबंधित धोखाधड़ी, जालसाजी और करोड़ों रुपये के गबन के गंभीर आरोप हैं। संस्थान ने भी उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने उनके सभी डेबिट और क्रेडिट कार्ड भी ब्लॉक कर दिए हैं। जाँच से पता चला है कि उनके यस बैंक खाते से ५०-५५ लाख निक. ाले गए हैं। पुलिस ने संस्थान में चौतन्यानंद के कार्यालय और आवास की तलाशी के दौरान दो पासपोर्ट और पैन कार्ड बरामद किए। आरोपी ने एक पासपोर्ट पार्थसारथी और दूसरा चौतन्यानंद सरस्वती के नाम से बनवाया था।

दोनों पासपोर्ट में पिता और जन्म स्थान का विवरण अलग-अलग है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। इसके अलावा शातिर चौतन्यानंद ने प्रधानमंत्री कार्यालय का फर्जी परिचय पत्र बनवा रखा था। उसका यह मामला ट्रायल कोर्ट में चल रहा है।पुलिस चैतन्यानंद सरस्वती द्वारा अपना रूप बदलने की संभावना से इनकार नहीं कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अपना भेष बदल सकता है। इस संदर्भ में, पुलिस ने आठ अलग-अलग रेखाचित्र तैयार किए हैं, जिन्हें बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और राजस्थान की पुलिस को भेजा गया है, ताकि अगर आरोपी भेष बदलकर वहाँ पहुँचे, तो पुलिस उसकी पहचान कर सके। अब तक की पुलिस जांच में पता चला है कि चौतन्यानंद के आदेश पर, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ज्यादातर छात्रों को छात्रवृत्ति परीक्षाओं में पास किया गया। छात्रों को बताया गया था कि चौतन्यानंद ने उनकी छात्रवृत्ति दिलाने में अहम भूमिका निभाई है, ताकि वे उनके प्रभाव में आ सकें और आरोपी प्रवेश के बाद उनका शोषण कर सके। पुलिस को दिए गए बयान में, एक छात्रा ने बताया कि उसे छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई थी, लेकिन दस्तावेजों की जाँच के बाद उसे छात्रवृत्ति दे दी गई।

# लाखों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का भंडाफोड़, दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ४७ लाख की ऑनलाइन शेयर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वे एक चीनी नागरिक के लिए काम कर रहे थे।

दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने बताया कि एक शिकायतकर्ता को एक टेलीग्राम समूह के माध्यम से आज खरीदें-कल बेचें और आईपीओ रेटिंग ट्रैपिंग की आड़ में दैनिक लाभ के झूठे वादों के साथ स्टॉक ट्रेडिंग योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया था।

उसे धोखाधड़ी वाली वेबसाइट के माध्यम से दो महीनों में ४७,२३,०१५/- रुपए का निवेश करने के लिए धोखा दिया गया था। जब पीड़ित ने धनराशि निकालने की कोशिश की, तो धोखेबाजों ने धमकी दी।पुलिस को जांच के दौरान, पता चला कि ठगी गई राशि रु. ६३१,४५,०००/-हर्षिता फर्नीचर्स एंड इंटीरियर्स के नाम से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के चालू खाते में जमा किए गए।

इसके अलावा, २३,८०,०००/- (३१.४५ लाख में से) इंडसइंड बैंक के चालू खाते बुबाई इंस्टेंट शॉप ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड में भेजे गए, और उक्त फर्म का मालिक साहिल यादव(२५) था और उक्त बैंक खाते पर पंजीकृत मोबाइल नंबर सह आरोपी आर्यन (२२) के नाम पर पंजीकृत पाया गया। उक्त बैंक खाते का उपयोग धोखाधड़ी वाले लेनदेन को अंजाम देने के लिए बनाई गई एक शेल इकाई के रूप में किया गया था।

# नई पीढ़ी को विकसित दिल्ली निर्माण की प्रेरणा दे रहीं रामलीलाएं: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीडीए रामलीला ग्राउंड, सेक्टर-23 रोहिणी में चल रही सनातन संस्कारम् रामलीला के पांचवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भागीदारी की।

सीएम ने इस अवसर पर कहा कि दिल्लीभर में हो रही रामलीलाओं के आयोजन प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जुड़कर समाज को सत्य, सेवा और सुशासन की प्रेरणा तो दे ही रहे हैं, साथ ही नई पीढ़ी को अपनी महान सांस्कृतिक परम्पराओं और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ रहे हैं। उन्हें विकसित दिल्ली निर्माण की प्रेरणा भी दे रहे हैं। दिल्ली सरकार की रामलीला समिति के चेयरमैन एवं समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने दिल्ली में रामलीलाओं के अब तक के सबसे भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

रामलीला के इस भव्य आयोजन के लिए सभी आयोजकों और समिति को साधुवाद देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के दर्शन और रामलीला का मंचन भक्ति, मर्यादा और धर्म का जीवंत संदेश है। इस सन्देश को पूरे समर्पण के साथ लोगों तक पहुँचाना महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे अभियानों और सामाजिक कार्यों को रामलीला से जोड़ने से यह आयोजन और भी खास हो गये हैं। रामलीला कार्यक्रमों में वोकल फॉर लोकल, स्वच्छता, जल संरक्षण, हरित दिल्ली और नशा मुक्ति जैसे जनसंदेशों का व्यापक प्रसार हो रहा है। जनसहयोग से, जैसे बड़े धार्मिक उत्सवों का सफल आयोजन हुआ है, उसी तरह जनसहयोग से विकसित दिल्ली का संकल्प भी पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली की ऐतिहासिक रामलीला परंपरा, राजधानी की सांस्कृतिक धरोहर है।



**डीडीए रामलीला ग्राउंड, सेक्टर-23 रोहिणी में चल रही सनातन संस्कारम् रामलीला के पांचवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता साथ में हैं समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज।**

## एक नजर

### तेज रफ्तार थार डिवाइडर से टकराई, पांच की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक थार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो युवक और तीन युवतियां शामिल हैं। एक युवक घायल है। पुलिस ने बताया कि मृतकों और घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, सभी छह लोग उत्तर प्रदेश से किसी काम से गुरुग्राम आए थे। सूचना मिलने के बाद, सेक्टर ४० थाने से एक पुलिस दल मौके पर पहुंचा और सभी छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने ५ को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### श्री धार्मिक रामलीला चिराग दिल्ली में हुआ केकई भरत संवाद




**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली चिराग श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। इस बार मंच से दिया मोदी जी का एक पेड़ मां के नाम का संदेश स्वच्छ यमुना सफाई के लिए समाज को मंच के माध्य से सब को जागरूक किया जा रहा है। आज मंच पर केवट प्रशर्ग, दशरथ मरण, केकई भरत संवाद, चित्रकूट में भरत मिलाप हुआ । पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद प्रकाश जैन, महामंत्री सुशील प्रकाश गुप्ता, चेयरमैन सोमनाथ मुखर्जी, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, प्रदीप तेवतिया, सुदन गुप्ता, इंद्रजीत गुलिया ,सुरेन्द्र चौधरी , गौरव विज ,धर्मेंद्र गुलिया, हर्ष गुलिया, वरुण सुदन , विक्रान्त गुलिया, यश गुलिया और श्री भगवान सोनी कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया 28 सितम्बर सुतीक्षण उद्धार, लक्ष्मण शूर्पणखा संवाद, सीता हरण।

### भारत में बदल रहा निवेश का परिदृश्य

**नई दिल्ली।** भारत में निवेश का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और इसमें सबसे अहम योगदान टियर-2 और टियर-3 शहरों का है। जहां पहले म्यूचुअल फंड निवेश महानगरों तक सीमित था, वहीं अब छोटे शहर उद्योग की वृद्धि के नए इंजन बन गए हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के अनुसार जुलाई तक बी30 लोकेशंस का योगदान म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) में 18 फीसदी तक पहुंच गया। जुलाई 2024 की तुलना में इसमें 21 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। निवेशकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2025 में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या 23.45 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 32 फीसदी अधिक है। सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान्स (एसआईपी) छोटे शहरों में सबसे बड़ा बदलाव ला रहे हैं। सक्रिय एसआईपी अकाउंट्स 27 फीसदी बढ़कर 8.11 करोड़ हो गए और निवेशकों ने सालाना 2.89 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया।

### लोगों को भा रहा ऊंटनी के दूध से बना डिस्किट

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 मेले में हॉल नंबर 14 के निफ्टम-के पवेलियन में इस बार कुछ ऐसा पेश हुआ जिसने हर किसी का ध्यान खींच लिया-ऊंटनी के दूध से बना डिस्किट। यह अनोखा उत्पाद निफ्टम-के , कुंडली, सोनीपत के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है और इसे शुगर यानी डायबिटीज के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं माना जा रहा। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऊंट का दूध अपने आप में औषधीय गुणों से भरपूर होता है और शुगर के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। आम तौर पर ऊंट का दूध जल्दी खराब हो जाता है और उबालने से उसकी पोषकता घट जाती है। यहीं से निफ्टम-के की रिसर्च टीम को एक अनोखा विचार आया। निफ्टम-के के निदेशक डॉ. हरिंदर ओबरॉय ने बताया कि संस्थान इस तरह के अनेक शोध कर रहा है। एसोसिएट प्रोफेसर अंकुर ओझा की देखरेख में तैयार यह प्रोजेक्ट शुगर के मरीजों के लिए सुरक्षित और उपयोगी विकल्प है।

## सरकार ने चुनावी संकल्प पूरा किया: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की २०२५ के यह शारदीय नवरात्र दिल्ली वालों के लिए एतिहासिक नवरात्र के रूप में आये हैं। पहले नवरात्र को दिल्ली वालों जी.एस.टी. में छूट का उपहार मिला जिससे उपभोक्ता के लिए चीजों के दाम कम हुए तो व्यापारियों को व्यपार विस्तार का अवसर मिला। इसके तुरंत बाद विगत अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा बंद की गई डी.टी.सी. की अंतरराज्यीय बस सेवा का एक रूट प्रारम्भ हुआ और शीघ्र इसका विसतार भी होगा। कल चौथे नवरात्र पर जब उपभोक्ताओं के लिए पानी के बिलों पर लगे जुर्माने को माफ करने के मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता सरकार के फैसले की घोषणा जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने की तो दिल्ली के लाखों उपभोक्ताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

# स्वदेशी वस्तुएं अपनाएं: दीपक गाबा

**भाजपा शाहदरा जिला द्वारा स्वदेशी वस्तुओं का भव्य मेला आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला द्वारा आज स्वदेशी वस्तुओं का भव्य एवं दिव्य मेला गांधी नगर के कनिष्क बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को सशक्त करने के उद्देश्य से स्वदेशी वस्तुओं का मेला बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर पूर्वी दिल्ली यमुना पार विकास बोर्ड अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह लवली, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा और प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता ने संयुक्त रूप से



किया। मेले में स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, महिला स्व-सहायता समूहों तथा ग्रामीण उद्यमियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इसमें हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, खादी, मिट्टी और लकड़ी के खिलौने, जैविक खाद्य पदार्थ, आयुर्वेदिक व घरेलू उत्पाद, परंपरागत खादी एवं सूती परिधान समेत अनेक स्वदेशी उत्पाद शामिल रहे, गोबर निर्मित दिए।" सरदार अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि "स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से न केवल स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। यह मेला हमारे सांस्कृतिक गौरव और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सार्थक कदम है। जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों और सामा. जिक संगठनों ने भाग लेकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की और स्वदेशी वस्तुओं अपनाए, "स्थानीय के लिए वोकल बनें" का संदेश दिया।

भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता ने घोषणा की कि ऐसे मेले नियमित रूप से लगाए जाएंगे ताकि देशी उद्योग और परंपरागत शिल्प को निरंतर बढ़ावा मिलता रहे।' स्वदेशी मेले में भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता, यमुनापार विकास बोर्ड के अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह लवली, स्वदेशी जागरण मंच के उतर भारत के संयोजक विकास, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, निगम पार्षद नीलम चौधरी, प्रिया कांबोज, पूर्व पार्षद कँचन माहेश्वरी,कार्यक्रम संयोजक छवि कला सिंह व विराग जैन के साथ सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## रैबीज दिवस पर विजय गोयल के नेतृत्व में होगा धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रैबीज दिवस के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के नेतृत्व में राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एनसीआर (दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम) से आए सैकड़ों आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि धरना देंगें।

धरने में भाग लेने वाले प्रति. निधियों का यह कहना है कि "देशभर में १२ करोड़ से अधिक आवारा कुत्ते खुलेआम घूम रहे हैं। यदि सरकार इनका स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन भी करा दे, तब भी यह १२ करोड़ कुत्ते सड़कों पर काटने और रैबीज फैलाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।" गोयल ने कहा कि "सरकार ने घोषणा की थी कि वर्ष २०३० तक भारत को रैबीज फ्री बनाया जाएगा।

# हीरे के आभूषणों की डकैती में शामिल भगोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सो ने और हीरे के आभूषणों और नकदी की डकैती में शामिल पीओ की गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त अपराध पंकज कुमार में बताया कि।स जनवरी २०२० में, सात लोगों ने दिल्ली के अंबिका विहार में एक घर में डकैती की साजिश रची। इसके बाद २९ जनवरी २०२० को, लगभग दोपहर १ बजे, टोह लेने के बाद, सभी सात आरोपी अंबिका विहार स्थित उक्त पते पर पहुँचे। गैस मीटर चेक करने के बहाने, उनमें से चार, आरिफ, अख्तर, विनीत और मूलचंद, ने दरवाजा खटखटाया और अंदर घुस गए, जबकि बाकी तीन, जावेद, राज. ेश और घनश्याम तिवारी, निगरानी के लिए बाहर खड़े रहे। अंदर घुसकर, उन्होंने मकान मालकिन और उसकी नौकरानी को रस्सी से बाँध दिया और आरिफ ने उन दोनों को बेहोशी की दवा दे दी। इसके बाद हमलावरों ने मकान मालकिन के पहने हुए सोने और हीरे के आभूषण जबरन उतार लिए। उन्होंने पूरे घर की तलाशी ली और बीस लाख मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण और बीस हजार नकद लूट लिए।इसके बाद मकान मालकिन (एक वरिष्ठ नागरिक) की शिकायत के आधार पर, पश्चिम विहार पश्चिम थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। जाँच के दौरान, सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली में मैरी कॉम के घर पर चोरी

**नई दिल्ली।** मुक्केबाज मैरी कॉम के दिल्ली स्थित घर में शनिवार को चोरी की घटना हुई है। मौरी कॉम मेघालय के सोहरा में आयोजित मैराथॉन कार्यक्रम में शामिल होने गईं थीं जब ये घटना घटी। कार्यक्रम के आयोजकों ने मैरी कॉम को इसकी जानकारी दी। चोर मैरी कॉम के घर से क्या सामान ले गए हैं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। मैरी कॉम मणिपुर की रहने वाली हैं और देश की सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में से एक मानी जाती हैं।

### रूबल सरदार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को हाशिम गिरोह के सदस्य गैंगस्टर रूबल सरदार को अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरदार के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया।

# स्टार ग्लोबल एजुकेशन कांफ्रेंस ने दिखाया शिक्षा का नया मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्टार ग्लोबल एजुकेशन कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन 27 सितंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। इस सम्मेलन का विषय था "ह्यूमन फर्स्ट, टेक फॉरवर्ड ख्र द न्यू बैलेंस इन एजुकेशन"।

सम्मेलन ने शिक्षा और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक मंच पर लाकर तकनीक और मानव मूल्यों के बीच संतुलन पर विचार-विमर्श का अवसर दिया। इस अवसर पर गूगल फॉर एजुकेशन मुख्य साझेदार रहा। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि, प्रो. डॉ. टी. जी. सीताराम, अध्यक्ष, एआईसीटीई, तथा विशिष्ट अतिथि, डॉ. बिस्वजीत साहा, निदेशक, सीबीएसई, और डॉ. जोसेफ इमैनुएल, मुख्य कार्यकारी एवं




सचिव, सीआईएससीई उपस्थित रहे। उद्योग जगत से विशेष अतिथियों में संजय जैन, हेड, गूगल फॉर एजुक. ेशन, इंडिया, तथा राजू पुल्लन, एसवीपी, एमएक्स बिजनेस, सैमसंग इंडिया सम्मिलित हुए।

यह सम्मेलन सामर्थ्य टीचर्स ट्रेनिंग एकेडमी ऑफ रिसर्च (स्टार) द्वारा आयोजित किया गया, जिसे जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स का सहयोग प्राप्त है। स्टार की ओर से शिशिर जयपुरिया, चेयरमैन, जयपुरिया ग्रुप, विनोद मल्होत्रा, चेयरमैन, एसटीटीएआर, और सुश्री सुषमा रतूरी, सीईओ, एसटीटीएआर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विनोद मल्होत्रा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद श्री शिशिर जयपुरिया ने विशेष संबोधन दिया। उन्होंने कहा: "इस वर्ष का विषय, 'ह्यूमन फर्स्ट, टेक फॉरवर्ड- द न्यू बैलेंस इन एजुक. ेशन' अत्यंत प्रासंगिक है। हम अभूतपूर्व समय में जी रहे हैं, जहाँ तकनीकी परिवर्तन की गति इतिहास में पहले कभी नहीं देखी गई।

# संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हंसराज स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दिलशाद गार्डन में भारतवर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम ष्संकल्प से सिद्धिष का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक अरुण महाजन के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन और स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यालय के छात्र छात्रों ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न लोकहित व जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओष का सजीव प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नरेंद्र मोदी जी के कार्यों व जीवन से से प्रेरित होकर प्रदर्शनी भी लगाई गई छात्रों ने देशभक्ति से जुड़े



कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए और विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की और मोदी जी की जनकल्याणी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन व सभी अध्यापकों का को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रबंधक अरुण महाजन भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, दैनिक जागरण दिल्ली चीफ स्वदेश कुमार, विधायक संजय गोयल व ड्रॉ अनिल गोयल, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता भारत गौड़, जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा, निगम पार्षद बहन प्रीति, संदीप कपूर, प्रिया कंबोज,चंद्र प्रकाश के साथ उत्तर पूर्व शिक्षा अधिकारी बी.एस.अग्रवाल विद्यालय प्रबंधन के भूपेंद्र महाजन, मनदीप महाजन व प्रधानाचार्य अंजू सिंह उपस्थित रही।

## ताइवान एक्सपो इंडिया में पेश की लेटेस्ट तकनीक

**नई दिल्ली।** ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन ने ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 में स्मार्ट इनोवेशन्स का अनावरण थीम के तहत ग्रैंड प्रोडक्ट लॉन्च सेशन की मेजबानी की। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर में मशहूर आठ ताइवानी ब्रांड्स-किमेई मोटर, साइप्रेस, प्रोसेंड, लॉरिक, इपेवो, केंडा, एमएसआई और जाइक्ष्सेल ने विश्व-स्तरीय तकनीकों का प्रदर्शन किया, जो भारत की आईसीटी, स्मार्ट हेल्थकेयर और लाइफस्टाइल, औद्योगिक समाधान, आधुनिक गैजेट्स, और भविष्य के परिवहन की प्राथमिकताओं में तेजी लाने के लिए डिजाइन की गई हैं। इस लॉन्च के दौरान, ब्रायन ली, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, टीएआई टीआरए, ने कहा, स्मार्ट इनोवेशन का अनावरण' थीम दिखाती है कि तकनीक उद्योगों को नया रूप दे रही है।

# गेमिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देने को शोडाउन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी गेमिंग ब्रांड, एसुस रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी), ने आज क्रोमा, ओडियन सीपी में ख्र आरओजी शोडाउन ख्र का आयोजन किया। यह आयोजन उन कार्यक्रमों की श्रृंखला में नवीनतम है, जिनका उद्देश्य कम्युनिटी की भागीदारी को मजबूत बनाना और प्रतिस्पर्धी ई-स्पोर्ट्स को युवा गेमर्स के लिए अधिक सुलभ बनाकर भारत में गेमिंग इकोसिस्टम का विस्तार करना है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, एसुस इंडिया के एलएफआर मैनेजर परेश कपाड़िया ने कहा, "आरओजी शोडाउन के माध्यम से, हम न केवल गेमिंग प्रेमियों को प्रतिस्पर्धा करने और अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान कर रहे हैं, बल्कि भारत में ई-स्पोर्ट्स के लिए एक मजबूत समुदाय भी बना रहे हैं।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

■ स्कूली छात्राओं, अध्यापिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलम्बन के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन एवं अभियोजन निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देश के अनुक्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिक. ाओं को उनके अधिकार एवं प्राप्त कानूनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किये जाने के कार्यक्रम के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल लोहिया नगर सिंहानी गेट गाजियाबाद के परिसर मे मिशन शक्ति फेज 5.0 जागरूकता कार्यक्रम अभियोजन कार्यालय गाजियाबाद द्वारा संचा. लित किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद स्कूली छात्राओं, अध्यापिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलम्बन के प्रति जागरूक किया गया तथा वक्ताओं द्वारा यह भी अपील की गयी कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ किसी प्रकार का मानसिक व शारीरिक शोषण करने का समाज के किसी नकारात्मक तत्वों द्वारा करने का प्रयास किया जाता है तो उसकी सूचना अपने विद्यालय, अपने अभिभावक के माध्यम से निकटवर्ती पुलिस थाना को अवश्य सूचना दें, जिससे शासन की सुस्पष्ट नीतियों/ जीरो टालरेंस नीति के अन्तर्गत ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें दण्डित किया जा सके।

इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त विषय पर सहायक अभियोजन अधिकारी उत्तम त्रिपाठी, कविता रानी व रवि गुप्ता व महिला उपनिरीक्षक अंजली द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजेश कुमार पाण्डे संयुक्त निदेशक अभियोजन, गाजियाबाद द्वारा किया गया व गोष्ठी मे उपस्थित सभी अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन, डीपीएस विद्यालय की शिक्षिका आशिमा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे प्रभारी निरीक्षक थाना सिंहानी गेट सचिन कुमार बालियान, अभियोजन कार्यालय के यश चौधरी कनिष्ठ सहायक व विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## हिंडन एयरपोर्ट से दिवाली तक शुरू हो सकती हैं लखनऊ-प्रयागराज की उड़ानें

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से जल्द लखनऊ और प्रयागराज की उड़ानें शुरू होंगी। मंगलवार को सफदरजंग स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कार्यालय राजीव गांधी भवन में हुई बैठक में एयरलाइंस कंपनियों से दिवाली से पहले इन दोनों शहरों के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। गाजियाबाद के सांसद एवं हिंडन सिविल टर्मिनल विमानपत्तन सलाहकार समिति के अध्यक्ष अतुल गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई।

एएआई के ऑपरेशन हेड शरद कुमार ने सबसे पहले इस साल हिंडन से व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत और इंफ्रास्ट्रक्चर व यात्री सुविधाओं में हुई बढ़ोतरी के बारे में जानक. ारी दी। सांसद ने कहा कि हिंडन एयरपोर्ट एनसीआर के यात्रियों पसंद बन चुका है। उन्होंने लखनऊ और प्रयागराज के लिए उड़ानें शुरू करने का अनुरोध किया। शरद कुमार ने सभी विमानन कंपनियों से आग्रह किया कि दिवाली से पूर्व लखनऊ और प्रयागराज के लिए प्रस्ताव दें। सांसद ने यह बताया कि एयरपोर्ट विस्तार के लिए नौ एकड़ जमीन चाहिए। जिलाधिकारी ने जानकारी दी है कि यह जमीन सिंचाई विभाग के अधीन है। सिंचाई विभाग ने 1967 में ही जमीन का अधिग्रहण कर लिया था। मुआवजे को लेकर विवाद है। जल्द ही इस विवाद को निस्तारित कराने को कहा गया है।

# नंदग्राम एसीपी की टीम ने 'मर्दानी' स्टाइल में छुड़ाए बदमाशों के छक्के

**गाजियाबाद।** थाना नन्दग्राम पुलिस और पिंक बूथ टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सात चोरी की ई-रिक्शा बरामद हुई हैं। यह कार्रवाई 26 सितंबर की रात हिंडन मेट्रो स्टेशन के पास की गई। दरअसल नंदग्राम उपासना पांडे की टीम लगातार सक्रिय दिखाई दे रही है जो बदमाशों पर कहर बनकर टूट पड़ती है। मामला 25 सितंबर को सामने आया था जब वादी बिट्टू निवासी अम्बेडकर नगर ने ई-रिक्शा चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए विशेष टीमों का गठन किया। अगले ही दिन गश्त के दौरान पिंक बूथ प्रभारी को चार युवक दो ई-रिक्शा धक्का लगाते हुए संदिग्ध हालात में दिखाई दिए। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर अन्य पुलिस बल को बुलाकर चारों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में आरोपियों की निशानदेही पर पांच और चोरी की ई-रिक्शा बरामद हुईं।गिरफ्तार आरोपियों में रोहित कुमार, मिथुन कुमार, विमल कुमार और वीशु शर्मा शामिल हैं। सभी की उम्र 18 से 27 वर्ष के बीच है और ये अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं, जो फिलहाल गाजियाबाद में किराए पर रहकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की गई ई-रिक्शाओं के पुर्जे और बैटरियां बेचकर खर्च चलाते और अपने शौक पूरे करते थे।



## स्कूलों में आयोजित हुई शक्ति खेल स्पर्धा

**गाजियाबाद।** शारदीय नवरात्र में प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की इस कड़ी में जिले भर के स्कूलों में शक्ति खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। छात्राओं के लिए इस दौरान स्कूलों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तो वहीं थीम आधारित चित्रकला, खो-खो, दौड़ आदि जैसी प्रतियोगिताएं भी कराई गई। साथ ही छात्राओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मिशन शक्ति अभियान की महत्ता भी बतागई गई। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही हेल्पलाइनों के बारे में अन्य छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

# सपा ने किया मासिक बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के मोहम्मद असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी जी के द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका एजेंडा था हर बूथ पर बी एल ए बनाया जाए एवं चर्चा मीटिंग संचारों रूप से हर विधानसभा में आयोजित की जाएं। व आजम खान 23 महीने बाद जेल से रिहा हुए इसके कारण समाजवादी कार्यकर्ताओं में जोश सब ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया एवं कमलेश यादव को जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग खाली चौधरी राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी आशुतोष गुर्जर राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा को बनाए जाने पर पार्टी कार्यालय पर खुशी का इजहार किया।




फूल मालाओं से सम्मानित किया मीटिंग में उपस्थित रहे फैसल हुसैन जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव महा नगर अध्यक्ष समा. जवादी पार्टी गाजियाबाद तरुण जाटव अमन अली प्रमुख महासं. चव लोहिया वाहिनी किशन यादव खालिद बुखारी शोएब खान वसीम सलमानी उपाध्यक्ष रवि शंकर जाटव विधानसभा अध्यक्ष मोदीनगरअंकित जाटव नगर अध्यक्ष मोदीनगर गुलफाम इदरीस विधानसभा अध्यक्ष लोनी अबरार मंसूरी नगर अध्यक्षलोनी राहुल प्रजापति उपाध्यक्ष हरीश चौधरी सचिव कुमार कुरेशी सचिव मुस्तकीम सलीम सचिव पिंटू जाटव पतला निवाड़ी अध्यक्ष एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार, राजनगर में दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया।

इस अवसर पर भाजपा संगठन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान. सिंह गोस्वामी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि "सेवा पखवाड़ा हमें यह प्रेरणा देता है कि हम समाज के जरूरतमंद वर्गों के साथ खड़े हों और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ें।"भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि "भाजपा का उद्देश्य सेवा को समाज की मूल भावना बनाना है और हर नागरिक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण है।"क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि "दिव्यांगजन राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें सहयोग और सम्मान देकर ही समावेशी विकास संभव है।

इस अवसर पर दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, छड़ी, श्रवण मशीन सहित सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में महामंत्री राजेश त्यागी,पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, प्रदीप चौधरी, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र यादव, ललित कश्यप, नीरज त्यागी, बलराम रावल, तरुण शर्मा, राहुल तोमर, पंकज भारद्वाज, गुंजन शर्मा , बीएल गौतम सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अंग्रेजों के छक्के छुड़ा देने वाले महान क्रांतिकारी और भारत मां के सच्चे सपूत शहीद - ए - आजम सरदार भगत सिंह जी को उनके जन्म दिन पर आज कांग्रेसजनों ने याद किया और उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सरदार भगत सिंह जन्म जयंती कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। कहा कि भारत मां के सच्चे सपूत महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह ने अंग्रेजो को नाकों चने चबा दिए। उन्होंने अपने जीवन को बलिदान कर दिया लेकिन क्रूर अंग्रेजों के आगे झुके नहीं। ये देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा व हाजी खुर्शीद, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सचिव अनुशासन समिति उदय सिंह पाल, हरपाल सिंह, रूपेश गोयल, कार्यालय सचिव सुरेंद्र शर्मा, मोबिन खान, प्रेम प्रकाश चीनी व आबिद बंजारा आदि अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## वैश्य युवक- युवती परिचय सम्मेलन 12 अक्टूबर को: प्रेमचन्द गुप्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पाउडर के चौयरमेन व वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 अक्टूबर दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

## सशक्त, निर्भीक, निडर नारी, देश की जिम्मेदारी

**गाजियाबाद।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए थाना वेव सिटी क्षेत्र में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने किया। एसीपी प्रियाश्री पाल हमेशा ही नारी सशक्तिकरण को महत्व देती हैं साथ ही उनका प्रयास रहता है कि वह महिला संबंधी मामलों में तुरंत कार्रवाई करते हुए महिलाओं को न्याय दिलाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने डासना क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं और छात्राओं से संवाद स्थापित किया। इस मौके पर उन्होंने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में सतर्क रहना बेहद जरूरी है। अजनबी लिंक पर क्लिक न करना, ओटीपी साझा न करना और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सुरक्षित रखना महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। प्रियाश्री पाल ने उपस्थित महिलाओं को भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की असुविधा, असुरक्षा या समस्या होने पर पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है। उन्होंने महिलाओं और छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला सहायता नंबर 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी और इनके प्रयोग की प्रक्रिया भी समझाई।



# एसीपी नंदग्राम की टीम मर्दानी को नगर आयुक्त, मेयर ने किया सम्मानित

**गाजियाबाद।** महिला पुलिस की बहादुरी एक बार फिर सुर्खियों में है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे के नेतृत्व में महिला थाना पुलिस टीम ने जिस साहस और त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया, उसने न केवल अपराधी को कानून के शिकंजे में लाया बल्कि महिला पुलिस की कार्यकुशलता और जुझारूपन का भी परिचय दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल ने टीम को सम्मानित किया, जिससे पूरे पुलिस महकमे का मनोबल और ऊँचा हो गया है।

घटना 22 सितंबर की रात की है। महिला थाना पुलिस टीम चौकी लोहिया नगर क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मेरठ रोड की ओर से स्कूटी सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन युवक ने रुकने के बजाय स्कूटी मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने तुरंत उसका पीछा किया। पीछा करते समय स्कूटी असंतुलित होकर गिर गई और तभी आरोपी ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। हालात तनावपूर्ण हो गए, लेकिन महिला पुलिस टीम ने हिम्मत नहीं हारी और जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। इसमें आरोपी घायल हो गया और मौके पर दबोच लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेन्द्र पुत्र नन्दकिशोर, निवासी कुएं वाली गली, सेक्टर-9, थाना विजयनगर, गाजियाबाद (उम्र 22 वर्ष) के रूप में हुई। जितेन्द्र पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। महिला पुलिस की इस कार्रवाई ने साबित कर दिया कि वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम है और अपराधियों को कड़ी चुनौती देने के लिए हमेशा तैयार रहती है। इस पूरे प्रकरण की जानकारी जब नगर आयुक्त और महापौर तक पहुँची तो उन्होंने न केवल पुलिस टीम की तारीफ की बल्कि सम्मानित भी किया। इस सम्मान समारोह में एसीपी उपा. सना पांडे और उनकी टीम की बहादुरी को सराहा गया।

## सर्व साधारण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं०. 433 कैला भट्टा गाजियाबाद पिन सं0- CC-23067 गाजियाबाद नगर निगम के सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज नाम श्री/श्रीमती मंनजुर अहमद के स्थान पर श्री/श्रीमती अनीसा बेगम पत्नी लियाकत अली द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु दर्ज गृह स्वामी/स्वामिनी का मृत्यु प्रमाण-पत्र व शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवा. रिक सदस्यता सूची, अन्य वारिसानों का अनापत्ति शपथ-पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा करने के साथ प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदकगण के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं० 433 कैला भट्टा गाजियाबाद पिन सं०-CC-23067 पर नाम परिवर्तन किये जाने हेतु नियमानुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 की नोटिसें दिनांक 15/09/2025 को जारी की जा चुकी हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार प्रस्तावित नाम परिवर्तन पर कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रमाणित साक्ष्यों के साथ लिखित रूप से जोनल कार्यालय सिटी जोन, गाजियाबाद नगर निगम को प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर आवे. दक/आवेदकगण, अनीसा बेगम पत्नी श्री लियाकत अली का नाम भवन सं० 433 कैला भटटा गाजियाबाद पिन सं०- CC-23067 पर अंकित कर दिया जायेगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**सिटी जोन**
**नगर निगम गाजियाबाद।**

## हरप्रीत सिंह जग्गी को जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) का अतिरिक्त भार सौंपने पर दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दा पंजाबी सर्किल ने सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी को जिलाधिकारी द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) का अतिरिक्त भार सौपने पर सरोपा व बुके देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जी.एस भल्ला, रविन्द्र आर्य, नरेन्द्र गोगिया, सी.एस मल्होत्रा, अक्षय माकिन, मनप्रीत सिंह व प्रवीण आदि उपस्थित रहे।

# रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाये पर वचन न जाये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत रामभक्तों का अपार जनसमूह मंचन देखने एवं मेले का आनन्द लेने हेतु रामलीला मैदान कविनगर में उमड़ पड़ा। सम्पूर्ण रामायण का मंचन जन मानस को रामलीला देखने के लिए आकर्षित कर रहा है। मेले में आ रही भारी भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा इस वर्ष व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

पुलिस बल के साथ-साथ समिति द्वारा सुरक्षा गार्डों, नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों के साथ-साथ फायर सुरक्षा गार्ड एवं बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं सहयोगी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से व्यवस्थित किये हुए हैं। लीला के अन्तर्गत अपने पुत्र श्री राम के वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने का मर्मस्पर्शी दृश्य सभी दर्शकों को भावुक कर रहा है।




महारानी कैकेयी को दिये अपने दो वचनों का पालन करने के लिए राजा दशरथ श्री राम को 14 वर्षों का वनवास और भरत को राजसिंहासन देने की शर्त को स्वीकार करते हैं।

श्री राम के माता जानकी एवं भ्राता लक्ष्मण के संग वनगमन के वियोग में दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। इस मर्मस्पर्शी दृश्य को देखकर सभी दर्शक भाव-विभोर हो उठे। मेले में लगाये गये विभिन्न प्रकार के झूले सभी वर्ग के लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। आज मेला परिसर में गाजियाबाद की महापौर श्रीमती सुनीता दयाल उपस्थित हुई। साथी ही जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं राजनीतिक हस्तियां उपस्थित हुई।

समिति के पदाधिकारीगणों ने लीला देखने आये अतिथियों का स्वागत किया। आज के दिन अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, पुनीत बेरी, जगत शर्मा, गौरव चोपड़ा, दिवाकर सिंघल, प्रदीप गुप्ता, एम०सी० जैन, राजवीर त्यागी, मयंक बजाज, सचिन चौधरी, नमन तनेजा आदि उपस्थित रहे।

# यमुना में कूदे युवक का मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शनिवार को 22 वर्षीय युवक का शव गोताखोरों ने बरामद कर लिया, वीरवार की देर रात सुमित ने सिग्नेचर ब्रिज से यमुना में छलांग लगा दी थी, गोताखोरों ने शुक्रवार को पुरे दिन उसे खोजा पर रात में अंधेरे की वजह से सर्च अभियान रोक दिया गया था, शनिवार को आईटीओ के पास से सुमित का शव खोज लिया गया स

सुमित अपने परिवार के साथ हरिजन बस्ती,करावल नगर इलाके में रहता था उसके परिवार में दो भाई,एक बहन और माता-पिता है स सुमित के परिजनों ने बताया की वीरवार की रात सुमित की बाइक किसी से टकरा गयी थी जिस बात पर उसका झगड़ा हो गया था स जिसके बाद वह अपने बड़े भाई मनीष के पास पहुंचा और बताया की कुछ लड़को ने उसके साथ मारपीट की है मनीष ने कहा की सुबह बात करने चलेंगे, तब सुमित बोला ठीक है घर जा रहा हूँ और सिग्नेचर ब्रिज पहुंच गया जहां पहुंच कर उसने अपनी मम्मी को फोन मिलाया और कहा अब में कभी घर नहीं आऊंगा और इतना बोलकर यमुना में कूद गया, उस समय मौके पर मौजूद लोगो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे सुमित का फोन मौके पर मिला, सुमित के फोन से परिजनों को मामले की सूचना दी गयी स गोताखोरों ने उसे शुक्रवार पुरे दिन खोजा पर उसका शव नहीं मिल पाया, शनिवार सुबह उसका शव आईटीओ के पास से बरामद हुआ, जिसे पोस्टमार्टम के लिए सब्जी मंडी मोर्चरी भेजा गया है।

# पति ने मारी पत्नी व बेटे को गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थानांन्तर्गत विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी और बेटे को गोली मारकर घायल कर दिया,और मौके से फरार हो गया स जबकि घायल पत्नी और बेटे का अस्पताल में इलाज चल रहा है स

**अब्दुल करीम आज खतरनाक इरादे के साथ अपनी ससुराल पहुंचा था, क्योंकि वह जब अपनी सुसराल पहुंचा तब उसने पिस्तौल लगाई हुई थी, जिससे साफ होता है कि उसके इरादे ससुराल आने से पहले ही ठीक नहीं थे और वह वारदात को अंजाम देने के लिए ही सुसराल पहुंचा था**

जानकारी के अनुसार घायल पत्नी की पहचान रिजवाना और बेटे की पहचान फैजान के रूप में हुई है स जबकि आरोपी पति की पहचान अब्दुल करीम के रूप में हुई है स अब्दुल करीम और रिजवाना की शादी करीब १८-१९ साल पहले जहांगीरपुरी में हुई थी करीब ४ महीने पहले दोनो पति-पत्नी का झगड़ा हो गया था जिसके बाद रिजवाना अपने बेटे के साथ मूंगा नगर, कतरन मार्किट अपने मायके आ गयी थी शनिवार को अब्दुल करीम अपनी पत्नी से बात करने अपनी सुसराल पहुंचा था, बात करते हुए पति पत्नी में बहस होने लगी तो अब्दुल करीम ने अपने पास मौजूद पिस्तौल से रिजवाना पर गोली चला दी, गोली रिजवाना के सीधे हाथ के कंधे के नीचे लगी, जब फैजान ने रिजवाना को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके ऊपर भी गोली चला दी, गोली फैजान के हाथ को छूती हुई निकल गयी स पत्नी और बेटे को गोली मारने के बाद अब्दुल करीम मौके से फरार हो गया स घायल मां और बेटे को उपचार के लिए जगप्रवेश चंद हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से उनको जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया है स सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स

पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया की १.४३ बजे दोपहर को दयालपुर थानांतर्गत एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी और बेटे को गोली मारने की सूचना मिली थी, दोनों मां-बेटे को जगप्रवेश चंद अस्पताल लेजाया गया था,मामले की जांच जारी है।

## मंगोलपुरी में 15 साल के छात्र की हत्या

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में लड़कों के एक समूह द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद १५ वर्षीय एक स्कूली छात्र की मौत हो गई, एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित, कक्षा १० का छात्र, शुक्रवार रात लड़कों के एक समूह द्वारा कथित तौर पर हमला किया गया था, जो कथित तौर पर स्कूली बच्चों के बीच झगड़े से शुरू हुआ था। पुलिस के अनुसार, स्कूल के समय के बाद, कुछ बाहरी लोग शामिल हो गए और उस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि उसे घायल अवस्था में पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और हमलाव. रों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। स्थानीय पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में अधिकांश कानून से संघर्षरत बच्चे (सीसीएल) को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

# पुरानी सीमापुरी में नशेड़ियों का बोलबाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** पुरानी सीमा. पुरी के मुख्य बाजार में पॉकेट मार व नशेड़ियों का बोलबाला है अखिल भारतीय युवा मोर्चा संगठन के महासचिव आरिफ खान ने बताया कि पुरानी सीमापुरी बाजार में दुकानों के आगे दोनों तरफ से 4 से 4 फुट तक दुकानदारौ ने सड़क पर अवैध कब्जा कर रखा है जिस कारण बाजार में भीड़ रहती है इसी मार्ग पर लोगों ने सब्जी के ठीये लगा रखे हैं बाजार में ठेली वालों की भी भरमार है स भीड होने की वजह से असमाजिक तत्व लोगों की जेब काट लेते हैं पॉकेट से मोबाइल निकाल लेते हैं लड़कियों के साथ छेड़खानी बदतम. ीजी करते हैं विरोध करने पर गली-गलौच व मारपीट पर उतारू हो जाते हैं बाजार में आये दिन झगड़ा होता रहता है यहाँ से पेदल निकलना भी बहुत मुश्किल है स हम पुलिस प्रशासन से एमसीडी के अधिकारियों से मांग करते हैं दुकानो के आगे से सड़क पर अवैध कब्जा हटाया जाए ताकि लोगों को आने जाने के लिए इस मार्ग पर साफ रास्ता व जाम से मुक्ति मिल सके।

# बाबा साहेब के आदर्शों पर चल रही है दिल्ली सरकार: रविन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण सत्य और आत्म-सम्मान है। दिल्ली सरकार उनके आदर्शों पर चलकर न्याय, समानता और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। यह बात दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहीं।

उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आत्म-सम्मान दिवस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले के साथ सहभागिता की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि २७ सितम्बर १९५१ को डॉ. आंबेडकर ने महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा हेतु नेहरू सरकार में अपने मंत्रिपद से इस्तीफा दिया था इसलिए यह दिन राष्ट्रीय आत्म-सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि यह केवल बाबा साहेब का व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि पूरे समाज को न्याय और समानता के मार्ग पर ले जाने वाला ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति, विवाह और उत्तराधिकार में समान अधिकार दिलाने का प्रयास किया लेकिन उस समय की सरकार ने इसकी अनदेखी की। बाबा साहेब का पूरा जीवन गरीब, दलित, वंचितों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा।



डीयू के समाज कार्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आत्म-सम्मान दिवस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले के साथ समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह।

# स्कूल से बाहर निकलते ही नाबालिग छात्र की पीटकर हत्या

**■ न राहगीरों ने बचाया और न ही स्कूल प्रशासन ने**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके बीते शुक्रवार शाम एक नाबलिग छात्र की स्कूल के बाहर ही कुछ छात्रों ने पीट पीटकर हत्या कर दी। स्कूल के बाहर राहगीर और स्कूल के अंदर टीचर्स व अन्य विभाग को पता होने के बाद बावजूद किसी ने छात्र को बचाने की कोशिश नहीं की। बताया गया दर्जनभर भर लडकों ने वारदात को अंजाम दिया। जिसमें सभी नाबा. लिग थे। वारदात के बाद परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनको कहना था कि नाबालिग ओर कितनी मांओं की गोद को सूना करेगें। हत्या करने के कुछ ही दिन बाद बाहर आते हैं और चिढाते हैं। दिल्ली में दर्जनों नाबालिगों ने हत्याओं की वारदात को अंजाम दिया है। मृतक के जानकारों ने बताया कि किसी बात को लेकर स्कूल में दूसरे छात्रों से कहासूनी हुई थी। मगर बात वहीं पर शांत हो गई थी।



जानकारी के मुता. बिक मंगोलपुरी पुलिस को बीते शाम करीब पौने छह बजे मंगोलपुरी ओ ब्लॉक पानी की टंकी के पास सर्वोदय बाल विद्यालय के बाहर एक छात्र की पीट पीटकर हत्या करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि छात्र को उसके साथी नजदीक के संजय गांधी अस्पताल ले जा चुके हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान व्योम (१५)के रूप में हुई। वह सर्वोदय बाल विद्यालय में दसवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। वह परिवार के साथ इलाके में ही रहता था। उसके दोस्तों ने बताया कि व्योम पेपर देकर निकला था। उसी वक्त स्कूल के कुछ लडकों ने बाहरी दूसरे छात्रों के साथ मिलकर व्योम को पकड़ा और दर्जनभर लडकों ने व्योम को लात घुसों से बुरी तरह से पीटा था। व्योम सडक पर अचेतावस्था में पड़ा था,उस वक्त भी उसकी पिटाई कर रहे थे।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया। जिसमें कई संदिग्ध दिखाई दिये। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके छापेमारी शुरू की।

## साइबर जालसाजी में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के साइबर थाने ने रक्षा कर्मियों का भेष धारण करने वाले साइबर जालसाज को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से अपराध में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए है। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि छतरपुर, निवासी एक महिला ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसे वायुसेना के लेटरहेड पर एक व्यक्ति से फर्जी चालान/पत्र मिले, जो खुद को वायुसेना का अधिकारी बता रहा था और टोकन शुल्क, सुरक्षा जांच और गेट पास की औपचारिकताओं के बहाने उससे २,५२,००० रुपये से अधिक की ठगी की गई। इस संबंध में, साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन की देखरेख में , साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हनराज के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

# विदेशी सैलानियों की पहली पसंद कुतुबमीनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पहुंचने वाले पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह कुतुबमीनार है। पर्यटन मंत्रालय के पिछले साल के आंकड़ों के मुता. बिक, घरेलू के साथ विदेशी सैलानी भी सल्तनत काल की इस इमारत का दीदार करने भारी संख्या में पहुंच रहे हैं।

दूसरे नंबर पर लाल किला देखने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पिछले साल दिल्ली की आबादी के करीब ५० फीसदी के बराबर लोग बाहर से बतौर सैलानी राजधानी की सैर करने आए।

आंकड़ों के मुताबिक, २०२४-२५ में दिल्ली पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या करीब ८८.५ लाख रही। दिल्ली में सबसे अधिक ३४.३९ लाख पर्यटक कुतुब मीनार को देखने पहुंचे। इसके बाद करीब २९.६३ लाख सैलानियों ने लालकिला और ११.६३ लाख ने हुमायूं का मकबरा देखा। वहीं, सबसे कम ६८३ पर्यटक सुल्तानगढ़ी का मकबरे पर पहुंचे। विशेषज्ञ बताते है कि राजधानी की ऐतिहासिक धरोहरें सिर्फ अतीत की कहानी नहीं कहती, बल्कि आज की अर्थव्यवस्था को भी संजीवनी देती हैं। दिल्ली का जिक्र आते ही लालकिला और कुतुबमीनार सामने आ जाते हैं लेकिन राजधानी में कई ऐसी गुमनाम धरोहरें भी हैं। इनसे आम सैलानी अनजान रहते हैं।

पर्यटन उद्योग के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं स्मारकों पर बढ़ती भीड़, स्वच्छता की कमी और सुरक्षा को लेकर लापरवाही कई बार पर्यटकों की संख्या घटा देती है। ऐसे में गलियों के बीच या दूर बसे ऐतिहा. सिक धरोहरों तक पर्यटक नहीं पहुंच पाते हैं। रिक्शा चालक मनीष ने बताया कि इंडिया गेट, लाल किला और कुतुब मीनार जैसी जगहों पर आसानी से जाया जा सकता है लेकिन कुछ ऐसे इलाके हैं जहां जाना काफी मुश्किल हो जाता है। इसी कारण वहां के लिए सवारियों को थोड़ी तकलीफ उठानी पड़ती है। वहीं, कई स्थलों पर असुविधा भी है। इन सब कारणों से पर्यटकों की संख्या कम होती जा रही है।

दिल्ली में सैलानियों को ऐताहसिक स्थलों और इमारतों का इतिहास और भूगोल समझाने वाले गाइड रफीक बताते हैं कि पर्यटन सिर्फ हमारी रोजी-रोटी नहीं, बल्कि दोस्ती का पुल है। जब विदेशी पर्यटक हिंदी बोलने की कोशिश करते हैं तो हमें अपनापन लगता है। उन्होंने बताया कि सभी गाइड भी पूरी को. शिश करते हैं कि पर्यटक केवल घूमें नहीं बल्कि एक रिश्ता बनाकर लौटे।

## फर्जी एयरफोर्स अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राजस्थान से २० साल के युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक खुद को भारतीय वायुसेना का अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। आरोपी की पहचान अलवर निवासी तसलीम खान के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि छतरपुर की एक महिला ने शिकायत दी कि आरा. ेपी ने खुद को एयरफोर्स ऑफिसर बताकर उससे २.५२ लाख रुपए ठग लिए हैं। महिला ने बताया कि आरोपी ने नकली एयरफोर्स लेटरहेड पर पत्र और बिल भेजकर पैसे मांगे। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे गांव मुकंदवास से गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एयरफोर्स अधिकारी बनकर लोगों को झांसा देता और फर्जी पेपर दिखाकर उनसे पैसे लेता था।

# वर्ल्ड फूड इंडिया में स्वदेशी प्रॉडक्ट की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पीएमएफएमई स्कीम के तहत प्रगति मैदान में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के तहत हॉल नंबर 1 में लगे स्टालो में बिजनेस टू बिजनेस के तहत कारोबार में काफी इजाफा देखा जा रहा है ।यहां पर सभी राज्यों के महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात सहित अन्य राज्यों के भी स्टॉल लगे है। जिसमें खाने-पीने के सभी सामान की बिक्री आर्डर विद. ेशों सेमिल रहे हैं। पीएमएफएमई स्कीम के तहत सरकार देश -दुनिया में भारतीय उत्पादों का बाजार बढ़ाने के लिए वह काम कर रही है। यहां पर लगे स्टाल में अपने-अपने प्रोडक्ट की जानकारियां दी जा रही हैं। पंजाब के मीरा फूड्स के नीरज कुमार ने बताया



कि उनका यह व्यापार बिजनेस टू बिजनेस है। सिर्फ यहां स्टॉल लोगों को अपने प्रोडक्ट के बारे में जानकारी देना है और जानकारी के साथ उन्होंने बताया कि अचार व स्वदेशी प्रोडक्ट काफी बढ़ रहा है। इसी तरह से योगेश शर्मा ने बताया कि गुजरात के वह ब्रेकफास्ट के सीरियलस बनाते हैं। लेकिन उनको साउथ अफ्रीका दुबई और इंग्लैंड से काफी ऑर्डर मिल रहे है। कुल मिलाकर उनको आर्डर बहुत मिल रहा है।

## अवैध हथियारों के साथ किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस की विशेष दल ने अवैध हथियारों के साथ एक आरा. ेपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और ६२२,५००/ रुपए नकद बरामद किए है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि बाहरी जिले में संगठित अपराध, विशेष रूप से शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी/ डीआईयू नेकी राम लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर विक्रम (प्रभारी डीएसटी) के नेतृत्व में एसआई तिलक राज, हेड कांस्टेबल राकेश और कांस्टेबल नीरज के विशेष दल (डीएसटी) का गठन किया गया था।



राजधानी दिल्ली में हेल्थ फिटनेस ट्रस्ट द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित 16वीं चैंपियन रन में बड़ी संख्या में प्रतिभागी भाग लेते हुए।

# विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित हुई 16वीं चैंपियन रन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हेल्थ फिटनेस ट्रस्ट द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित १६वीं चैंपियन रन में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हम फिट तो इंडिया फिट के संदेश के साथ चौंपियन रन के माध्यम से देशवासियों में फिटनेस के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

इस चैंपियन रन का शुभारंभ दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा ध्वज दिखाकर किया गया। साथ ही रन पूरी होने के बाद विजेताओं को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी माननीय मंत्री द्वारा किया गया।इस आयोजन में दिल्ली पर्यटन विभाग के अलावा गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भी साझेदार रहे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल की विशेष उपस्थिति भी देखने को मिली।इस पूरे आयोजन का समन्वयन एशियन मैराथन चौंपियन डॉ. सुनीता गोदारा द्वारा किया गया, जो वर्षों से देशभर में फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों की अगुवाई करती रही हैं। यह आयोजन का मकसद ना केवल स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना था बल्कि पर्यटन और सतत विकास के महत्व को भी रेखांकित करना रहा। प्रतिभागियों ने रन में भाग लेकर "हम फिट तो इंडिया फिट" का संदेश साझा किया और जिम्मेदार पर्यटन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

# पूरे जोश के साथ मनाया मिठीबाई कॉलेज का महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्षितिज 25, मिठीबाई कॉलेज का प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अंतर महाविद्यालयीय सांस्कृतिक महोत्सव, नेवत्रि उत्सवों को संगीत, परंपरा और अनुपम ऊर्जा से भरी दो शानदार शामों के साथ मनाया।

पहला दिन, भव्य सहारा स्टार में आयोजित हुआ, जहाँ चार दिग्गज कलाकारों ने दमदार प्रस्तुतियाँ दीं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरीली धुनों से लेकर जोशीले बीट्स तक, इस रात ने छात्रों और उपस्थित लोगों को जीवंत उत्सव में एकजुट किया, जो नेवत्रि की भावना को पूरी तरह दर्शाता है और आने वाले दिनों के लिए माहौल तैयार करता है। दूसरा दिन, शोग्लिट्ज के सहयोग से आयोजित हुआ। इस शाम में लोक. संगीत की सनसनी गीता रबारी ने



अपने दमदार और मधुर स्वरों से मंच को जीवंत कर दिया । उत्सव में और रंग भरे लोकप्रिय कलाकार वीराज घेलेनी और वेदीका पिंटों ने, जिन्होंने अपनी ऊर्जा और करिश्मे से भीड़ को उत्साहित किया। दर्शक उत्साह से झूम उठे और यह रात एक सांस्कृतिक तमाशे में बदल गई। इस शाम का मुख्य आकर्षण था/क्षितिज 25 का थीम रिवील, "द देसी स्ट्रीटस्केप", जिसे हजारों लोगों की उपस्थिति में प्रस्तुत किया गया और यह क्षण महोत्सव की यात्रा में ऐतिहासिक बन गया । मिथिबाई कॉलेज की प्राचार्या, प्रो. कृतिका बी. देसाई ने कहा, क्षितिज 25 के नेवत्रि उत्सव सचमुच हमारे महोत्सव की आत्मा को दर्शाते हैं, परंपरा, संस्कृति और युवाओं की ऊर्जा का भव्य संगम ।

क्षितिज 25 की चेयरपर्सन, भूमि शाह ने कहा, "इस वर्ष का नेवत्रि सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि एक अनुभव था। दिग्गज प्रस्तुतियों से लेकर थीम रिवील तक, हम क्षितिजृ25 का जादू, ऊर्जा और दृष्टि सबको दिखाना चाहते थे।सहारा स्टार और शोग्लिट्ज के सहयोग में आयोजित इन अविस्मरणीय रातों ने क्षितिज 25 के नेवत्रि अध्याय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया है, जैसे-जैसे यह महोत्सव अपने मुख्य जनवरी शोकेस की ओर अग्रसर है।

# 'द पैराडाइज' में सामने आया मोहन बाबू का खौफनाक अवतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिल्म द पैराडाइज के मेकर्स ने आखिरकार फिल्म के दमदार विलेन के पोस्टर से पर्दा उठा दिया है। बता दें कि यह कोई और नहीं बल्कि दिग्गज एक्टर मोहन बाबू हैं। बता दें कि फर्स्ट-लुक पोस्टर में उनके किरदार 'शिकंजा मालिक' को खौफनाक अंदाज में दिखाया गया है। पोस्टर में, मोहन बाबू खून से सने हाथों में, उँगलियों के बीच सिगार दबाए हुए नजर आते हैं। उन्होंने गहरे काले रंग के चश्मे पहने हैं जो उनके ठंडे और भयावह व्यक्तित्व को और बढ़ाते हैं। यह लुक उनकी ताकत और सोची-समझी हिंसा का एक ऐसा माहौल बनाता है, जो किरदार के नाम, शिकंजा, के साथ पूरी तरह मेल खाता है। यह किरदार मोहन बाबू द्वारा निभाए जा रहे बेहद ताकत वॉर और बड़े विलेन की भूमिका में वापसी को दर्ज करता है। उनका दमदार लुक और तेज अंदाज नानी के साथ एक यादगार टकराव का वादा करता है। नानी इस फिल्म में एक गहरे और इमा. ्शंस से भरे किरदार में नजर आने वाले हैं।

# रात को दी महिलाओं को कार में लिफ्ट दो लाख 35 हजार रुपये लेकर हुईं फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में कार चालक को रात के वक्त दो अंजान महिलाओं को लिफ्ट देना मुश्किल हो गया। आरोप है कि महिलाएं लिफ्ट के बहाने डेस्कबॉक्स में रखे दो लाख ३५ हजार रुपये लेकर फरार हो गई। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शिकायत कर्ता कीर्ति प्रसाद परिवार के साथ सोनीपत इलाके में रहता है। कीर्ति प्रसाद ने समयपुर बादली पुलिस को बताया कि वह पिछले डेढ साल से वकील श्याम बत्रा के पास ड्राइवर के तौर पर नौकरी कर रहा है। जिनका ऑफिस कुंडली,सोनीपत इलाके में है। वह अपने मालिक के लिये पैसे लाने ले जाने का भी काम करता है। बीते २५ सितम्बर शाम साढ़े छह बजे मालिक ने ऑफिस बुलाया। पीतमपुरा इलाके में रहने वाले वाले विकास अग्रवाल नामक क्लाइंट के पास जाकर दो लाख ३५ हजार रुपये लाने के लिये कहा।

जब उसने बत्रा साहब को कहा कि मेरे पास तो बाइक है और रात का समय हो जायेगा तो उन्होंने मुझे उनके एक जानकर अश्वनी चूग से उनकी वैग्नार कार दिला दी। जिसको लेकर मैं समय करीब साढ़े आठ बजे अग्रवाल के घर पर पहुंचा, जहां से मैंने पेमेंट रिसीव कि जिसमे ४ गड्डी ५०-५० हजार की थी और ३५ हजार के एक गड्डी थी। पौने नौ बजे मालिक को फोन कर बताया वह यहां से निकल रहा है। जैसे ही में पीतमपुरा फ्लाईओवर के निचे बाईपास की और आने वाले रस्ते पर एक बस स्टॉप के पास पहुंचा।

कार का ड्राईवर साइड का पिछला टायर फट गया और मैंने कार सडक के किनारे खड़ी कर दी,जिसके बाद मैने कार की डिक्की में रखी स्पेयर स्टेपनी चेक की, जो पहले से ही पंचर मिली, जिसके बाद मैंने आसपास टायर रिपेयर करने वाले की तलाश कि जो मुझे किसी ने बतलाया कि रोहिणी जेल के सामने वाले सीएनजी पंप पर एक टायर पंचर वाले की दुकान है। वह किसी तरह से कार को वहां तक लेकर गया। टायर पंचर ठीक कराने के बाद नौ बजकर ५० मिनट पर वह कुंडली के लिये निकला। करीब सवा दस बजे जैसे ही करनाल बाईपास पर मुकरबा चौक से आगे पहुंचा।

सड़क किनारे दो औरतें खड़ी दिखाई दी। जिन्होंने लिफ्ट के लिए हाथ दिया मुझे लगा रात का समय है शायद जरूरत में होंगी तो मैंने उन्हें लिफ्ट दे दी। जिसके बाद वो मेरे साथ करीब तीन किलोमीटर तक गई। दोनों को उसने नगली पूना अंडरपास के आसपास छोड़ दिया। जब उसने अपने डेस्क बॉक्स में रखे रुपये देखे। पैसे गायब थे। मालिक और बाद में पुलिस को मामले की जानकारी दी।

# भारत की संस्कृति में संगठनों का गहरा प्रभाव रहा : विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में कुछ संगठनों का गहरा प्रभाव रहा है, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक प्रमुख संगठन है। वैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष से चल रहा है, यह वर्ष संघ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह उन सभी स्वयंसेवकों के तप, त्याग और समर्पण का प्रतीक है जिन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर सेवा की। सन १९२५ से शुरू हुआ संघ अब जब विजय दशमी २०२५ को अपने १०० वर्ष पूरे कर रहा है । इन १०० वर्षों में कोई भी व्यक्ति गुरु के स्थान पर नहीं रहा, किसी व्यक्ति की पूजा नहीं हुई बल्कि परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु मानकर संघ के स्वयंसेवको ने अपनी १०० वर्षों की यह यात्रा पूर्ण की है। यह केवल एक संगठन की उम्र नहीं, बल्कि एक विचारधारा की यात्रा है, जिसने लाखों लोगों के जीवन को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया है और भारत को परम वैभव पर बिठाने के लिए संकलित है । लेखक, शोधकर्ता एवं विचारक विकास खितौलिया के अनुसार यह शताब्दी वर्ष न केवल इसकी उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। यह अवसर हमें प्रेरणा देता है कि हम भी राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं और एक समरस, शक्तिशाली तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। वर्तमान में संघ अब नई पीढ़ी को जोड़ने, स्वदेशी तकनीक का उपयोग करने और सामाजिक समरसता को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है।

# कार्तिक पूर्णिमा के मेले को लेकर जिलाधिकारी ने किया भूमि का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गढ़मुक्तेश्वर की बूढ़ी गंगा पर लगने वाले मेले की भूमि का स्थलीय और भौतिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी के साथ अध्यक्ष जिला पंचायत रेखा नागर, विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत और अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण में पाया गया कि वर्तमान में मेले क्षेत्र की भूमि में अत्यधिक नमी और दलदली अवस्था है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्वयं गंगा क्षेत्र में उतरकर दलदली भूमि का भौतिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिया कि मेले की संपूर्ण तैयारी व कार्य योजना समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने विशेष रूप से दलदली भूमि को समय से ठीक करने के लिए सुनिश्चित करने को कहा।



निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने जिलाधिकारी को मेले के भौगोलिक मानचित्र के माध्यम से क्षेत्र की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। निरीक्षण के समय अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, जिला आबकारी अधिकारी, एक्शन लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायती राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, और जिला सूचना अधिकारी सहित कई अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेले में बिछड़ी मासूम को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा पुलिस ने मेले में बिछड़ी मासूम को कड़ी मेहनत के बाद ढूंढ़कर बच्ची के परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया। बच्ची के परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया और प्रशंसा की।



उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा अभियान मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन वर्षीय बच्ची का अपने माता-पिता से मेले में बिछड़ जाने पर मेले में तलाश कर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया। परिजनों से बिछड़ी बच्ची को पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि रामलीला मैदान मे आयोजित मेले में तीन वर्षीय बच्ची अपने माता-पिता से बिछड़ गई। परिजनों के काफी तलाश करने पर भी ज़ब मासूम बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मिशन शक्ति केन्द्र थाना पिलखुवा टीम से महिला उप निरीक्षक रेखा भदौरिया, उपनिरीक्षक अंशु चौधरी, महिला हेड कांस्टेबल, हेमलता, कांस्टेबल सोनिया, बोबी ने बच्ची को तलाशना शुरू कर दिया। मेहनत के बाद टीम ने बच्ची को मेले मे तलाश कर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। मासूम बच्ची को पाकर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति के तहत एसपी ने छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में स्थित डीएम पब्लिक स्कूल में कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं और महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से छात्राओं को जागरूक किया।



इस दौरान एसपी ने छात्राओं व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी दी। उन्हें इन नंबरों की उपयोगिता समझाई गई ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके।

एसपी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और मानसिक सतर्कता व त्वरित निर्णय लेने की तकनीक बताई। उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। बच्चों को गुड टच-बैड टच समझाया गया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाना है ताकि वे हर प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठा सकें।

# सिम्स की वाइस चेयरपर्सन को मिला स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हापुड़ की वाइस चेयरपर्सन और सारस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की प्रेरणास्रोत राम्या रामचन्द्रन को स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता सर्वश्रेष्ठ चिकित्सीय उत्कृष्टता एवं समाजसेवी सम्मान से नवाज़ा गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें भारत निर्माण कॉन्क्लेव एवं अवॉर्ड्स 2025 के दौरान नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जीतन राम मांझी केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, संजय सेठ राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, अनुप सोनी लोकप्रिय अभिनेता एवं टेलीविजन होस्ट प्रसिद्ध शो क्राइम पेट्रोल के लिए निकिता दत्ता फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री शामिल रहे। यह विशिष्ट सम्मान मंच पर अभिनेता अनुप सोनी ने राम्या रामचन्द्रन को प्रदान किया। राम्या रामचन्द्रन ने अपने नेतृत्व से सरस्वती ग्रुप को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा दोनों क्षेत्रों में अग्रणी बनाया है। इसे करुणामय, किफायती और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बनाना। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियानों के माध्यम से वंचित वर्गों तक सेवाएँ पहुँचाना। उनका मूलमंत्र है सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। राम्या रामचन्द्रन ने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि सिम्स के प्रत्येक डॉक्टर, अध्यापक और स्टाफ की अथक मेहनत और निस्वार्थ सेवाओं का परिणाम है। सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हापुड़, आधुनिक अवसंरचना, नवीनतम तकनीक, अनुभवी फैकल्टी और विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है, जो समाज के सभी वर्गों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है।



# भरत-राम मिलन की झांकी ने भावविभोर किए श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित प्रतिदिन की शोभायात्रा में शनिवार को चित्रकूट प्रसंग पर आधारित झांकी प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा रेलवे से लाला शब्बू मल आथौड़ी वालों की धर्मशाला से प्रारंभ होकर रामलीला मैदान में संपन्न हुई।



मंच पर वृंदावन से आए स्वामी बृज किशोर शर्मा के कलाकारों ने भरत का अयोध्या आगमन एवं प्रभु श्रीराम से मिलन का प्रसंग जीवंत किया। झांकी में दर्शाया गया कि माता कैकेयी ने भरत को राजगद्दी और राम को 14 वर्ष का वनवास दिलवाने का वरदान माँगा था। पिता दशरथ की मृत्यु का समाचार पाकर भरत ने माता को धिक्कारा और अयोध्या वासियों के साथ राम को वापस लाने हेतु चित्रकूट पहुँचे। श्रीराम ने भरत को चरणपादुका देकर अयोध्या लौटने का संदेश दिया। इस मार्मिक प्रसंग को देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई और करताल ध्वनि से रामभक्तों ने स्वागत किया। मेले के अधिकारी अखिलेश मित्तल ने बताया कि सोमवार को अत्रि-अनुसूया प्रसंग, अगस्त ऋषि पर श्रीराम की कृपा और पंचवटी निवास लीला का चित्रण किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश मित्तल, मंत्री संदीप जिंदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोयल, सुभाष चंद्र गोयल, नवनीत मित्तल, पवन सिंगल, तरग मित्तल, वीरेंद्र गुप्ता, सुनील गोयल, आशीष मित्तल, राजेश गोयल गप्पू, केशव शर्मा, विजयपाल आदि ने शोभायात्रा एवं रामलीला मैदान की व्यवस्था में सहयोग दिया।

# चोरी की ई-रिक्शा के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार जिनके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गयी ई-रिक्शा व अवैध चाकू बरामद किया है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि चोरों ने थाना क्षेत्र से ई रिक्शा चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसके संबंध में थाना हापुड़ नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

शनिवार को पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को मास्टर कॉन्वेन्ट स्कूल के पास चित्तौली रोड़ से गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गई ई-रिक्शा व अवैध चाकू बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि वाहन चोरों की पहचान सागर पुत्र नानक चन्द निवासी मौहल्ला कन्हैयापुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड और राहुल उर्फ गुल्ला पुत्र शंकर निवासी मौ. मुजफ्फरपुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी की ई-रिक्शा बरामद कर ली है।




## एक नजर

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सज़ा, 10 हज़ार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को 3 साल का सश्रम कारावास व 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को दण्डित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 2 जुलाई 2021 को आरोपी इरफान पुत्र दौसा निवासी ग्राम टोडरपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ द्वारा रास्ते में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था तथा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो प्रथम हापुड़ द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल का सश्रम कारावास व 10,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

### घर में घुसकर दंपति पर जानलेवा हमला व छेड़खानी करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** घर में घुसकर धारदार हथियार और लाठी डंडों से जनलेवा हमला और बदनियती से छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए सिंभावली क्षेत्र की महिला ने पांच नामजद समेत दो अज्ञात के विरुद् हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया।

सिंभावली क्षेत्र के गांव की महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया है कि 25 सितंबर की सुबह वह अपने घर में पति के साथ बातचीत कर रही थी। इसी दौरान गांव के ही पांच लोग दो अज्ञात लोगों के साथ धारदार हथियार और लोहे की रॉड लेकर घर में घुस आए। जिन्होंने हत्या करने की नीयत से उसके पति के सिर में लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उसने विरोध किया तो आरोपियों में एक ने उसे पकड़ लिया और गंदी गंदी गाली देते हुए नीचे गिराकर अश्लील हरकत कर डालीं। महिला का कहना है कि शोर सुनकर आसपास के कई लोग मौके पर आ गए, जिन्हें देख हमलावर भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

**सौतन ने भी दी हुई है अपने ऊपर हमला होने की तहरीर**

जिस महिला ने अपने साथ अश्लीलता और पति के ऊपर जानलेवा हमला होने का मुकदमा दर्ज कराया है, उसकी सौतन द्वारा भी अपने ऊपर हमला होने का आरोप लगाते हुए अपनी पति समेत उसके कई साथियों के विरुद्ध तहरीर दी हुई है। परंतु रिपोर्ट दर्ज न होने पर उसने डीआईजी को पत्र भेजा है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि पीड़ित महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है। पीड़िता की सौतन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर भी जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मानसिक तौर पर कमजोर युवक के साथ किया कुकर्म, पीड़ित की भाभी ने नामजद करते हुए दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मानसिक तौर पर बीमार युवक को कमरे में खींचकर जबरन कुकर्म करने वाले पर घटना के दौरान बनाए गए वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाकर भाभी ने तहरीर दी। सिंभावली क्षेत्र के गांव की महिला ने अपने 20 वर्षीय मानसिक तौर पर बीमार देवर के साथ गांव के ही युवक द्वारा कमरे में खींचकर चाकू की नोक पर जबरन कुकर्म का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। जिसमें उल्लेख किया है कि 25 सितंबर की रात में आरोपी ने उसके देवर को जबरन कमरे में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म करते हुए इस दौरान वीडियो भी बना ली थी। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मुंह बंद करने का दबाव बनाया जा रहा है। महिला का कहना है कि उसके देवर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जो ठीक से बोल भी नहीं पाता है। अपने साथ दुष्कर्म की संगीन घटना होने से उसकी दिमागी हालत और भी बिगड़ गई है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




थाना प्रभारी निरिक्षक धीरज मालिक ने बताया कि थाना बहादुरगढ पुलिस द्वारा थाने के मुकदमा अपराध संख्या 223/2025 धारा 74, 352 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट में फरार आरोपी मुफीद पुत्र नजीर निवासी ग्राम शेरपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड को चांदनेर रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि नाबालिग लड़की के परिजनों द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे हैं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मिशन शक्ति 5.0 तहत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पांडेय के आदेश और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के नेतृत्व में जनपद की तीनों नगर पालिका परिषदों हापुड़, पिलखुवा और गढ़मुक्तेश्वर के मुख्य चौराहों पर नुक्कड़ नाटको का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लैंगिक समानता और महिलाओं व बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा जैसे संवेदनशील विषयों पर जनमानस को जागरूक करना था। नुक्कड़ नाटक में आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़, हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज पिलखुवा और आदर्श इंटर कॉलेज गढ़मुक्तेश्वर की छात्राओं ने सशक्त प्रदर्शन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्डलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 101 अग्नि शमन सेवा, और 108 एम्बुलेंस सेवा के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओ जैसे निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप जैसी महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह सहित मनीष द्विवेदी, रविंद्र कुमार, सोनिया सेन्टर मैनेजर, रविता, सोनिया, अंकित, जीतू आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक एक प्रभावशाली माध्यम है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को आवश्यक हेल्पलाइन और सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे तौर पर मिल सके।




# रामलीला मंचन: लक्ष्मण ने काटी सूर्पणखा की नाक, भक्तों का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ समिति के प्रधान विनोद वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल और अन्य सदस्यों द्वारा विधिपूर्वक राम की आरती करके किया गया।

व्यास जी का पूजन बिनायक ग्रुप के चेयरमैन बिपिन गुप्ता और उनके परिवार द्वारा किया गया। प्रधान विनोद वर्मा ने लीला में आयोजित कार्यक्रमों की विशेष जानकारी दी। पवन देव चतुर्वेदी महाराज के कंठ से सुंदर चौपाइयों का गान हुआ। जयंत लीला का मंचन किया गया। अत्रि के आश्रम पर माता जानकी को अनुसुईया द्वारा नारियों में श्रेष्ठ उपदेश दिए गए। राम सरभंग जैसे मुनियों से मिलते हैं और अरण्य वनों में प्रवेश करते हुए निशाचरों को पृथ्वी से मिटाने की प्रतिज्ञा करते हैं। प्रभु राम सुतीक्षण मुनि के साथ ऋषि अगस्त के आश्रम जाते हैं और पंचवटी पर निवास करते हुए गीधराज जटायु पर कृपा करते हैं। राम, जानकी और लक्ष्मण को दिव्य ज्ञान से अभिभूत कराते हैं। एक दिन रावण की बहन शूर्पणखा का आगमन पंचवटी पर हुआ, जो राम को देखकर कामासक्त हो गई। उसने प्रभु से गंधर्व विवाह के लिए प्रणय निवेदन किया। प्रभु के मना करने पर वह रुष्ट होकर विकराल वेश बनाकर सीता को खाने दौड़ी। तब लक्ष्मण ने शूर्पणखा के नाक और कान काट दिए। नाक-कान कटने के बाद शूर्पणखा रोती-बिलखती हुई अपने भाई खर-दूषण को पुकारने लगी। यह मंचन देर रात तक चला, जिसमें विशाल संख्या में नगर वासियों का जमावड़ा रहा। मंचन के दौरान समिति के पदाधिकारी, जिनमें प्रधान विनोद वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल, वरिष्ठ उप प्रधान नवीन वर्मा, उप प्रधान सुयश वशिष्ठ, संरक्षक अनिल आजाद एडवोकेट, रतनलाल नन्हे, देवेंद्र अग्रवाल डीके, मीडिया प्रभारी गोयल और रामकुमार गर्ग, नवीन गुप्ता, विमल वर्मा, हरिप्रकाश जिंदल, विवेक सिंहल, चुनना माधव वर्मा, ऋतिक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# राम ने सरलता से छोटे लोगों को भी गले लगाया, इसलिए वह जन-जन के राम बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर फगोता की सहायतार्थ आयोजित राम कथा में कथा व्यास अरविंद भाई ओझा ने अपने प्रवचन में प्रभु राम के जीवन की सरलता, पुरुषार्थ और उनके महान प्रेम का वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि प्रभु राम सब प्रकार से सफल थे। बुद्धि में, संपदा में और चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र थे। फिर भी उनके जीवन की सरलता ऐसी थी कि उन्होंने समाज के छोटे लोगों और वनवासियों को भी गले लगाया। उन्होंने निषाद राज गुह और केवट जैसे छोटे लोगों को प्रेम दिया। उन्होंने भील, किरात, कोल, रीछ, वानर जैसे वनवासियों को भी अपनाया। इसी कारण से राम जन-जन के राम हो गए। राम को राजा बनाने के लिए ऋषियों ने तप किया, लेकिन राम ने पुरुषार्थ करके सामान्य जन में आत्मविश्वास को बढ़ाया। राम का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थिति होने पर भी हार नहीं माननी चाहिए और उन परिस्थितियों से लड़कर आगे बढ़ना चाहिए। राम वनवास में ऋषियों और गुरुओं के मार्गदर्शन से आगे बढ़े। इसलिए, जीवन में गुरु बनाना अत्यंत आवश्यक है।

जो हमें भगवान से और परमात्मा से जोड़े, वही गुरु हो सकता है। जो हमें वेदों और सनातन परम्परा से तोड़कर केवल अपने से जोड़े, वह गुरु नहीं हो सकता। अरविंद भाई ओझा ने भरत और राम के प्रेम की चर्चा करते हुए कहा कि प्रेम को प्रकट करने के लिए ही राम वनवास गए। अगर राम वनवास नहीं जाते, तो समाज यह नहीं समझ पाता कि भरत और राम में कितना गहरा प्रेम था।

उन्होंने भरत और लक्ष्मण के सेवा भाव की तुलना करते हुए कहा कि लक्ष्मण भगवान के निकट रहकर उनकी सेवा करते हैं। भरत जी भगवान से दूर रहकर चुपचाप उनकी सेवा में लगे रहते हैं, इसीलिए भरत जी का एक नाम मोनी मुनि भी है। कथा में यजमानों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों में मनमोहन मित्तल, ऋषिपाल, आकाश तोमर, सुदर्शन मित्तल, कांति सिंह अनवरपुर, अजयवीर तेवतिया और ओमपाल परतापुर आदि शामिल रहे।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो पहुंचे प्रदेश वित्त मंत्री

■ बोले, 2017 से पहले जो यूपी पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल है



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** 2017 से पहले जो यूपी पिछड़ा था, आज आर्थिक तरक्की की मिसाल बन चुका है। अब यूपी सुरक्षा और सुशासन का पर्याय बन चुका है। प्रदेश विकास के पैमाने पर चौतरफा तरक्की कर रहा है। यह बातें प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयोजित श्ट्रांसफॉर्मिंग फाइनेंशियल लैंडस्केप इन यूपीश में कहीं। कार्यक्रम को प्रदेश के एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, वित्त विभाग के विशेष सचिव समीर वर्मा भी मौजूद रहे।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के उद्यमियों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म है। वित्त मंत्री ने कहा कि जब से केंद्र में एनडीए और यूपी में योगी सरकार आई है, कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई है और संगठित अपराध खत्म हो चुका है। इसके चलते जो प्रदेश कभी अर्थव्यवस्था और विकास के पैमाने पर पिछड़ा हुआ था वह अब तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिना थके, बिना रुके यूपी के विकास के लिए सतत काम कर रहे हैं। 2017 से पहले यूपी की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन आज पूरी दुनिया में लोग यूपी को बेहतर कानून व्यवस्था और आर्थिक तरक्की के लिए जानते हैं।

**15 लाख करोड़ का आया निवेश:** वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार में यूपी का बजट और उसका आकार लगातार बढ़ा है। 2018 तक बजट का साइज 3 लाख करोड़ तक था जो आज बढ़कर 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है। उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति सही होने की वजह से यूपी में विकास की गंगा बह रही है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेशकों की हर संभव मदद कर रही है। निवेशकों की सहूलियत के लिए निवेश मित्र और निवेश सारथी जैसे एप बनाए गए हैं।

**उदार रवैया अपनाए बैंक:** वित्त मंत्री ने उद्यमियों से अपील की कि वे अपने उत्पाद की क्वालिटी पर विशेष ध्यान दें ताकि वैश्विक स्तर पर भारतीय उत्पाद भरोसेमंद ब्रांड बने। राष्ट्रीय बैंकों को सीडी रेश्यो सुधारने की नसीहत देते हुए खन्ना ने कहा कि प्राइवेट बैंकों की शर्तें और सिक्योरिटी मेजर्स राष्ट्रीय बैंकों से ज्यादा हैं, इसके बावजूद उनका सीडी रेश्यो बेहतर है। इसलिए नेशनलाइज्ड बैंकों को आत्मनिरीक्षण कर सुधार करना चाहिए और बैंकों को और अधिक उदार रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि एफडीआई आकर्षित करने में यूपी देश में अव्वल है और अब तक 3700 करोड़ रुपए का एफडीआई आ चुका है।

**जीएसटी रिफॉर्म से आम जनता को मिलेगा बड़ा लाभ:** सुरेश खन्ना ने कहा कि जीएसटी में राहत से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यूपी का एक्सपोर्ट 2014 से पहले 84,000 करोड़ रुपए का था, जो आज बढ़कर 1,76,000 करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है। यूपी की अर्थव्यवस्था में जबरदस्त उछाल आया है। हमने अपने बजट में 133 प्रतिशत की वृद्धि की है और वर्ष 2024-25 में 59,000 करोड़ रुपए के राजस्व सरप्लस स्टेट बने हैं। हमारी आय हमारे खर्च से कहीं ज्यादा है और इस मामले में यूपी देश में सबसे आगे हैं।

# प्रदेश के उद्यमियों को सीधे वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की हो रही पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग जगत में नई उड़ान भर रहा है और इसकी सबसे बड़ी मिसाल बनी है यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जिस दूरदृष्टि और पारदर्शी नीति के साथ इस आयोजन को शुरू किया है, वह न सिर्फ प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक बाजार तक पहुंचा रही है, बल्कि निवेश और औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं के दरवाजे भी खोल रही है। यूपीआईटीएस का सबसे बड़ा आकर्षण बी2बी मीटिंग्स का अनूठा मॉडल है, जिसे पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल बनाया गया है। इस बार 520 से अधिक विदेशी बॉयर्स यहां पहुंचे हैं और उद्यमियों के साथ उनकी लगातार मीटिंग्स और एमओयू भी हो रहे हैं।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस द्वारा इन सभी विदेशी खरीदारों का पंजीकरण यूपीआईटीएस की आधिकारिक वेबसाइट पर कराया गया है। इतना ही नहीं, वेबसाइट पर यह भी दर्ज है कि कौन-सा बॉयर हॉल नंबर 15बी में किस टेबल पर बैठकर उद्यमियों से मिलेगा। पारदर्शिता का यह स्तर इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत बन गया है। प्रदेश के उद्यमी वेबसाइट पर जाकर अपने सेक्टर के अनुसार विदेशी बॉयर्स की लिस्ट देख सकते हैं और अपने उत्पादों की प्रस्तुति के लिए उनसे मुलाकात का समय तय कर सकते हैं। यहां उन्हें जो भी स्लॉट मिलता है, उसी के आधार पर वे बुकिंग कर सीधे वैश्विक बाजार के बड़े खरीदारों तक पहुंच बना सकते हैं।

बी2बी हॉल में जब उद्यमी अपने उत्पादों का परिचय देते हैं और यदि विदेशी खरीदार प्रभावित होता है, तो वहीं पर तत्काल एमओयू (डवन्) साइन कर सकता है। यह त्वरित प्रक्रिया न केवल कारोबार को गति देती है, बल्कि उद्यमियों को तत्काल बाजार में उतारने का अवसर भी देती है। अगर किसी उत्पाद में खरीदार तत्काल समझौता करने की बजाय आगे बातचीत करना चाहता है, तो इसे बिजनेस लीड माना जाता है। ये लीड भविष्य में गहरे रिश्तों और बड़े अनुबंधों का रास्ता खोल सकती हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा कहा है कि "उत्तर प्रदेश को भारत का ग्रोथ इंजन बनाना है।" यही वजह है कि सरकार ने पारदर्शिता, तकनीक और ग्लोबल कनेक्टिविटी पर जोर दिया है। यूपीआईटीएस उसी दृष्टिकोण का परिणाम है, जहां वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (व्क्व्च) से लेकर स्टार्टअप्स और डैडम् सेक्टर तक के उद्यमियों को विश्व स्तरीय मंच मिल रहा है। प्रदेश में सड़क, बिजली, एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक हब जैसी आधारभूत संरचना के विकास ने भी विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। यही कारण है कि बी2बी मीटिंग्स के जरिए न सिर्फ छोटे उद्यमी बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक मानचित्र को भी नई पहचान मिल रही है। यूपीआईटीएस में चल रही बी2बी मीटिंग्स केवल एक इवेंट भर नहीं हैं, बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापारिक नक्शे पर मजबूत स्थिति दिलाने जा रही है। विदेशी बॉयर्स और भारतीय उद्यमियों के बीच बनी यह सीधी कड़ी आने वाले वर्षों में करोड़ों के व्यापार और हजारों रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का एटीसी टॉवर तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने उद्घाटन की अंतिम उलटी गिनती में प्रवेश कर चुका है. 30 अक्टूबर को होने वाले भव्य उद्घाटन समारोह से पहले हवाई अड्डे के निर्माण कार्यों में तेजी आ गई है. हाल ही में हुई बारिश के बाद जैसे ही मौसम ने करवट ली निर्माण स्थल पर गतिविधियां फिर से तेज हो गई हैं।

टर्मिनल भवन, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर और रनवे का काम लगभग पूरा हो चुका है. अब केवल फिनिशिंग टच, फॉल्स सीलिंग और उपकरणों की इंस्टॉलेशन जैसे कार्य शेष हैं. टर्मिनल भवन में बन रहे दस एयरोब्रिज में से नौ पूरी तरह तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए विशेष वेटिंग रूम तैयार किया जा रहा है। उद्घाटन के बाद शुरुआत में केवल घरेलू व्यावसायिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। लगभग 6 महीनों के अंदर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत की योजना है। यह हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर को वैश्विक स्तर पर सीधी कनेक्टिविटी देने वाला प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

**रनवे और नेविगेशन सिस्टम में अत्याधुनिक तकनीक:** रनवे का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब डीजीसीए के सुरक्षा मानकों के अनुरूप नेविगेशन लाइट्स और रडार सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इससे किसी भी मौसम में विमानों की आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी। एटीसी टावर भी पूरी तरह बनकर तैयार है और इसमें अत्याधुनिक उपकरणों की इंस्टॉलेशन चल रही है।

**ईंधन आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन:** विमानों में ईंधन भरने के पुराने तरीकों को बदलते हुए नोएडा एयरपोर्ट पर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है. अब तेल डिपो से एप्रन तक एक अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाई गई है, जिससे विमानों में सीधे ईंधन भरा जा सकेगा। इससे समय की बचत होगी और सुरक्षा बेहतर होगी।

**हर उपकरण की हो रही है सघन जांच:** यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की तकनीकी टीमें प्रतिदिन पूर्ण हो चुके कार्यों का परीक्षण कर रही हैं. एयरो. ब्रिज को विभिन्न एंगल पर चलाकर उसकी कार्यप्रणाली जांची जा रही है। वहीं, आपात स्थितियों से निपटने के लिए अग्निशमन प्रणाली का नियमित परीक्षण जारी है।

# श्रीराम और निषादराज की मैत्रीपूर्ण भेंट ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रामलीला की प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के वनवासी जीवन की लीलाओं का अत्यंत सुंदर और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत राम वनवास के दृश्य से हुई। राम के वन गमन से आहत प्रजा. जनों ने बिलखते हुए श्रीराम के साथ वन की ओर प्रस्थान किया। श्रीराम और निषादराज की मैत्रीपूर्ण भेंट ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। केवट द्वारा श्रीराम के चरणों की रज धोकर उन्हें नाव में बैठाने की लीला ने दर्शकों की आंखों में अश्रु ला दिए। इसके पश्चात कैकई का परित्याग, दशरथ मरण, भरत-कैकई संवाद और भरत मिलाप के मार्मिक प्रसंगों ने दर्शकों को व्यथित कर दिया। इसके आगे रावण द्वारा स्वरूपनखा के पति विद्युतजीवा की हत्या, स्वरूपनखा का निकुंभला देवी के चरणों में प्रार्थना करना, षड्यंत्र पूर्वक श्रीराम के पास जाना, अंग भंग होना, खरदूषण वध जैसे दृश्य अत्यंत प्रभावशाली रहे। विशेष रूप से दशरथ मरण, भरत मिलाप, केवट संवाद, स्वरूपनखा-निकुंभला संवाद, खरदूषण वध, तथा रावण के महल में प्रवेश की झांकी को प्रभावशाली संवादों और भावनात्मक अभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया।

## एक नजर

### लावारिस कुत्तों को हटाने के लिए कोर्ट पहुंचीं सात महिलाएं

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-137 की सात महिलाएं लावारिस कुत्तों के मामले में किए गए केस की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में होगी। इनका केस हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर हो गया है। पैरामाउंट फ्लोरविले सोसाइटी निवासी अभीष्ट कुसुम गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग सोसाइटियों की सात महिलाओं ने लावारिस कुत्तों को हटाने के लिए कोर्ट में केस किया था।

### आई लव मुहम्मद विवाद पर सीमा हैदर का बयान: कहा, मैं महादेव से प्यार करती हूं

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** आई लव मुहम्मद पोस्टर विवाद के बीच, पाकिस्तान से भारत आकर ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रह रही सीमा हैदर ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक टीवी चौनल की डिबेट के दौरान कहा कि श्मैं महादेव से प्यार करती हूंश। सीमा हैदर ने सनातन धर्म को बेहद खूबसूरत बताया। डिबेट में उनके वकील एपी सिंह भी मौजूद थे।

सीमा ने बताया कि पाकिस्तान में पली-बढ़ी होने के बावजूद, वह हमेशा भारत और क्रिकेटर विराट कोहली का समर्थन करती थीं। उन्होंने कहा, ष्पाकिस्तान में रहते हुए भी मैं भारत और विराट कोहली को सपोर्ट करती थी।

उन्होंने आगे कहा कि आज जब वह भारत में हैं, तो उन्हें गर्व महसूस होता है। सीमा हैदर का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर राजनीतिक व सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों के लाभ और कीमत की जानकारी से रूबरू हो रहे लोग

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में इलेक्ट्रिक और स्ट्रांग हाईब्रिड वाहनों के लाभ व कीमत की जानकारी से लोग रूबरू हो रहे हैं। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग वाहनों की जानकारी लेने पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि 13 अक्टूबर के बाद उन्हीं इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स छूट और सब्सिडी मिलेगी जो यूपी में निर्मित हैं। परिवहन विभाग का स्टॉल द्वितीय तल पर हॉल नंबर चार में लगाया गया है। ट्रेड शो में 2000 वर्ग मीटर से ज्यादा स्थान पर इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग कंपनियों की इलेक्ट्रिक और हाईब्रिड गाड़ियां प्रदर्शित की गई हैं। ड्राइविंग सिम्युलेटर मशीन आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। सेक्टर 93ए निवासी पीयूष ने कहा कि ट्रेड शो एक ऐसी जगह है, जहां पर एक ही स्थान पर सभी तरह की चीजे और उसकी जानकारी मौजूद है। उन्होंने कहा कि धनतेरस पर इलेक्ट्रिक कार खरीदना चाह रहे हैं। ऐसे में कार की जानकारी प्राप्त करने आए हैं। जेपी अमन सोसाइटी निवासी शिवम ने कहा कि ट्रेड शो में घूमना अलग-अलग वाहन शोरूम में जाने से बेहतर है। आरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर संपूर्ण टैक्स छूट और अधिकतम एक लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयास किया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए आकर्षक का स्थान बने। जिन इलेक्ट्रिक वाहनों को आने वाले समय में बाजार में उतारा जाएगा, उनका भी प्रदर्शन ट्रेड शो में किया जा रहा है।

### केवी के छात्र को लाठी-डंडों से पीटकर पार्किंग में फेंका

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-24 स्थित केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले 11वीं कक्षा के छात्र के साथ शुक्रवार को स्कूल के ही दो पूर्व छात्रों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को खोड़ा कॉलोनी में फेंक दिया। छात्र के पिता ने आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर-12 निवासी कमल लाल ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा श्लोक केंद्रीय विद्यालय में 11वीं कक्षा का छात्र है। विद्यालय के तीन पूर्व छात्रों ने शुक्रवार को श्लोक को लाठी और डंडे से पीटा। मारपीट के बाद आरोपी श्लोक को खोड़ा कॉलोनी की पार्किंग में फेंककर भाग गए।

शिकायतकर्ता ने घायल बेटे की मेडिकल जांच कराने की मांग की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी छात्र वरुण नेगी, रूद्र राणा और दक्ष राणा को गिरफ्तार कर लिया। छात्र के पिता के मुताबिक तीनों युवकों की धमकियों से उनका बेटा और पूरा परिवार दहशत में है।

# यूपीएसआईडीए अधिकारी पर मनमानी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक धीरेन्द्र सिंह ने यूपीएसआईडीए के रीजनल मैनेजर अनिल शर्मा को वेंडर जोन में हो रही मनमानी और योजनाओं में पारदर्शिता की कमी को लेकर सार्वजनिक रूप से फोन पर फटकार लगाई। मामला उस समय गरमा गया जब विधायक ने योजना के तहत प्रक्रियाओं में स्थानीय लोगों की अनदेखी पर नाराजगी जताई।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने सख्त लहजे में कहा, लोकतंत्र में तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यूपीएसआईडीए को जनता और जनप्रतिनिधियों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।ष उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ष्कोई अधिकारी अपनी मनमर्जी नहीं चला सकता। योजनाएं कागजों पर नहीं, जमीन पर उतरनी चाहिए और वह भी जनता की सहमति से।

**दस्तावेज और जनता की सहभागिता की मांग:** विधायक ने न्च्ैप्क् अधिकारियों से वेंडर जोन योजना से जुड़े सभी दस्तावेज पेश करने और पारदर्शिता के साथ चर्चा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापारी, वेंडर और आम नागरिक योजना से प्रभावित हो रहे हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की तानाशाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में विधायक सिंह यूपीएसआईडीए अधिकारी अनिल शर्मा को कड़ी फटकार लगाते नजर आ रहे हैं। उनके तेवर यह संदेश दे रहे हैं कि प्रशासनिक अधिकारियों को जवाबदेह रहना होगा।

## मकान में लगाई सेंध जेवरात व नगदी चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र के सेक्टर ओमीक्रोन 1 में चोरों ने एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया।चोर घर से लाखों रुपए के जेवरात व ढाई लाख रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ओमिक्रॉन सेक्टर में रहने वाले सुभाष चंद्र ने बताया कि 24 सितंबर की रात्रि को वह अपने परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। देर रात्रि अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर अलमारी में रखे जेवरात में ढाई लाख रुपए की नगदी चोरी कर ली। सुबह जब वह सो कर उठे तो उन्हें सामान अस्त व्यस्त मिला। इसके बाद उन्होंने अलमारी देखी तो उसका ताला टूटा हुआ था। थाना प्रभारी का कहना है कि पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# भगवान राम की लीला देखने का जिन लोगों को सौभाग्य मिलता है वह सौभाग्यशाली होते हैं: नागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा शनिवार को रामलीला से पहले गणेश पूजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक विमला बाथम मौजूद रहे।

इस अवसर पर रामलीला में आए लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने कहा कि भगवान श्री राम की रामलीला देखने का सौभाग्य उन्हीं लोगों को मिलता है ,जो सौभाग्यशाली होते हैं।

उन्हें भी भगवान राम की लीला देखने का अवसर मिला, उन्होंने कहा कि भगवान नाम लीला में धाम जीवन के उधार के माध्यम शास्त्रों में बताए गए हैं, उन्हीं की रामलीला देखने का मौका मिल रहा है, उन्होंने रामलीला का मंचन करने वाले आयोजक समिति का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर नोएडा की पूर्व विधायक एवं महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम ने भी रामलीला के संबंध में कहा कि रामलीला एक ऐसा माध्यम है जिसे प्रत्येक परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है।

इस अवसर पर स्वागत अध्यक्ष नवीन सोनी, एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह, डिप्टी एसपी सुदेश गुप्ता, डिप्टी एसपी राजीव गुप्ता, के अलावा अति विशिष्ट अतिथि समा. जवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता, टी सी गॉड महानगर अध्यक्ष नोएडा हिंदू युवा वाहिनी, नरेंद्र चोपड़ा अध्यक्ष जनशक्ति सेवा समिति, के अलावा धर्मेंद्र चौहान, समाजसेवी आजाद भाटी, विनोद त्यागी, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, एनसी त्यागी, नरेश शर्मा, राजेंद्र अवाना, संजीव गुप्ता, वीरेंद्र मेहता विनीत मेहता, एडवोकेट राजीव त्यागी, डॉ वी के गुप्ता, महासचिव समाजवादी पार्टी विकास यादव, विक्रम राठौर, दिनेश भाटी, अमित त्यागी, राजीव अग्रवाल, भूषण शर्मा आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर रामलीला देखने आए लोगों और मुख्य अतिथि का रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल और उनकी टीम ने आभार प्रकट किया।

# शराब के नशे में खुद की कार पर गोलियां चलाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख क्षेत्र के मिल्क लच्छी गांव के पास शराब के नशे में धुत युवकों ने अपनी कार पर फायरिंग की और कार सवार एक युवक को गोली लगने की सूचना पुलिस को दे दी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सादुल्लापुर गांव निवासी राहुल पहलवान ने गुरुवार की दोपहर डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि उसके भाई को किसी ने गोली मार दी है। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मिल्क लच्छी गांव के समीप घटनास्थल पर पहुंची।

जहां पुलिस को चार युवक नशे की हालत में मिले। कॉल करने वाले राहुल ने पुलिस को बताया कि वह कार में सवार होकर सादुल्लापुर गांव निवासी अपने दोस्त यश नागर के घर से वापस लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने कार पर फायरिंग की और फरार हो गए। पुलिस ने कार की जांच की तो उसके बोनट और शीशे पर गोलियों के निशान मिले। कार पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। तलाशी के दौरान नंबर प्लेट कार के अंदर मिली। पुलिस मौके पर मौजूद राहुल यादव, विकास यादव, विकल यादव और आशु शर्मा को प्राथमिक उपचार के लिए ले गई।

मेडिकल रिपोर्ट में चारों नशे में पाए गए। साथ ही, उनके शरीर पर गोली लगने जैसा कुछ भी निशाना नहीं मिला। पुलिस ने जांच की तो सभी अपराधिक प्रवृत्ति के निकले। सभी के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में अलग-अलग कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने चारों से पूछताछ की तो पता चला कि किसी को फंसाने के चक्कर में उन्होंने यह साजिश रची थी। उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाई। पुलिस ने सर्फाबाद निवासी राहुल यादव, हो. शियारपुर गांव निवासी विकास यादव, सेक्टर-122 निवासी विकल यादव, चौड़ा रघुनाथपुर गांव निवासी आशु शर्मा, सोरखा गांव निवासी राहुल यादव, सादुल्लापुर गांव निवासी यश नागर, मिल्क लच्छी गांव निवासी अभिषेक कसाना और सेक्टर 63 निवासी रितिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चौथी जिला जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आगामी एक से तीन नवंबर तक इलाहाबाद में होने वाली राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन शुक्रवार को चौथी जिला जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 2025-26 में किया गया। सेक्टर-141 शाहदरा स्थित विजय श्री जिम्नास्टिक अकादमी में प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बिसरख श्यामेन्द्र नागर ने किया।

प्रतियोगिता का संचालन कंप्टीशन डायरेक्टर डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने किया और अंतरराष्ट्रीय रेफरी की देखरेख में सुबह से ही खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए। जिला जिम्नास्टिक संघ गौतम बुद्ध नगर के सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर 6, 8, 10 और 12 वर्ष के बालक और अंडर 10 वर्ष की बालिकाओं का चयन किया गया। प्रतिभागियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा में अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर पदक अर्जित किए। इस दौरान मुख्य अतिथि श्यामेन्द्र नागर ने विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और जज एवं रेफरी को बधाई दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में उप क्रीड़ा अधिकारी परवेज अली, अरविंद प्रधान नंबरदार, नरेंद्र प्रधान नंबरदार, वरिष्ठ संयुक्त सचिव, जिला ओलंपिक संघ, गौतम बुद्ध नगर जफर खान और समस्त जिला जिम्नास्टिक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यमुना सिटी में कैंसर इलाज के उपकरण बनेंगे

## 12 नए भूखंडों का आवंटन किया गया, 100 करोड़ का निवेश, एक हजार को रोजगार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-28 में कैंसर, हार्ट और सांस संबंधी बीमारी के उपचार के उपकरण तैयार होंगे। इसके लिए मेडिकल डिवाइस पार्क में 12 नए भूखंडों का आवंटन किया गया है। इससे शहर में 100 करोड़ रुपए का निवेश आएगा और एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

यमुना प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि 16 जून को मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 21 भूखंडों की योजना शुरू की थी, जो छह अगस्त तक चली। इस योजना में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए।

प्राधिकरण ने प्राप्त आवेदनों का सलाहाकार कंपनी ईएंडवाई कंपनी से सत्यापन कराया, जिसमें सिर्फ 20 आवेदन ही पात्र पाए गए। शुक्रवार को प्राधिकरण ने योजना के तहत 12 भूखंडों का आवंटन किया। बताया गया कि शेष 9 भूखंडों पर आवेदक अयोग्य पाए गए, अब इन भूखंडों पर दोबारा से योजना शुरू की जाएगी।

**अब तक 101 भूखंडों का आवंटन:** सेक्टर-28 में 350 एकड़ में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में अब 101 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। इनमें से 73 भूखंडों के लीज प्लान जारी हो चुके हैं। 70 आवंटियों को लीजडीड के लिए चेकलिस्ट जारी की जा चुकी है। 50 आवंटी लीजडीड तक करा चुके। 36 आवंटियों को भौतिक रूप से भूखंडों पर कब्जा दे दिया गया है, 12 आवंटी नक्शा पास करा चुके हैं।

# नोएडा एक्सपो में पंजाब एंड सिंध बैंक के स्टॉल का उद्घाटन




**नोएडा।** नोएडा के बहु चर्चित एक्सपो में पंजाब एण्ड सिंध बैंक अंचल कार्यालय, नोएडा द्वारा व्यापार को नई दिशा और ऊंचाई प्रदान करने के लिए अपना स्टॉल लगाया गया। जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह द्वारा किया गया।

लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने पंजाब एण्ड सिंध बैंक को सेवा भाव के साथ व्यापार के क्षेत्र में उभरते सितारे कहा। बैंक के कई नवाचारों खासकर ई लॉबी तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म की उन्होंने प्रशंसा भी की। इस अवसर पर अंचल नोएडा के आंचलिक प्रबंधक महेश सभरवाल ने बैंक की सभी योजनाओं की बारीकी से जानकारी देते हुए लोगों से बैंक के सभी उत्पादों जैसे पीएसबी कृषक रथ, पीएसबी स्मार्ट युवा, डिजिटल व्हीकल, डिजिटल आवास ऋण, एक करोड़ तक डिजिटल एमएसएमई आदि का लाभ लेने का आग्रह किया। बैंक के द्वारा ग्राहकों की समस्या समाधान के लिए कई अधिकारी स्टॉल पर तत्पर देखा गया। ग्राहकों को भी लगातार बैंक के स्टॉल पर बैंकिंग उत्पाद, योजनाओं तथा सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए उत्सुक देखा गया।

# दिव्यांगजन है हमारे समाज की शक्ति:विधायक

## दिव्यांगजनों को मिली नई उड़ान, विधायक योगेश धामा ने बांटीं ट्राइसाइकिलें व व्हीलचेयर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम में विधायक योगेश धामा ने 24 ट्राइसाइकिल और 10 व्हीलचेयर वितरित कीं। इन सहायक उपकरणों को पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर जो खुशी झलकी, उसने पूरे आयोजन को जीवंत और सार्थक बना दिया।



कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिक. ारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने लाभार्थियों के साथ संवाद किया और उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की राह पर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लाभान्वित दिव्यांगों को प्रमाण पत्रा भी प्रदान किए गए। विधायक योगेश धामा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बने देश निरंतर नेतृत्व में सशक्त हो रहा है और विकास की गंगा बह रही है। सेवा पखवाड़ा इसी विजन को जन-जन तक पहुँचाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं और सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि उन्हें जीवन की हर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आज वितरित की गई ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर न केवल उनकी आवाजाही को सरल बनाएंगी बल्कि उनके जीवन में आत्मविश्वास, संबल और चमत्कार लेकर आएंगी। अब दिव्यांग खुद को कमजोर न समझें बल्कि आत्मनिर्भर व सशक्त नागरिक के रूप में देश निर्माण में योगदान दें। उन्होंने आगे कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का बोझ नहीं, बल्कि उसकी ताकत हैं। यदि उन्हें अवसर और साधन दिए जाएं तो वे राष्ट्रनिर्माण में अमूल्य योगदान दे सकते हैं। सरकार का प्रयास है कि दिव्यांगजन केवल लाभार्थी न रहकर समाज के सक्रिय सहभागी बनें। यह उनका अधिकार है और इस अधिकार की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पूरे जिले में विभिन्न जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें अंत्योदय के संकल्प के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग कल्याण विभाग भी इस दिशा में कई योजनाएँ संचालित कर रहा है। शासन द्वारा संचालित विकलांग पेंशन योजना, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजना, दिव्यांगजन के पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना और विशेष विवाह योजना आदि प्रमुख हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान की राह पर आगे बढ़ाना है। परियोजना निदेशक राहुल वर्मा ने कहा कि वितरित किए गए उपकरण केवल सहायक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की राह में नई ऊर्जा का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में लाभार्थियों ने उपकरण पाकर अपनी भावनाएँ साझा कीं। एक लाभार्थी ने कहा कि अब उन्हें कहीं भी पहुँचने में आसानी होगी। अन्य लाभार्थी ने बताया कि पहले वे घर तक ही सीमित थे लेकिन अब जीवन की राह सरल और सुविधा. जनक हो जाएगी। उनकी आँखों में उम्मीद और चेहरे पर मुस्कान इस बात का प्रमाण बनी कि यह उनके जीवन में नए अवसर और संभावनाएँ जगाने वाली पहल है। दिव्यांगजन अगर सक्षम होंगे तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों सक्षम होंगे। प्रशासन द्वारा दिव्यांगों का आत्मविश्वास बढ़ाए जाने एवं उनकी प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश में विभिन्न नई पहल की जा रही है।

## चोरों ने किया नलकूपों से हजारों का सामान चोरी, पुलिस रही सोती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गढी कलंजरी गांव में रात्रि अज्ञात चोरो ने चार नलकूपों पर धावा बोल हजारों रूपये का समान चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानों ने धोली प्याऊ चौकी पर तहरीर दी है। नलकूपों पर अलग अलग स्थान बदल लगातार चोरी की घटनाओं को चोर अंजाम दे रहे है। गढी कलंजरी गांव के जंगल में रात्रि चोरो ने चार नलकूपों पर धावा बोल हजारों का समान चोरी कर ले गये। गढी कलंजरी निवासी राजेन्द्र पुत्र मनु, सुनील पुत्र हरपाल, नरेन्द्र पुत्र गजराज, अजीत पुत्र साहमल आदि के नलकूपों को चोरो ने निशाना बना स्टार्टर केवल कट आऊट चोरी कर ले गये। सुबह जब किसान खेतो पर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला चोर कभी ढिकोली क्षैंत्र कभी रटौल क्षैंत्र तो कभी गढी कलंजरी क्षैंत्र मे नलकूपों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने मे लगे है। पीड़ित किसानों ने पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।

## कॉलेज में शिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज में शिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दूर दराज तक के शिक्षकों ने अपने-अपने विचार पर कट किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम में बेहतर शिक्षा बेहतर राष्ट्र बनने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए शिल्पा चौधरी शिक्षक नेता चांदनी जैन डा.प्रीति शर्मा डा.श्रीवास्तव डा.हरपाल सिंह प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह हुकम सिंह विनोद भारद्वाज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.कुलदीप मलिक शिक्षक नेता ने कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि आज समय आ गया है। सभी शिक्षकों को एकजुट होने का अगर शिक्षक एकजुट नहीं होगा तो शिक्षा पर जोर नहीं दिया जा सकता सभी शिक्षकों रहना होगा। इस मौके पर शिक्षक नेता चांदनी जैन ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज में बेहद जरूरी होती है। शिक्षा के बिना संसार अधूरा है।

## जेई पर जबरदस्ती खेत में विद्युत पोल लगाकर कनेक्शन देने व लाइन चालू कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जबरदस्ती खेत में विद्युत पोल लगाकर कनेक्शन देने तथा लाइन चालू करने का आरोप लगाते हुए सादिकपुर सिनौली के पीडित ने एसई बागपत से शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शनिवार को करीब 11 बजे सादिकपुर सिनौली के पीडित वीशु शर्मा का आरोप है कि ऊर्जा निगम के जेई ने 20 सितंबर 2025 की दोपहर करीब दो बजे बिना अनुमति के उनके खेत में विद्युत पोल लगा दिए। इसका विरोध करने पर ऊर्जा निगम से संबंधित कर्मचारी का कहना है कि अन्य किसान को लाइन देने के लिए उनके खेत में विद्युत पोल लगाए गए हैं, जबकि उनका कहना है कि अन्य किसान के खेत से 11 हजारी की लाइन जा रही है। 25 वोल्ट का ट्रांसफार्मर लगाकर कनेक्शन दिया जा सकता है। उसके बावजूद भी जबरदस्ती उनके खेत में विद्युत पोल लगाकर कनेक्शन दे दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी इसकी शिकायत की है। अधिकारियों ने लाइन चालू करने से मना कर दिया।



उसके बावजूद भी लाइन को चालू कर दिया गया। उन्होंने एसई बागपत से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### महिला की उंगली में सांप ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव में अलमारी से समान का डिब्बा निकाल रही महिला कुसुम देवी पत्नी सजीव के हाथ की उंगली में सांप ने डस लिया। उन्होंने झटककर अलमारी से हाथ बाहर निकाला तो सांप भी बाहर आकर गिर गया। इसके बाद परिजनों ने महिला का जिला अस्पताल में उपचार कराया। जहां उनके स्वास्थ्य में सुधार होने पर वार्ड में भर्ती कर दिया गया। चिकित्सक डा.शिखर ने बताया कि महिला की हालत में सुधार है।

### थाना समाधान दिवस में एसडीएम सुनी जनमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में एसडीएम बागपत ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया। शनिवार को करीब साढे 12 बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में एसडीएम अमर चंद ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा फरियादियों की समस्या सुनकर उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। कोतवाली बागपत इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा ने भी क्राइम संबंधित फरियादियों की शिकायतें सुनी। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### प्रदर्शनी में दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने बताया कि इस विशेष प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, युवा, किसान, महिलाएं सभी आकर योजनाओं की जानकारी ले सकते है एवं विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट हेतु अपने सुझाव भी दे सकते है। प्रदर्शनी में प्रत्येक कॉर्नर पर योजनाओं की भरपूर जानकारी दी गई है। यहां आकर लोग विकसित बनने की ओर अग्रसर भारत की जीवंत तस्वीर देख सकेंगे और निश्चित ही एक मजबूत प्रेरणा लेकर लौटेंगे। प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों के लिए क्विज प्रतियोगिताएं और संवादात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं, जिससे लोगों की रुचि बनी रहे। साथ ही हर दिन सैकड़ों आगंतुकों को सूचना विभाग की संदेश पत्रिका वितरित की जा रही है, जिससे योजनाओं की व्यापक जानकारी जन-जन तक पहुंच रही है।

### विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज में आयोजित चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से संबद्ध महाविद्यालयो की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के द्वितीय दिन की शुरुआत अमर सिंह कॉलेज लखावटी एवं जनता वैदिक कॉलेज के मध्य लीग मैच से हुई। लीग मैच में जनता वैदिक कॉलेज ने अमर सिंह कॉलेज लखावटी को 30-18 से पराजित किया। द्वितीय लीग मैच मुकाबले में एनएएस कॉलेज मेरठ ने मेरठ कॉलेज मेरठ को 36-07 के अंतर से हराया। तृतीय लीग मैच में जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत ने मेरठ कॉलेज मेरठ को 47-13 के अंतर से तथा चतुर्थ लीग मैच में एन ए एस कॉलेज मेरठ ने 29-12 के अंतर से अमर सिंह कॉलेज लखावटी को शिकस्त दी, वहीं पांचवे लीग मैच में मेरठ कॉलेज मेरठ ने अमर सिंह कॉलेज लखावटी को 21-09 के अंतर से धूल चटाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जनता वैदिक कॉलेज और एनएएस कॉलेज मेरठ के बीच खेला गया, जिसमें जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत की टीम ने एनएएस कॉलेज को 38-20 के अंतर से एक तरफा मुकाबले में शिकस्त देकर सत्र 2025-26 अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का ताज अपने नाम किया।

### नेत्र शिविर में की 175 रोगियों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** सिरसली गांव में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 175 रोगियों की नेत्र जांच कर दवाइयां निशुल्क वितरित की। इस दौरान 13 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। प्रवीण तोमर के आवास पर भूपेंद्र सिंह की स्मृति में आयोजित शि. विर का शुभारंभ एसपी सूरज कुमार राय ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीन दुखियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.विजय प्रकाश ने आसपास के गांवो से आए 175 नेट रोगियों की जांच कर दवाइयां निशुल्क वितरित की। इस दौरान तेरे रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इससे पूर्व पंडित भगत सिंह आर्य ने वैदिक मंत्रें के साथ यज्ञ संपन्न कराया।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में ग्रुप ठ ने मारी बाज़ी

**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बिनौली।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जीवाना में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विशेष वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दो टीमें A ग्रुप और ग्रुप B आमने-सामने रहीं। प्रतियोगिता की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य पवन त्यागी के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने पर्यटन को सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इसके बाद निर्णायक मंडल के समक्ष दोनों टीमों ने अपने-अपने पक्ष रखे। ग्रुप A ने पर्यटन से होने वाली पर्यावरणीय क्षति, भीड़भाड़, प्रदूषण और सांस्कृतिक क्षरण जैसी चुनौतियों को प्रमुख तर्कों के रूप में प्रस्तुत किया। दूसरी ओर, ग्रुप B ने पर्यटन से होने वाले रोज़गार सृजन, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्ख्रतिक पहचान, विदेशी मुद्रा में वृद्धि और आपसी भाईचारे पर अपने ठोस और प्रभावशाली तर्क रखे।

## योगेश धामा ने किया सेवा पखवाड़ा प्रदर्शनी का अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सेवा पखवाड़ा के तहत विकास भवन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का शनिवार को विधायक योगेश धामा ने अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न पोस्टर आदि का अवलोकन करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की और कहा कि यह प्रदर्शनी आम जनता को योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।



सेवा पर्व के पावन अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग बागपत द्वारा विकास भवन में आयोजित विशेष प्रदर्शनी ने जनपदवासियों का भरपूर ध्यान आकर्षित किया है। यह प्रदर्शनी सेवा पर्व 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर तक चल रही है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है। विधायक योगेश धामा ने मौके पर ही समर्थ उत्तर प्रदेश विक. सित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत अपने मोबाईल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत एक विक. सित राष्ट्र बने और इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने युवाओं, किसानों, महिलाओं और विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस प्रदर्शनी में आकर योजनाओं की जानकारी लें और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दें। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक पोस्टरों के माध्यम से दी जा रही है। प्रदर्शनी में स्थापित सेल्फी प्वाइंट ने विशेष रूप से युवाओं को खूब लुभाया। बड़ी संख्या में आगंत. ुक इस सेल्फी प्वाइंट पर अपनी तस्वीरें लेकर जागरूकता अभियान का संदेश सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक राहुल , यूपी स्टेट यूथ अवॉड अमन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## भू-माफिया पर रास्ता निर्माण में रुकावट करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भू-माफिया पर रास्ता निर्माण में रुकावट करने का आरोप लगाते हुए निवाडा के ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को करीब साढे 12 बजे निवाडा गांव निवासी फैजान, कपिल, राजकुमार, लियाकत, इरफान, दिनेश, वीरेंद्र, सोमपाल, जमकुमार आदि के मुता. बिक निवाडा गांव यमुना नदी किनारे यमुना पुल के पास स्थित है। हमारे गांव में राष्ट्रीय राज्य मार्ग मोड से सोनीपत हरियाणा मुख्य मार्ग से आबादी क्षेत्रों में कई रास्ते बने हुए है। जनहित में जिला पंचायत बागपत द्वारा पक्का रास्ता बनाया जा रहा है। केवल 50 मीटर रह गया है। आरोप है कि भू माफिया ने कुछ असमाजिक तत्वों को लेकर रास्ता निर्माण में रुकावट कर रहा है। उन्होंने एसडीएम बागपत से शिकायत कर रास्ता निर्माण में रुकावट करने वाले भू भूमिया पर कार्रवाई करने तथा रास्ता में निर्माण पूरा कराई जाने की मांग की है।

## बाल विवाह है एक अपराध, लड़कियों की शिक्षा है अत्यंत आवश्यक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, छपरौली में लैंगिक समानता और बालिकाओं के अधिकार विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी अमर चन्द वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं में महिलाओं के अधिकारों, सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



कार्यक्रम में छात्राओं ने श्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया और बाल विवाह, लैंगिक समानता पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं संगीत प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश समाज और विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया गया कि बाल विवाह एक अपराध है और लड़कियों की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। इससे छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी स्पष्ट रूप से दिया गया। इस अवसर पर जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शालू, पैरामेडिकल कार्मिक दीपिका, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ जुबैर, प्रधानाचार्य डा.नीलम तोमर और अध्यापिका मधु सहित विद्यालय के शिक्षकगण और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया कि लड़कियों की सुरक्षा, शिक्षा और समानता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## छात्रा कनक को बनाया एक दिन का थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एक अनूठी पहल की गई। रमाला थाने में जय पार्वती ग्लोबल पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी कनक राठी को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। यह कदम महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया।



थाना प्रभारी के रूप में कनक राठी ने थाने पर जनसुनवाई की। उन्होंने प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए अपने अधीनस्थों को आदेश दिए। कनक राठी सुरेन्द्र राठी की पुत्री हैं और गागनौली, बागपत की निवासी हैं। इसके बाद, अन्य छात्राओं को थाने की कार्यप्रणाली, एफआईआर पंजीकरण की प्रक्रिया और महिला अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें 1090, 1076, 181, 1930, 1098, 108, 102 और डायल-112 जैसे महत्वपूर्ण महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। छात्राओं को आश्वस्त किया गया कि वे निडर होकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं और पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सकारात्मक सोच विकसित करना है, ताकि वे समाज में सशक्त नारी शक्ति बनकर योगदान दे सकें। इस दौरान छात्राओं के साथ गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा और उनके कानूनी अधिकारों पर भी सार्थक चर्चा की गई। उन्हें शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरक. ारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

## जनता वैदिक कॉलेज में अतिथि व्याख्यान श्रृंखला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक कॉलेज के इतिहास में पहली बार आईक्यूएसी एवं उद्यान विज्ञान विभाग के तत्वावधान में डा.एम.एच. मारिगोडा स्मृति व्याख्यान श्रृंखला का स्फल आयोजन 22 से 27 सितम्बर 2025 तक किया गया। यह आयोजन पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 की भावना और उद्देश्यों के अनुरूप रहा। इस श्रृंखला में भारतवर्ष के प्रमुख शिक्षाविदों ने उद्यानिकी से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रें से वार्ता की। व्याख्यान श्रृंखला के आयोजन सचिव डा.अनुपम तिवारी रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का संच. ालन और समन्वयन डा. जोगिन्दर सिंह के मार्गदर्शन में किया। छह दिवसीय इस व्याख्यान श्रृंखला में स्नातकोत्तर एम.एससी. एवं स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की और विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से नवीनतम शोध एवं प्रायोगिक जानकारियाँ प्राप्त कीं। श्रृंखला में विशेष रूप से डा.नीलम कश्यप, डा.आशीष सिंह वैज्ञानिक, आईसीएआर तथा विष्णुलाल पाटीदार वनप्रसार अधिकारी रतलाम जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान से जुड़े विविध आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उनके व्याख्यानों ने विद्यार्थियों को अनुसंधानोन्मुख कृष्टिकोण अपनाने और व्यावहा. रिक जीवन में वैज्ञानिक सोच विक. सित करने हेतु प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो.वी.पी. सिंह ने कहा कि ऐसे अकादमिक आयोजन विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। यह उनके ज्ञान को समृद्ध करने के साथ-साथ उन्हें अनुसंधान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

## बागपत के कंडेरा गाँव से अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँचे जयदेव सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में आयोजित Apimondia 2025 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर भारत, विशेषकर उत्तर प्रदेश की ओर से मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में एक सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।



इस प्रतिनिधि मंडल में ग्राम कंडेरा जनपद बागपत के जयदेव सिंह भी शामिल रहे। उन्होंने विश्व के 120 देशों से आए शहद और उससे जुड़े उत्पादों जैसे पोलन, प्रोपोलिस, वैक्स और हनी वाइन का अवलोकन किया। सम्मेलन में प्रदर्शित आधुनिक उपकरणों और तकनीकों ने भारतीय प्रतिनिधियों को मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में नई संभावनाओं से अवगत कराया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अनुभव भविष्य में उत्तर प्रदेश और भारत के मधुमक्खी पालकों को नवाचार अपनाने और उत्पादन बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। सम्मेलन के दौरान भारत से आए मधुमक्खी पालकों दिल्लीप, प्रेमपाल और गगन से भी सार्थक चर्चा हुई। अनुभव साझा करने और आपसी सहयोग पर हुई यह बात. चीत भारतीय शहद उद्योग को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मददगार होगी। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि भारत के मधुमक्खी पालक किसानों की मेहनत और लगन से देश आने वाले वर्षों में शहद उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी राष्ट्र के रूप में उभर सकता है। ग्राम कंडेरा, ज़िला बागपत से अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँचना न केवल स्थानीय किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह संदेश भी है कि गाँव की मिटट्टी से जुड़े लोग वैश्विक मंच पर देश की पहचान बनाने में सक्षम हैं।

# बीडीसी सदस्य की गोली मारकर हत्या

## भाजपा से जुड़े थे मृतक प्रमोद, घटनास्थल पर पहुंचे एसपी देहात, क्षेत्र में सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/किठौर।** थाना क्षेत्र के भड़ोली गांव में शनिवार सुबह एक बीडीसी सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीडीसी सदस्य प्रमोद भड़ाना खेत पर चारा लेने गए थे, तभी गांव के ही एक युवक ने उन पर फायरिंग कर दी।





उस समय प्रमोद खेत से चारा लेकर लौट रहा था। फायरिंग में भैंसा भी घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय प्रमोद भड़ाना पुत्र धूम सिंह शनिवार सुबह अपने खेत पर थे। इसी दौरान बाइक सवार एक बदमाश ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गंभीर रूप से घायल प्रमोद को तुरंत मेरठ के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या की इस वारदात को गांव के ही रॉबिन पुत्र तरसपाल नामक युवक ने अंजाम दिया है।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गांव में प्रधान के आवास पर भी फायरिंग करता हुआ मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार प्रमोद के चाचा के यहां और प्रधानपति सतीश के घर और गाड़ी पर भी रोबिन ने फायरिंग की। पांच वर्ष पूर्व सगे चाचा नरेश पुत्र बलबीर की भी रोबिन हत्या कर चुका है। तीन दिन पूर्व साथी विनीत के साथ रोबिन ने हापुड़ के नानपुर में शिवम पुत्र कालू पर भी गोली चलाई थी। घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात अभिजीत कुमार, सीओ किठौर प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी बृजेश पांडे पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की। हालांकि, अभी तक हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

# भाजपाईयों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक जैन के साथ तहसील पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सरधना के नाम ज्ञापन सौंपते हुए नगर का माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों को चिंहित करते हुए कार्यवाही की मांग की, साथ ही एक दिन पूर्व पकड़े गए युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। भाजपाईयों ने एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांग रखी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आलोक जैन, मंडल महामंत्री शानू जैन, सुमित कुमार, मंडल उपाध्यक्ष मंगू प्रधान शंकर सिंह, डॉ. ओमकार पुंडीर, वीरेन्द्र सैनी, दीपक शर्मा, पिंकी सोम, मुदित माहेश्वरी, संतराम सैनी, कपिल सैनी, विक्की सैनी आदि मौजूद रहें।

### आई लव मोहम्मद

# डिजिटल प्लेटफॉर्म का सकारात्मक उपयोग करें युवा: एडवोकेट जीशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाल ही में I Love Mohammad विवाद को लेकर प्रशासन ने शहर में हाई अलर्ट जारी किया था। इस विवाद के बीच एक सोशल मीडिया वीडियो ने शहरवा. सियों के बीच शांति और समझदारी फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। जिला बार मेरठ के पूर्व विशेष आमंत्रित सदस्य जीशान सिद्दीकी एडवोकेट जो लोगो को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक करते रहते है। जीशान सिद्दीकी ने एक वीडियो बनाकर लोगों को विरोध और अनावश्यक प्रदर्शन से रोकने का संदेश दिया।



वीडियो में विवादास्पद मुद्दे पर संवेदनशीलता और सहिष्णुता का संदेश दिया गया, जो देखने वालों को प्रेरित कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह वीडियो तेजी से वायरल हुआ और कई लोगों ने इसे शेयर कर शांति बनाए रखने की प्रेरणा के रूप में सराहा। स्थानीय प्रशासन ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का सकारात्मक उपयोग शहर में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में मदद करता है। वीडियो ने खासकर युवाओं के बीच जागरूकता बढ़ाई कि किसी भी धार्मिक या सामा. जिक विवाद में हिंसा या विरोध प्रदर्शन से बचना ही सबसे सुरक्षित और जिम्मेदार तरीका है। जीशान सिद्दीकी एडवोकेट ने कहा है कि सोशल मीडिया आज सिर्फ विवाद बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि सही दिशा में लोगों को प्रेरित करने और समझाने का साधन भी बन सकता है। मेरठ पुलिस के अनुसार, शहर में फिलहाल भी सतर्कता बरती जा रही है, लेकिन इस तरह के सकारात्मक डिजिटल कंटेंट ने कई संभावित तनावों को कम करने में मदद की।

# नगर पालिका ने शुरू कराया पुलिया का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद द्वारा देवी मंदिर चौराहे पर स्थित पुलिया का निर्माण शुरू करा दिया है। जिससे लोगों को जलभराव की परेशानी से काफी राहत मिलेंगी। कई बार क्षेत्र के लोग इस पुलिया के निर्माण के लिए पालिका को अवगतम करा चुके थे, लेकिन इससे समाधान नही हो सका था। बरसात के दिनों में यहां पर जलभराव की समस्या से राहगीरों व क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासियों की मांग को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष सबीला बेगम पुलिया की उंचाई के करने के साथ इसका निर्माण शनिवार को शुरू करा दिया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद न केवल जलभराव की



समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि स्थानीय निवासियों व राहगीरों को भी आवागमन में राहत मिलेगी।

# मामूली कहासुनी में चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के गांव में पुराने विवाद के चलते घर में घुसकर मारपीट कर दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को देख हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर आरोपियों के खिलाफ दी है। सूत्रों के अनुसार अफजलपुर पावटी में राजू वाल्मीकि और लियाकत अली के परिवार के बीच शुक्रवार की देर शाम को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई देर रात लियाकत पक्ष के लोग अपने साथियों के साथ लाठी डंडों के साथ राजू पर हमला बोल दिया और जाति सूचक शब्द कहे और मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस को देख हमलावर फरार हो गए। देर रात पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है वही ग्रामीणों का कहना है कि दोनों पक्षों में पुराना विवाद था।

# 25 हजार का इनामी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने शनिवार को जानलेवा हमले की घटना में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि बीती 26 फरवरी को लीले, मोनू, नितिन धामा प्रियांशु निवासी रामनगर ने नगर के मोहल्ला पूठी दरवाजा निवासी गौरव व अभिषेक पर लाठी डंडे और तमंचे, पिस्टल से जान से मारने की नीयत से फायर किया था। जिसमें दोनों बाल बाल बच गए थे। जिसका मुकदमा पीड़ित ने थाने में पंजीकृत कराया था। घटना में शामिल तीन आरोपीयों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि एक आरोपी मोनू पुत्र साधुराम फरार चल रहा था। मोनू पर एसएसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। सूचना के बाद पुलिस ने मोनू को गंगानगर में विवेक भाटी के ऑफिस से दबोच लिया। पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# शोभित में वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि विभाग स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज की डिबेटिंग सोसायटी द्वारा शनिवार को एक विचारोत्तेजक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता का विषय स्वतंत्र अभिव्यक्ति बनाम घृणास्पद अभिव्यक्ति हम रेखा कहां खींचें? रहा, जिस पर छात्रों ने गहन अध्ययन और संवैधानिक दृष्टिकोण के साथ अपने तर्क प्रस्तुत किए। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और वद्गृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। किसी ने स्वतंत्र अभिव्यक्ति को लोकतंत्र की आत्मा बताया, तो किसी ने घृणा-भाषण के सामाजिक सौहार्द पर दुष्प्रभावों को रेखांकित किया। प्रतिभागियों में अमर शर्मा, गर्गी उपाध्याय, आराध्या, सूरज, जीवन, मैबाम, शारीक, हिमांशु पाठक, चंद्राव. ती, मनीष, निशा फातिमा, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार यादव, आशिष पांडे, साजिद, हार्दिक, सुनील, सुमित आदि छात्रों ने अपने विचारों से दर्शकों की सराहना प्राप्त की। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु की गहराई, तार्किकता, स्पष्टता, आत्मविश्वास और प्रस्तुति शैली के आधार पर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों को अकादमिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें लोकतंत्र में जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी मार्गदर्शन करती हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा इस प्रकार रही। प्रथम पुरस्कार सुश्री शगुन चौहान बीएएलएलबी, द्वितीय वर्ष। द्वितीय पुरस्कार आनंद कुमार एलएलबी, प्रथम वर्ष। तृतीय पुरस्कार सुश्री सलोनी एलएलबी, प्रथम वर्ष। पुरस्कार वितरण विवि के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी एवं कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी ने कहा कि वाद-विवाद छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक अनुभव है, बल्कि यह उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायी और सजग नागरिक बनने की प्रेरणा भी देता है। विभागीय संयोजक डॉ. मोहम्मद आमिर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों की आलोचनात्मक सोच, अभिव्यक्ति क्षमता और संवैधानिक मूल्यों की समझ को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन दीक्षा गौड़ ने कुशलतापूर्वक किया तथा छात्र साजिद, हार्दिक, सुनील और सुमित ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग प्रदान किया। यह वाद-विवाद प्रतियोगिता न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि रही, बल्कि इसने छात्रों को संवैधानिक अधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की गहरी समझ प्रदान की। यह आयोजन अपने उद्देश्य में पूर्णत: सफल रहा और प्रतिभागियों व दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव सिद्ध हुआ।

# कंपोजिट विद्यालय में दो स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अतलपुर स्थिति कंपोजिट विद्यालय में दो स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान मनोज चौधरी ने फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह ने अविभावको के साथ स्मार्ट टीवी चलाकर स्कूल के विभिन्न शैक्षणिक उपलब्धियों को देखते हुए प्रसंशा की। कहा कि सरकार नई-नई तकनीकी साधनो द्वारा शिक्षा में नये नवाचार लाने तथा सरल व मनोजक बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए विशक्षको के साथ-साथ जन प्रतिनिधियो को भी महत्तवपूर्ण भूमिका निभानी जरूरी है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शालनी अग्रवाल, रश्मि देवी, राहुल कुमार, नितिन, विनय आदि मौजूद रहे।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल की धमाकेदार शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल,जो 22 सितंबर को प्राइम मेंबर्स और 23 सितंबर को सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ, ने अमेजन इन पर सेलर्स और ब्रांड पार्टनर्स के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है। इस फेस्टिवल ने 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विजिट्स आकर्षित किए, जिनमें से 70 प्रतिशत से अधिक टॉप 9 मेट्रो शहरों से बाहर से थे। ग्राहकों ने जीएसटी लाभ के साथ बचत का आनंद लिया। अमेजन इन पर 1 लाख से ज्यादा प्रोडक्ट्स सबसे कम कीमत पर पाए और 30000 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स का लॉन्च भी देखा। इन नई लॉन्चिंग में स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी, फैशन और ब्यूटी, होमडेकोर, अप्लायंसेस, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसे कैटेगरीज शामिल हैं।

# नगर पंचायत लावड़ में पीएम आवास योजना के तहत लाभार्थियों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डूडा के सीएलटीसी रोहन श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत लाभार्थियों को जागरूक किया गया और जिनके मकान अधूरे हैं उन्हें पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, जिन जरूरतमंद लोगों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें पीएम आवास योजना 2.0 के तहत आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत की ओर से अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कस्बे में सभी योजनाओं को लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में शुभम, मनोज गोयल, देवेंद्र कुमार, गौरव वाल्मीकि, दीपक शर्मा, राजेंद्र कुमार, चमन आदि मौजूद रहे।

# इंस्टामार्ट क्विक इंडिया मूवमेंट सेल में मेरठ ने दर्ज की 12 गुना की शानदार तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के त्योहारी सीजन में मेरठ सबसे आकर्षक टियर-2 शहरों में से एक बनकर उभर रहा है। मेरठ में इंस्टामार्ट की क्विक इंडिया मूवमेंट सेल के दौरान ऑर्डर में आम दिनों की तुलना में 12 गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मेरठ में जिस प्रकार लोग तेज डिलीवरी और किफायती दाम के दोहरे लाभ को अपना रहे हैं, उसे देखते हुए यह उछाल दर्शाता है कि कैसे मिनटों में त्योहारी खरीदारी महानगरों के अलावा छोटे शहरों में भी लोगों की जीवनशैली का एक हिस्सा बनती जा रही है। मेरठ में त्योहारों के मौसम में इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स की मांग सबसे ज्यादा रही है। इसमें ईयरबड्स, ब्लूटूथ स्पीकर और पावर बैंक की मांग सबसे अधिक देखने को मिली है।

# सिवाल में क्षेत्र की जनता के सुख दुख में शामिल हुए वसीम राजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** समाजवादी पार्टी के नेता वसीम राजा शनिवार को सिवाल खास विधानसभा के कस्बा हर्रा, खिवाई, सिधावली, पिठलोखर व अन्य गांवो मे पहुचे जहां उन्होंने क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर उनके सुख-दुख में शामिल हुए। वसीम राजा ने गांव-गांव घूम कर अपने लोगों का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपनों के बीच पहुंचकर बहुत अच्छा लगता है लोगों के हाल-चाल जानना उनसे मिलना यह आपसी मोहब्बत की निशानी है गांव-गांव घूम कर वसीम राजा ने लोगों को समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा की प्रदेश में इस समय कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है जगह जगह धार्मिक उन्वाद दिखाई दे रहा है उत्तर प्रदेश से गंगा जमुना तहजीब मिटती जा रहा है। देश में तरक्की का रास्ता उत्तर प्रदेश से जाता है ऐसे में उत्तर प्रदेश का माहौल अच्छा होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर तरक्की और मोहब्बत का माहौल तभी पैदा हो सकता है जब उत्तर प्रदेश की कमान समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के हाथों में आए। 2027 का चुनाव अखिलेश यादव का है समाजवादी पार्टी रिकॉर्ड सीट जीतकर यूपी को सबसे उत्तम प्रदेश बनाने का काम करेगी। वसीम राजा ने क्षेत्र की जनता से समाजवादी पार्टी को सर्व समाज के बीच मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं अनस सैफी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में नारी शक्ति मिशन को आगे बढ़ाने के लिए इंटर की छात्रा कुमारी अनस सैफी को एक दिन के लिए कॉलेज का प्रधानाचार्य बनाया गया। इस मौके पर कुमारी अनस ने सभी शिक्षकों की मीटिंग लेते हुए कॉलेज में अनुशासन बनाने में पढ़ाई की उच्च क्वालिटी पर ध्यान देने का निर्देश दिया। वहीं अनस ने अध्यापकों व कर्मचारियों की उपस्थिति छात्र निगमण का भी अवलोकन किया सभी कार्य सफलता पूर्वक पाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य फरमान अली अध्यापक प्रीती त्यागी व स्कूल का स्टाफ शिक्षक मौजूद रहा।

# श्री सरस्वती प्रेम सेवा ट्रस्ट द्वारा माता की चौकी का किया भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट विधायक एवं अध्यक्ष, श्री सरस्वती प्रेम सेवा ट्रस्ट अमित अग्रवाल तथा एड्को डवलपर्स के प्रबंधक निदेशक एवं महासचिव, सरस्वती प्रेम सेवा ट्रस्ट वरुण अग्रवाल के सहयोग से सरस्वती लोक, दिल्ली रोड स्थित जागेश्वर धाम मंदिर परिसर में माता की चौकी का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ जागेश्वर धाम मंदिर परिसर में विराजमान भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती तथा सम्पूर्ण शिव परिवार एवं माता की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भव्य पूजन से हुआ। पुजारीगण पं. भुवन शर्मा, पं. आशुतोष शर्मा एवं पं. राहुल शास्त्री ने विधि-विधानपूर्वक अनुष्ठान कराए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम:** माता की चौकी में भजन-कीर्तन और भक्ति संगीत की संगीतमय प्रस्तुतियों ने सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय कलाकारों एवं भजन मंडलियों ने माता रानी की महिमा का गुणगान किया।

### यह बोले वरुण अग्रवाल

इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को आध्यात्मिक रूप से सशक्त करते हैं तथा सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देते हैं। माता की चौकी में उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार संख्या हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, एमएलसी अश्वनी त्यागी, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, चेयरमैन जिला सहकारी बैंक मेरठ-बागपत विमल शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता कमल दत्त शर्मा, जिलाधिकारी वीके सिंह, हर्षित गोयल (मंडल महामंत्री), उमाशंकर पाल, प्रदीप, सतीश बंसल, अरविंद शर्मा, शुभ गुप्ता, एडवोकेट हरिओम शर्मा रहे।

### कार्यक्रम में विशेष सहयोग

मंच संचालन व आयोजन व्यवस्था का दायित्व स्वयं वरुण अग्रवाल ने संभाला। सहयोग हेतु स्थानीय श्रद्धालु, स्वयंसेवक एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

### यह बोले ट्रस्ट अध्यक्ष विधायक अमित अग्रवाल

कैंट विधायक एवं ट्रस्ट अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता रानी की कृपा से यह आयोजन सफल संपन्न हुआ। माता की चौकी जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आस्था, सकारात्मक ऊर्जा एवं भाईचारे को मजबूत करते हैं। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने सिद्ध कर दिया कि सनातन संस्कृति आज भी लोगों के हृदय में गहराई से रची-बसी है।

# सुभारती में नवाचार और तकनीकी शिक्षा को मिला बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय में हाल ही में छात्रों के ज्ञान और कौशल विकास हेतु कई शैक्षणिक और नवाचार केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के अंतर्गत इंजीनियरिंग के छात्रों ने एक प्रमुख मेकाट्रॉनिक्स कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया, विवि स्तर पर एक आइडिया हैकाथॉन का आयोजन किया गया, तथा विधि के छात्रों को डिजी शक्ति अभियान के तहत स्मार्टफोन वितरित किए गए।

स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के यांत्रिक, विद्युत, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक्स शाखाओं के विद्यार्थियों ने गुरुग्राम स्थित पदमिनी वीएनए मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड संयंत्र का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उन्नत मेकाट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकियों और आधुनिक विनिर्माण प्रक्रियाओं से परिचित कराना था। कंपनी के विशेषज्ञों ने छात्रों को एक्चुएटर्स, ऑयल पंप, वैक्यूम पंप और विभिन्न नियंत्रण प्रणालियों जैसी तकनीकों की जानकारी दी। इस भ्रमण का समन्वय डॉ. संजीव कुमार विभागाध्यक्ष, यांत्रिक अभियंत्रण ने किया, जिनके साथ इंजीनियर सचिन कुमार और इंजीनियर गुरु सेवक केशरवानी भी उपस्थित थे। संकायाध्यक्ष डॉ. मनोज कपिल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां शैक्षणिक ज्ञान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की दूरी को कम करती हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एमसीए नवम्बर में चुनाव कराएगा

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) नवंबर में अपने चुनाव कराएगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन शुक्रवार (26 सितम्बर) को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। एमसीए ने एक बयान में कहा कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की शीर्ष परिषद ने फैसला किया कि एसोसिएशन के चुनाव नवंबर 2025 में होंगे। यह समय-सीमा अक्टूबर में दिवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। एमसीए ने चुनाव कराने के लिए जेएस सहारिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### इगा ने चाइना ओपन में अपना अपराजित अभियान जारी रखा

**बीजिंग, वार्ता।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने शनिवार को चाइना ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के दूसरे दौर में घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराकर नेशनल टेनिस सेंटर में अपना अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा। 24 वर्षीय स्वियाटेक पहले सेट में अजेय रहीं और उन्होंने तीन ब्रेक के साथ सभी छह गेम जीतकर बेसलाइन पर अपना दबदबा कायम रखा। यह बीलजग में उनके शानदार रिकॉर्ड का एक और उदाहरण है, क्योंकि उन्होंने 2023 में अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। 58वें नंबर की 25 वर्षीय युआन ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। चीनी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस ब्रेक करके 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तुरंत वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली। स्थानीय प्रबल दावेदार ने छठे और आठवें गेम में अपनी सर्विस बचाए रखी।

# विस्फोटक खिताबी मुकाबले को तैयार भारत-पाक

- **भारत टूर्नामेंट में अजेय है और पाक पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है**

**दुबई, वार्ता।** अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए! क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी जंग यहीं है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा-इससे बड़ा मुक. ाबला और क्या हो सकता है। भारत इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगा, टूर्नामेंट में अजेय है और पाकिस्तान पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है।

वे एक मिशन पर लगी टीम की तरह दिख रहे हैं। शीर्ष क्रम में, अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है-309 रन, 200 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट और लगातार तीन अर्द्धशतक। शुभमन गिल का धैर्य, सूर्यकुमार यादव की आतिशी बल्लेबाजी, और तिलक वर्मा व संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज-यह बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। और अगर आपको लगता है कि बात यहीं खत्म हो जाती है, तो शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल का निचला क्रम डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर सकता है।

गेंदबाजी? कमाल की। जसप्रीत बुमराह नई गेंद से आग उगल रहे हैं, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल बल्लेबाजों को बांधे हुए हैं, और वरुण चक्रवर्ती अपनी रहस्यमयी स्पिन से घातक साबित हुए हैं। भारत के पास विविधता, संतुलन और गहराई है - एक फाइनल में आपको जो कुछ भी चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान यहां संयोग से नहीं है। वे लड़खड़ा भी चुके हैं - बांग्लादेश से पूछिए, जिसने 71 रन पर उनका स्कोर 6 विकेट कर दिया था, उसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की। लेकिन फाइनल उनके अंदर की लड़ाई को उजागर करता है। फखर जमान एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अगर लय में आ जाएं तो बेकाबू हो सकते हैं।

## एशिया कप-2025 फाइनल मुकाबला आज



साहिबजादा फरहान एंकर हैं। कप्तान सलमान आगा, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली ताकत उनकी गेंदबाजी में है। **नई गेंद से शाहीन** अफरीदी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं, हारिस रऊफ किसी भी लाइन-अप को तहस-नहस कर सकते हैं, और युवा सैम अयूब ने अपने आठ विकेट लेकर कमाल कर दिया है। नवाज और अबरार अहमद के समर्थन से, यह एक ऐसा आक्रमण है जो भारत को नुकसान पहुंचा सकता है अगर वे अपनी लय हासिल कर लें। **यहां एक दिलचस्प मोड़ है:** भारत अभी ऊंचाइयों पर है, लेकिन फाइनल में इतिहास पाक के पक्ष में झुकता दिख रहा है। इन दोनों के बीच हुए 12 फाइनल मुकाबलों में से पाकिस्तान ने आठ जीते हैं। यही वह आंकघ है जो इस प्रतिद्वंद्विता को जीवंत और जीवंत बनाए रखता है। दुबई की पिच? शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद करें, बीच में स्पिनर खेल में आएंगे, और फिर ओस लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान कर देगी। 180-190 के आसपास का स्कोर जादुई संख्या होगी। मौसम साफ, नम है, और दूधिया रोशनी में धमाकेदार मैच के लिए एकदम सही है।

**भारत की संभावित एकादश**

**अभिषेक शर्मा**, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम. राह, वरुण चक्रवर्ती

**पाक की संभावित एकादश**

**सैम अयूब**, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेट कीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार

संभावनाएं भारत की ओर इशारा करती हैं। फॉर्म भारत की ओर इशारा करता है। लेकिन भारत-पाक फाइनल में, आप इन सब बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक बड़ा ओवर, एक तेज स्पेल, और पल भर में कहानी पलट सकती है।

# अभिषेक ने तोड़ा कोहली-रिजवान का रिकॉर्ड



- **एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन, भारतीय टीम बनी सुपर ओवर की चैंपियन**

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिल. सिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बाल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है। सुपर ओवर में भारत की लगातार छठी जीत भारतीय टीम ने अब तक का अपना सातवां टाई मैच खेला। इन सभी मैचों के टाईब्रेकर में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। एक मैच में बालआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ था। बाकी के 6 मैचों में सुपर ओवर के जरिए। भारत ने अपना पहला टाई मैच 14 सितम्बर 2007 को डरबन में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब बाल आउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। भारत ने बाल आउट में जीत हासिल की। इसके बाद भारत ने 6 और मैच टाई खेले और हर बार सुपर ओवर में जीत हासिल की है। भारतीय टीम दुनिया की इकलौती टीम है जो 7 टाई मैच खेली है और एक का भी टाईब्रेकर नहीं हारी है। अभिषेक एक टी-20 एशिया कप के हाईएस्ट स्कोरर टी-20 एशिया कप के एक ही संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 6 पारियों में कुल 309 रन बनाए। उनसे पहले 2022 में मोहम्मद रिजवान ने 6 पारियों में 281 रन बनाए थे। इसी साल विराट को. हली ने भी शानदार बल्लेबाज करते हुए 5 पारियों में 276 रन बनाए थे। वहीं अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने 2022 में 5 पारियों में 196 रन बनाए थे। अभिषेक ने छठी बार 25 या उससे कम बाल पर फिफ्टी लगाई अभिषेक शर्मा ने टी-20 में भारत के लिए छठी दफा 25 या उससे कम बाल में फिफ्टी लगाई। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाए। भारत के लिए यह रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 7 बार यह कारनामा किया है। अभिषेक ने रोहित-रिजवान की बराबरी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 30 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तीन खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। 2021 में रिजवान ने लगातार 7 पारियों में 30+ रन बनाए।

# शीतल बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

- **तोमन कुमार ने भी जीता खिताब, शीतल ने तुर्की की ओजनुर को 146-143 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्की की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। इसके अलावा तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को



तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश को धनुष में 'पुली' की समस्या के कारण चार शॉट के बाद हटना पड़ा। इससे विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू कर रहे तोमन ने चार सटीक तीर के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा।

# मोर्कल ने हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस चिंताओं को किया खारिज



- **हार्दिक श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे**

**दुबई, वार्ता।** भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मोर्कल ने हार्दिक पांड्या और अभिषेक शर्मा की फिटनेस को लेकर उठ रहे सवालों को पूरी तरह से नकार दिया है। रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल से पहले हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे लेकिन गेंदबाजी कोच के बयान के बाद सब कुछ साफ हो गया।

हार्दिक ने शुक्रवार को श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उनके हैमस्ट्रिंग में समस्या हो रही थी। उसी ओवर में उन्होंने कुसल मेंडिस को आउट किया था। इसके बाद वे पूरी पारी में मैदान पर वापस नहीं आए। मोर्कल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हार्दिक को क्रैम्प्स आ रहे थे। आज रात और कल सुबह उनकी जांच होगी, उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। भारत के बॉलिंग कोच ने वही कहा जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा था। इस बीच अभिषेक भी श्रीलंका की पारी के दौरान पहले 10 ओवर के बाद मैदान से बाहर रहे। नौवें ओवर में फील्डिंग करते हुए, उन्होंने अपने दाहिने पैर की जांघ को पकड़कर असहजता जताई और 10वें ओवर में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। उसी समय पथुम निसंका के एक सिक्सर को डेड बॉल करार दिया गया था, क्योंकि अभिषेक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के रन-अप शुरू करने से पहले मैदान से बाहर नहीं गए थे। हार्दिक की तरह अभिषेक का भी बाकी पारी में बर्फ और पिकल जूस से क्रैम्प का इलाज किया गया। रिंकू सिंह, शिवम दुबे और जितेश शर्मा अलग-अलग मौकों पर सब्स्टिट्यूट फील्डर के रूप में मैदान पर आए। एक समय तिलक वर्मा भी थोड़ी देर के लिए बाहर गए, लेकिन हाइड्रेशन ब्रेक लेने के बाद वह मैदान पर लौट आए।

# यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है: जयसूर्या

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनत जयसूर्या को विश्वास नहीं हो रहा था कि श्रीलंका ने दुबई में भारत के खलिाफ एशिया कप सुपर फोर मैच आखरिी ओवर में गंवा दिया है। उनकी यह हार जुलाई 2024 की यादों को ताजा कर गई, जब उन्होंने भारत के खिलाफ एक आसान सी दिख रही जीत को गंवा दिया था। पल्लेकेल स्टेडियम में खेले गए उस मैच में श्रीलंका को छह विकेट शेष रहते दो ओवरों में सिर्फ नौ रन चाहिए थे। फिर भी वे रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव की गेंदबाजी के सामने लड़खड़ा गए और मैच सुपर ओवर में चला गया, जहां वे केवल एक रन ही बना पाए, जिसे सूर्यकुमार ने एक ही गेंद में हासिल कर लिया था। शुक्रवार को, श्रीलंका को जीतने के लिए आखरिी ओवर में 12 रन चाहिए थे, जबकि छह विकेट शेष थे और शतकवीर पथुम निसंका क्रीज पर मौजूद थे। लेकिन वह आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद दसुन शनाका ने मैच को आगे बढ़ाया और आखरिी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। लेकिन आखिरी गेंद पर वह सिर्फ दो ही रन बना पाए। और मैच सुपर



- **कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता, दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए**

ओवर में चला गया, जहां भारतीय टीम ने बाजी मार ली। जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं चाहता था कि हम मैच को सामान्य तरीके से ही जीत लें।

कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए। हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत के खलिाफ हम किसी मानसिक अवरोध के साथ खेलते हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत है। 200 (203) का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग उस स्कोर को हासिल कर लिया था, जो हमारी बल्लेबाजी की गुणवत्ता को दर्शाता है। श्रीलंका की क्लास या गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं है, और निसंका इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। 2021 में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने के बाद, वह अब एक जबरदस्त व्हाइट-बॉल खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले ही हफ्ते ग्रुप स्टेज के बाद निसंका ने जयसूर्या के प्रभाव और कोच द्वारा उन्हें एक अलग पहचान विकसित करने की स्वतंत्रता देने की खुलकर प्रशंसा की थी। शुक्रवार को उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया और 58 गेंदों पर 107 रन की शानदार पारी खेली। जयसूर्या ने निसंका और परेरा की पारी के बारे में कहा कि जब आप 202 (203) का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको लगातार बाउंड्री तलाशनी होती है। उनकी साझेदारी काफी महत्वपूर्ण थी। जब हमने विकेट खोना शुरू किया, तो मोमेंटम दूसरी ओर चला गया। चेज में ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी को जोखिम लेना पड़ता है। दुख की बात है कि पथुम गलत समय पर आउट हो गए, और बाद में गेंद ज्यादा टर्न होने लगी। फिर भी यह एक बहुत अच्छा मैच था।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारतीय धाविका दीप्ति फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शनिवार को प्रातकालीन सत्र नीदरलैंड दो स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर वहीं पोलैंड भी एक स्वर्ण और एक कांस्य सहित दो पदक दूसरे स्थान पर है।

भारतीय धाविका दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। चीन, कोलंबिया, जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चीनी पैरा एथलीट वेन शियाओयान ने महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में 5-32 मीटर की छलांग लगाई। चैंपियनशिप के पहले दिन के प्रात:कालीन सत्र में कुल सात पदक स्पर्धाएं हुईं। जापान के केन्या करासावा ने पिछले वर्ष के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्राजील के

- **दो स्वर्ण के साथ नीदरलैंड शीर्ष पर, दीप्ति ने 400 मी. स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई**

येल्तसिन जैक्स को हराकर इस स्पर्धा में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 5000 मीटर टी-11 दौड़ 15:23:38 के समय के साथ पूरी की। भारतीय दल के लिए सबसे खास बात महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में धाविका दीप्ति जीवनजी का पहुंचना रहा। उन्होंने दूसरी हीट में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह पहले दिन शाम के सत्र में फाइनल में प्रतिस्पर्धा करके भारत को इस उच्च-ऑक्टेन स्पर्धा का पहला पदक दिला सकती हैं। महिलाओं की 100 मीटर टी-71 स्पर्धा में, संयुक्त अरब अमीरात की थेकरा अलकाबी ने 19.89 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड बनाया।

# जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 से 0-5 से हारी

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में चल रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें, 52वें मिनट), सामी लव (38वें मिनट), मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) ने गोल किए। भारत, जिसे कल अपने पहले मैच में 2-3 से मामूली हार का सामना करना पड़ा था, वापसी करने के लिए बेताब था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से ही आक्रामक रुख दिखाया। मेजबान टीम ने मकायला जोन्स के जरिए लगातार दो गोल दागे। ये दोनों मैदानी गोल 10वें और 11वें मिनट में हुए, जिससे भारत मुकाबले की शुरुआत में ही पिछड़ गया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति ने फिर से संगठित होकर अपनी लाइन को मजबूत किया और हाफ टाइम से पहले ऑस्ट्रेलिया को और मौके नहीं दिए। गोलकीपर और डिफेंडरों ने मिलकर लगातार दबाव बनाए रखा, जबकि भारत ने भी कुछ आक्रामक हमले करके आगे बढ़ने का प्रयास किया, हालांकि वे सर्कल में अपने मौकों को भुना नहीं पाए। दूसरे हाफ में, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और मौकों का पूरा फायदा उठाया। सामी लव (38वें मिनट) ने मैदानी गोल करके बढ़त को और मजबूत किया और स्कोर 3-0 कर दिया। भारत ने तेज जवाबी हमले किए लेकन वे विफल रहे। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) के गोल के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिसके दो मिनट बाद मकायला जोन्स (52वें मिनट) ने अपनी हैट्रिक पूरी करके परिणाम को संदेह से परे कर दिया।

## काउंटी में राहुल चाहर का जलवा एक ही पारी में झटके सात विकेट

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन 1 से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। यूटिलिटा बाउल में सरे के लेग-स्पिनर चाहर की फरिकी ने हैम्पशायर को एक ऐसी स्थिति पर ला दिया है, जहां होने की उम्मीद वह कभी नहीं करेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चाहर ने स्पिन लेती पिच का पूरा फायदा उठाते हुए 45 रन देकर 7 विकेट लिए और हैम्पशायर की पारी को 61/0 से 148/9 पर पहुंचा दिया। यह चाहर की पहली काउंटी चैंपियनशिप है। दक्षिणी तट की यह टीम डिवीजन वन में बने रहने के लिए हार से बचना चाहती है, लेकिन 181 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह 148/9 तक ही पहुंच पाई है।

# मैदान के बाहर के विवादों से प्रभावित हुआ सूर्या का प्रदर्शन

- **इस साल 10 पारियों में भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ 99 रन बनाए**

**दुबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर आखिरी बार कवर्स में पंच मारकर भारत को सुपर ओवर में जीत दिलाई थी। लेकिन अंत में हुए इस नाटक के शुरू होने से बहुत पहले ही, ऐसा लग रहा था कि वह एक छोटे से खराब प्रदर्शन से प्रभावित होने लगे हैं।

भारत के पहले बल्लेबाजी करते समय, जब वह पगबाधा की अपील पर रिव्यू लेने का फैसला किया, तो शायद यह जानते हुए कि वह पगबाधा आउट हो चुके हैं, यह इस बात की पुष्टि करता है कि टी-20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक, एक साधारण बल्लेबाज था, जिसने पिछले तीन मैचों में 12, 5 और 0 के स्कोर बनाए थे। ये स्कोर के एक व्यापक समूह का हिस्सा हैं जो ज्यादा आक्रामक हैं। इस साल दस पारियों में, भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ सिर्फ



99 रन बनाए हैं। अगर आप थोड़ा और पीछे जाएं, जून 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत के ठीक बाद से लेकर अब तक, तो ये आंकड़े थोड़े ही बेहतर होते हैं: 19 पारियों में दो अर्द्धशतकों के साथ 329 रन। सूर्यकुमार के ऊंचे मानक उनके इस फॉर्म को खोखला कर देते हैं। और ऐसा किसी स्पष्ट कमजोरी या बड़ी खामियों की वजह से नहीं है, हालांकि उनकी पूर्व-योजना बनाने की आदत - जैसे कि वह पिक-अप फ्लिक जिसे वह ज्यादातर बेपरवाही से खेलते हैं - इस एशिया कप में ही कई बार उनके पतन का कारण बनी है। सूर्यकुमार के लिए, यह खराब प्रदर्शन ऐसे समय में आया है जब अलग-अलग कारणों से सुर्खियां उन पर बनी हुई हैं-उनके हाव-भाव, टिप्पणियां, प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुटकुले और सबसे बड़ी बात, हाथ मिलाने का मामला। इसके अलावा अनुशासनात्मक सुनवाई और बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल भी हुए हैं। इसके बावजूद भारत का अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंचना उन्हें राहत दे रहा है। सूर्यकुमार के मामले में विरोधाभास साफ दिखाई देता है क्योंकि उन्होंने मैच के दिनों की चकाचौंध से दूर, बल्लेबाजी को कितनी सहजता से किया है। एशिया कप के पहले हाफ में ट्रेनिंग के दौरान, उन्होंने किसी भी बल्लेबाज की तरह ही शानदार बल्लेबाजी की, जिससे यह साबित होता है कि वह एक खतरनाक ऑलराउंड बल्लेबाज क्यों हैं। हालांकि, मैच के दिनों में, उनकी बेरुखी और कभी-कभी, कुछ खास शॉट लगाने की बेताबी साफ दिखाई देती है। शुक्रवार को, सूर्यकुमार को एक बेजान मैदान में अपनी लय हासिल करने का मौका मिला।

# पाक पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत

## भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा: जले हुए एयरबेस जीत हैं, तो जश्न मनाएं

**वाशिंगटन।** भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा कि पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता। गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि 9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था।

10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले हुए हवाई अड्डे जीत हैं, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गिराए थे। गहलोत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय बातचीत से हल होंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के शांति के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका देश नफरत में डूबा है। भारत ने साफ किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाएगा। गहलोत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में मारे गए आतंकियों का जिक्र किया और कुख्यात आतंकवादियों को श्रद्धांजलि और सम्मान देने का भी आरोप लगाया। गहलोत ने आगे कहा कि एक तस्वीर हजार शब्द बयां करती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर और मुरीदके के आतंकी परिसरों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं। जब पाकिस्तानी सैन्य और अधिकारी खुलकर आतंकवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इससे शासन पर संदेह नहीं होगा? लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग आतंकियों के नमाज-ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था।

गहलोत ने जोर देकर कहा कि सच्चाई यह है कि पहले की ही तरह, पाकिस्तान भारत में बेगुनाहों पर आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार है। हमने अपने लोगों की रक्षा करने और जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया है, साथ ही अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान से तुरंत सभी आतंकवादी शिविरों को बंद करने और सभी आतंकवादियों को सौंपने की मांग की। गहलोत ने चेतावनी दी कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' के आगे झुके बिना आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों को जवाबदेह ठहराएगा। गहलोत ने बताया कि इस साल अप्रैल में पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आतंकी संगठन को बचाया था।



- पीएम शरीफ ने कहा था भारत से हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी, भारत के सात विमान गिराए थे

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों का एक्शन, 17 टीटीपी आतंकवादी ढेर, हथियार भी जब्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 17 आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारी शहबाज इलाही के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार को फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और पुलिस की संयुक्त खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करक जिले में मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। इलाके में टीटीपी और नजीर ग्रुप से जुड़े आतंकवादी मौजूद थे। ऐसे में जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के करीब पहुंचे, तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 17 आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।




हैदराबाद। भारी बारिश के बाद उफनती मुसी नदी पर बना पुल पानी में डूबा हुआ

### अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए ड्रोन तैनात करने की योजना लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए हजारों अत्याधुनिक ड्रोन तैनात करने की योजना अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इस पहल में चीन का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हज़ारों ड्रोन खरीदना और तैनात करना शामिल था। दो साल पहले शुरू किया गया रेप्लिकेटर कार्यक्रम फरवरी-अगस्त 2025 में लागू होना था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों को यह समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा कि इस कार्यक्रम की कुछ प्रणालियों का ज़मीनी स्तर पर कैसे उपयोग किया जाए।

# इजरायली हमलों में 38 लोगों की मौत

## युद्धविराम की मांगों को नेतन्याहू ने किया नजरअंदाज



**गाजा।** इजरायल द्वारा गाजा में बीती रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भले ही इजरायल पर युद्धविराम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमले जारी रखने पर अड़े हुए हैं। शनिवार तड़के मध्य और उत्तरी गाजा में हुए हमलों में कई लोग अपने घरों में मारे गए।

इनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। उनके शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए हैं। शनिवार सुबह गाजा सिटी के तुफाह इलाके में एक घर पर किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। शरणार्थी शिविर में हुए एक और हवाई हमले में चार और लोगों की मौत हुई। गाजा सिटी के अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र ढहने की कगार पर हैं। लगभग दो हफ्ते से जारी हमलों में दो क्लिनिक पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। दो अस्पताल क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गए और बाकी अस्पताल दवाओं, उपकरणों, भोजन और ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं। कई डॉक्टरों और नर्सों को अस्पताल छोड़ना पड़ा है। जिससे केवल कुछ ही लोग गंभीर मरीजों और बच्चों की देखभाल कर पा रहे हैं। शुक्रवार को 'डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' ने गाजा सिटी में अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं। संगठन ने बताया कि इजरायली टैंक उनके स्वास्थ्य केंद्रों से आधा मील दूर तक पहुंच गए हैं और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। उत्तरी गाजा में खाद्य संकट की स्थिति और बिगड़ गया है। इजरायल ने 12 सितम्बर से यहां राहत सामग्री की आपूर्ति रोक दी थी और संयुक्त राष्ट्र की बार-बार की गई अपीलों को भी खारिज कर दिया था।

# यूएन में नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट

**वाशिंगटन।** इजरायली पीएम नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में बायकाट किया गया। नेतन्याहू ने शुक्रवार को जैसे ही यूएन महासभा में स्पीच देना शुरू किया, 50 देशों के सौ डिप्लोमैट्स हाल से बाहर चले गए। वाकआउट करने वाले देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित वे देश शामिल थे जिन्होंने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता दी है। अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिनिधि कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की जगह जूनियर राजनयिक बैठे थे। हालांकि, नेतन्याहू ने भाषण जारी रखा। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले एक साल में हालात बदल गए हैं।

इजरायल ने अपने सभी दुश्मनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने यमन में हूती, गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद और सबसे अहम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को तबाह कर दिया। नेतन्याहू के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का वारंट जारी है, ऐसे में वे आज यूएन में बैठक में शामिल होने के लिए रास्ता बदलकर न्यूयार्क पहुंचे। नेतन्याहू 5 यूरोपीय देशों के एयरस्पेस से बचते हुए 600 किमी एक्स्ट्रा ट्रैवल करके अमेरिका पहुंचे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु प्रोग्राम सिर्फ इजरायल को खत्म करने के लिए नहीं है, बल्कि उसका मकसद अमेरिका को धमकाना और दुनियाभर के देशों पर दबाव बनाना भी है। नेतन्याहू ने कहा कि जब वे पिछली बार यूएन में खड़े हुए थे, तब ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहा था और उसके समर्थक हमास और हिजबुल्लाह, इजरायल को लगातार निशाना बना रहे थे। लेकिन अब इजरायल इन खतरों को मिटा चुका है। नेतन्याहू ने बताया कि ईरान के साथ-साथ अल कायदा, हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठन अमेरिकी और यूरोपीय लोगों की हत्या में शामिल थे। नेतन्याहू ने मिडिल ईस्ट की फोटो दिखाकर बताया कि इजरायल ने किन-किन दुश्मनों को खत्म कर दिया है।

नेतन्याहू ने भाषण के दौरान क्यूआर कोड वाला बैज पहना था। यह क्यूआर कोड 7 अक्टूबर, 2023 के हमास हमले से जुड़ी एक वेबसाइट से लिंक करता है। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध मिडिल ईस्ट में शांति लाएगा और इससे अब्राहम अकार्ड मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने कई पश्चिमी देशों की तरफ से फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया। उन्होंने इसे गलत बताते हुए कहा कि इससे हमास जैसे समूहों को बढ़ावा मिलेगा और यहूदी व अन्य लोगों पर हमले बढ़ेंगे। उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले की तुलना अमेरिका के 11 सितम्बर, 2001 के हमले से की।

### इजरायली पीएम बोले: सभी दुश्मनों को खत्म किया



- गिरफ्तारी से बचने को पांच देशों का एयरस्पेस छोड़कर नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे
- नेतन्याहू ने फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया

# नाइजीरिया में सोने की खदान धंसी, 100 की मौत

## एक स्थानीय निवासी ने बताया: अब तक 13 शव निकाले गए, जिसमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है



**मईडुगुरी।** नाइजीरिया के जाम्फारा राज्य में सोने की खदान धंसने से कम से कम 100 मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। घटना कदौरी खदान स्थल, मरू स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुई, जब दर्जनों खनिक भूमिगत होकर काम कर रहे थे।

स्थानीय निवासी सानुसी आउवाल ने बताया कि अब तक 13 शव निकाल लिए गए हैं, जिनमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है। बचने वाले मजदूर इस हादसे से गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बता दें कि जाम्फारा खनिक संघ के मुहम्मदू ईसा ने बताया कि बचावकर्मी भी दम घुटने से प्रभावित हुए। अवैध खनन इस क्षेत्र में आम है और अक्सर सशस्त्र गिरोह खानों पर नियंत्रण रखते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। पुलिस प्रवक्ता याजिद अबुबाकर ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले सप्ताह नाइजीरिया के एक संवेदनशील इलाके में हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 14 नाइजरियाई सैनिक मारे गए। यह जानकारी देश के रक्षा मंत्री ने एक बयान में दी। इस पश्चिमी अफ्रीका देश में बढ़ते बढ़ते चरमपंथी हमलों में यह ताजा हमला है। यह हमला बुधवार को तिल्लाबेरी क्षेत्र में हुआ, जो पहले से ही हिंसा और उग्रवाद के लिए कुख्यात है। सरकारी टेलीविजन आरटीएन पर शनिवार रात प्रसारित एक बयान में बताया गया कि यह हमला उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई को तिल्लाबेरी के बाहरी इलाके में तैनात किया गया था। उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ हथियारबंद लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर डकैती कर रहे हैं। रक्षा मंत्री सालिफू मोदी ने कहा, यह डकैती की कोशिश वास्तव में एक जाल था, जिससे सैनिकों को घात में फंसाया गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले के पीछे किस समूह का हाथ है। नाइजीरिया में कई उग्रवादी समूह सक्रिय हैं, जो आम नागरिकों और सेना दोनों को निशाना बनाते हैं। इनमें इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 42 लाख लोग प्रभावित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बाढ़ से 42 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने अपने आकलन में यह जानकारी दी। आकलन रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय सरकार के साथ आठ से 18 सितम्बर तक संयुक्त रूप से किए गए इस सर्वेक्षण में 18 बाढ़ प्रभावित ज़िलों के लगभग 2,000 गांव शामिल थे।लगभग 28 लाख लोग विस्थापित एवं लगभग 161700 घर क्षतिग्रस्त हुए और स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 26 जून से 19 सितम्बर के बीच देश भर में लगभग 30 लाख लोगों को बचाया गया।

### बांग्लादेशी प्रवासी बोले: यूनुस पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान वापस जाओ

- बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बना रहे, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का आरोप लगाया

**वाशिंगटन।** बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए 'यूनुस इज पाकिस्तानी' और 'गो बैक टु पाकिस्तान' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को 'तालिबान जैसा देश' बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने एएनआई से कहा कि हम हिंदू, बौद्ध, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ हैं। हम हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें यूनुस ने गैरकानूनी ढंग से जेल में कैद कर रखा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेख हसीना की सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया गया। उनकी सरकार लोकतांत्रिक थी। यूनुस ने सत्ता हड़प ली और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। प्रदर्शनकारी बोले: यूनुस के सत्ता में से कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।

# यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या

- सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी हमलावरों की तलाश जारी

**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और सामुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिकारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। किसी भी समूह ने घटना की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। निवासियों ने बताया कि हत्या के बाद, अकरबी के प्रति वफादार दर्जनों सशस्त्र कबायली लोग अदन के विभिन्न हिस्सों में तैनात हो गए, उन्होंने चौकियां स्थापित कर दीं और शहर में तनाव बढ़ गया।

### यूक्रेन आतंकियों को कामिकेज ड्रोन का आपूर्तिकर्ता बना: माली

**कीव।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि यूक्रेन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज ड्रोन का मुख्य आपूर्तिकर्ता बन चुका है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि यूक्रेनी शासन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज़ ड्रोन की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में से एक बन गया है। इसके मद्देनजर पश्चिमी देशों को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद कर देनी चाहिए क्योंकि इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के प्रसार का खतरा है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि यूक्रेन ने जुलाई 2024 में तिनजाउटेन में माली के सुरक्षा बलों पर हुए हमले में अपनी संलिप्तता की बात खुले तौर पर स्वीकार की थी।

# UNSC ईरान परमाणु समझौते को बढ़ाने में विफल

- यह प्रस्ताव ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को 2015 के ईरान परमाणु समझौते (जेसीपीओए) को छह महीने तक बढ़ाने वाला प्रस्ताव पारित करने में असफल रही जिससे ईरान को कूटनीति के लिए कुछ समय मिल जाता।

यदि यह मसौदा प्रस्ताव पारित हो जाता है तो यह ईरान और छह शक्तिशाली देशों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते को छह महीने के लिए और बढ़ा देता। साथ ही इसे समर्थन देने वाली सुरक्षा परिषद के संकल्प 2231 को भी विस्तार दे देता। यह ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता। चीन और रूस द्वारा प्रस्तुत मसौदा प्रस्ताव को चार वोट पक्ष में (अल्जीरिया, चीन, पाकिस्तान, रूस), नौ वोट विरोध में और दो तटस्थ मत (गुयाना, दक्षिण कोरिया) प्राप्त हुए। इसे पारित होने के लिए नौ सकारात्मक वोटों की आवश्यकता थी। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने 28 अगस्त को ईरान के 'महत्वपूर्ण गैर-प्रदर्शन' का हवाला देकर स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय करने का दावा किया था। हालांकि, ई3 की कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठे हैं, क्योंकि उन्होंने विवाद समाधान तंत्र (डीआरएम) का पालन नहीं किया, जो जेसीपीओए और संकल्प 2231 के तहत विवाद सुलझाने के लिए 35 दिन का समय देता है। यह परिणाम 19 सितम्बर को दक्षिण कोरिया द्वारा प्रस्तुत एक समान प्रस्ताव की विफलता के अनुरूप है, जो प्रतिबंधों में राहत को जारी रखता। संकल्प 2231, जो जेसीपीओए को समर्थन देता है, 18 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध के लिए अप्रासंगिक हो जाएंगे। चीन के उप स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने मतदान के परिणाम पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि संवाद और कूटनीति ही ईरान परमाणु मुद्दे का एकमात्र समाधान है। उन्होंने सभी पक्षों से शांति और संयम बरतने का आग्रह किया। रूस के प्रथम उप स्थाई प्रतिनिधि दिमित्री पोल्यांस्की ने कहा कि स्नैपबैक तंत्र लागू नहीं हुआ है और न ही होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 2015 से पहले के प्रतिबंधों को फिर से शुरू करने की कोई कोशिश शून्य और अमान्य होगी। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने स्नैपबैक को अस्वीकार करते हुए कहा कि ई3 ने जेसीपीओए और संकल्प 2231 का उल्लंघन किया है, जिसके कारण वे 'गैर-प्रदर्शन' का दावा करने का अधिकार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर, 2025 के बाद प्रतिबंधों का कोई भी विस्तार मान्य नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डेटा केंद्र में आग लगने के बाद रोकी ऑनलाइन सेवाएं

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सरकार ने राष्ट्रीय डेटा केंद्र में आग लगने के बाद ऑनलाइन सेवा पर रोक लगा दी है। योनहप समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य शहर डेजॉन स्थित राष्ट्रीय सूचना संसाधन सेवा में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 08:20 बजे (11:20 जीएमटी) आग लग गई। आग इमारत की पांचवीं मंजिल पर स्थित कंप्यूटर कक्ष में लिथियम-आयन बैटरी में विस्फोट के कारण लगी थी। आग लगने के कारण 647 सरकारी ऑनलाइन सेवाओं और प्रणालियों का संचालन स्थगित कर दी गई।

### दक्षिण कोरिया में हुए गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में शनिवार को हुई गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:17 बजे (0117 जीएमटी) ग्योंगगी प्रांत के यांगजू में एक सूखे वाष्पकक्ष में हुआ। घायलों में ग्राहक और कर्मचारी दोनों शामिल हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। विस्फोट के कारण आग तो नहीं लगी लेकिन दर्जनों ग्राहकों को बाहर निकलना पड़ा। अग्निशमन अधिकारियों ने बचाव कार्य के लिए 42 कर्मियों और 17 उपकरणों को भेजा। अधिकारी दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच कर रहे हैं।


### उत्तर-पश्चिमी चीन के गांसु में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**लान्चो।** चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन के गांसु प्रांत के डिंग्शी शहर के लोंगक्सी काउंटी में आज सुबह 5:49 बजे 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 34.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 104.58 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप का झटका डिंग्शी शहर के लोंग्शी काउंटी, झांग्शियन काउंटी, वेइयुआन काउंटी और लिटाओ काउंटी तथा तियानशुई शहर के वुशान काउंटी में महसूस किया गया। स्थानीय सरकार के अनुसार, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### फ्रांस साहेल में आतंकियों का समर्थन जारी रखे हुए: माइगा

**पेरिस/बामाको।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से मदद मांगने की उनकी कोशिशों के बावजूद फ्रांस साहेल क्षेत्र में आतंकवादियों का समर्थन जारी रखे हुए है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान, माली ने 15 अगस्त, 2022 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से परिषद की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया।

# अरशद की भागवत जल्द होगी रिलीज



सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है।

**मुंबई।** फिल्म भागवत में अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार काम करते नजर आएंगे। जी 5 ने अपनी आने वाली ऑरिजिनल फिल्म, भागवत की घोषणा की। फिल्म भागवत को बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स के सहयोग से जियो स्टूडियोज़ ने प्रोड्यूस किया है। सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक महिला के गुमशुदा होने के मामूली से दिखने वाले मामले में उलझ जाता है।

लेकिन मामले की तहकीक.ात जल्द ही घ्रेब, छिपे हुए राज़ और संदिग्ध तस्करी के काले साए वाले भयावह जाल में फंस जाती है। इस उथल-पुथल के बीच, मीरा और प्रोफेसर समीर जितेंद्र कुमार का किरदार के बीच प्यार का बेहद नाजुक रिश्ता विकसित होने लगता है। दोनों के बीच की बढ़ती नजदीकियां इस कहानी में सोच से परे रोमांस और जज़्बातों का रंग घोलती है, जो इस कहानी में लगातार बढ़ रहे तनाव भरे माहौल से एकदम जुदा है।

अक्षय शेरे के निर्देशन में बनी फिल्म, भागवत में दो दमदार कलाकारों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जो यकीनन दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने वाला है। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज के भयावह माहौल पर आधारित, यह फिल्म अनसुलझे रहस्यों, जज्बातों और ड्रामा का शानदार मेल है, जो दर्शकों को स्ट्रीमिंग का यादगार अनुभव प्रदान करने वाला है। फिल्म भागवत की स्ट्रीमिंग जल्द ही जी 5 पर होगी।



# फराह ने दीपिका की कथित शिफ्ट डिमांड का मजाक उड़ाया



**मुंबई।** फराह खान अपने लेटेस्ट व्लाग के लिए कुक दिलीप के साथ एक्टर रोहित सराफ के घर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में दीपिका पादुक.ोण की कथित आठ घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर मजाक उड़ाया। व्लाग में जब दिलीप ने पूछा कि दीपिका कब उनके शो में आएंगी, तो फराह ने मजाक में कहा, जिस दिन तू गांव चला जाएगा, उस दिन शो में आएंगी। उन्होंने आगे कहा, दीपिका अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, इसलिए उनके पास शो में आने का समय नहीं है। दिलीप ने तुरंत जवाब दिया, अब से मैं भी शो के लिए दिन में आठ घंटे शूट करूंगा। फराह ने कहा, तुम अभी केवल दो घंटे शूट करते हो, अब से तुम भी आठ घंटे शूट करोगे। रोहित सराफ जल्द फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगे। बता दें कि एक्ट्रेस दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं। कथित तौर से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्राफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलाग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितम्बर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित तौर से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था। हाल ही में फराह खान ने उस वायरल वीडियो को लेकर रिएक्ट किया था, जिसमें सोशल मीडिया पर उन्हें और करण जौहर को आयुष शर्मा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक्टर आयुष शर्मा, सलमान खान की बहन अर्पिता के पति हैं। इसमें दिख रहा था कि फराह और करण आयुष के पास से गुजर रहे थे। कुछ यूजर्स का कहना था कि फराह ने आयुष को नजरअंदाज किया। जिस पर फराह खान ने कहा, ष्कृपया बकवास लिखना बंद करें। मैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती, खासकर आयुष को नहीं। मैंने उनके और अर्पिता के साथ व्लाग शूट किया है। बस जल्दी में उन्हें नहीं देखा। इसे खराब दिखाने के लिए इसे द्धवीडियोत्र स्लो मोशन में बनाया गया।

# बिग बॉस के घर में मना तान्या का जन्मदिन

**मुंबई।** टीवी शो शबिग बासश के इस हफ्ते के वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान खान तान्या को सरप्राइज देते हुए नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, ओह! ओह! ओह! बॉस का जन्मदिन है। तान्या, बिग बास की टीम ने आपके लिए कुछ भेजा है। अभिषेक बजाज और शाहबाज तान्या के लिए एक तोहफा लेकर आते हैं। अभिषेक कहते हैं कि यह दुबई का बकलवा है। तान्या कहती हैं, मुझे उम्मीद है कि यह दुबई से होगा। सलमान कहते हैं, हां, यह दुबई से है, डांडा से थोड़ा पहले। जिस पर सभी घरवाले हंसने लगते हैं। वहीं, नेहल ने तान्या, जीशान और बशीर पर निशाना साधा। नेहल ने तान्या को लेकर कहा कि तान्या ने एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 100 मुखौटे पहन रखे हैं। वहीं, जीशान कादरी के बारे में कहा कि वह अपने ग्रुप के लोगों पर बहुत नेगेटिव कमेंट करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बशीर के बारे में कहा कि उनकी इमोशनल मैच्योरिटी जीरो है। शो में एक्ट्रेस गौहर खान आएंगी।

# महेश भट्ट ने फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अरहान को किया लॉन्च



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास ने अरहान पटेल को फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के सीहोर की खेतों से लेकर बॉलीवुड की चमचमाती दुनिया तक, अरहान पटेल का सफर सपनों की ताकत का असली सबूत है। किसान पिता के बेटे अरहान ने संघर्ष और धैर्य के वर्षों बाद महेश भट्ट की फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अब बड़े पर्दे पर बतौर लीडिंग मैन डेब्यू किया है। अरहान ने कहा, सुहृता मैम की हमारी अधूरी कहानी एक बेहद काव्यात्मक और आत्मा को छू लेने वाली फिल्म है। उसी फिल्म के बाद उन्होंने मुझमें वह क्षमता और चिंगारी देखी, जिसकी वजह से मुझे यह ब्रेक मिला। उन्होंने ही सोचा कि मैं रोहन के किरदार में फिट बैठ सकता हूं। वे एक कमाल की स्टोरीटेलर हैं और मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी पहली फिल्म में उनके मार्गदर्शन और महेश भट्ट जैसे निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला। अरहान के करियर के इस बड़े मौके को गढ़ने में महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास की अहम भूमिका रही है। भट्ट कैंप का नया टैलेंट खोजने का लंबा इतिहास रहा है। सीहोर के छोटे-से कस्बे से निकलकर बॉलीवुड का हीरो बनने का अरहान पटेल का सफर, देशभर के सपने देखने वालों के लिए एक प्रेरणा है: मेहनत, जज्बे और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। फिल्म तू मेरी पूरी कहानी 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।

# एमी अवाड्र्स नॉमिनेशन पर गर्व है: इम्तियाज



**मुंबई।** हाल ही में फिल्ममेकर इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला को इंटरनेशनल एमी अवार्ड के दो कैटेगरी को लिए नामिनेशन मिला है। दिवंगत पंजाबी संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को बेस्ट मिनी-सीरीज और फिल्म के लीड हीरो दिलजीत दोसांझ को बेस्ट एक्टर कैटेगरी में नामिनेट किया गया है। इस पर अब इम्तियाज ने अपना रिएक्शन दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए अली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर आई इस फिल्म को क्रिटिक्स की प्रशंसा मिली और उसने भारत को अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खड़ा कर दिया है। इम्तियाज ने कहा- हम अभी डिनर से वापस आए ही थे कि हमें यह खबर मिली। यह एक आशीर्वाद की तरह है, जो चमकीला की कहानी के माध्यम से हमारे पास आई है। मुझे बहुत खुशी है कि इस फिल्म को आवाज मिल रही है और इसे देखा जा रहा है। हमें बहुत गर्व है कि हम भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं।

# सोनी टीवी पर वापसी कर रहा इंडियन आइडल

**मुंबई।** भारत का सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल एक बार फिर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर नए सीज़न के साथ आ रहा है।

इस बार शो यादों और संगीत की खास धुन अपने दिल को छू लेने वाले थीम यादों की प्लेलिस्ट: जहां आवाज़ें आज वाली और गाने आप वाले के साथ लाया है। आज के टैलेंट को पुराने गानों के साथ मिलाने का वादा करते हुए, यह सीज़न इंडियन म्यूजिक के पुराने गानों का एक संगीतपूर्ण जश्न होने वाला है। इस तरह से यह सीज़न इमोशंस, यादों और शानदार टैलेंट्स का एक जबरदस्त सफर होने वाला है।

# गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी सिंह



**मुंबई।** सोनी सब के शो उफ्फ यह लव है मुश्किल में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के उफ्फ यह लव है मुश्किल में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोज़मर्रा की जिंदगी की मास.ूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे। लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया।

